ISBN 978-81-928330-7-1

आयुर्वेद परिभाषा कोश

Definitional Dictionary of **Ayurveda**

संस्कृत-अंग्रेजी-हिंदी

Sanskrit-English-Hindi

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) भारत सरकार

Commission for Scientific and Technical Terminology

Ministry of Human Resource Development (Department of Higher Education)

Government of India

आयुर्वेद परिभाषा कोश

Definitional Dictionary of Ayurveda

(संस्कृत-अंग्रेजी-हिंदी)

(Sanskrit-English-Hindi)

कंप्यूटरीकृत डाटाबेस

Computerised Database

सत्यमेव जयते

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(उच्चतर शिक्षा विभाग)
भारत सरकार

Commission for Scientific and Technical Terminology
Ministry of Human Resource Development
(Department of Higher Education)
Government of India

© भारत सरकार, 2016

© Government of India 2016

संस्करण 2016

मूल्य: देश में : ₹ 1345.00
विदेश में: $ 20.02, £ 13.61

प्राप्ति स्थल

1. बिक्री एकक
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
पश्चिमी खंड-7, रामकृष्णपुरम्
नई दिल्ली - 110066
फोन न: 26105211 एक्स 246

2. प्रकाशन नियंत्रक, भारत सरकार
सिविल लाइन्स, दिल्ली - 110054

प्रकाशक
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
पश्चिमी खंड-7, रामकृष्णपुरम्
नई दिल्ली - 110066

विषय सूची

		पृष्ठ संख्या
1.	प्रस्तावना	v
2.	Preface	vii
3.	संपादकीय	ix
4.	Editorial	xi
5.	संपादन एवं समन्वय	xiii
6.	आयुर्वेद परिभाषा कोश से संबंधित विशेषज्ञ	xiv
7.	वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा अनुमोदित शब्दावली निर्माण के सिद्धांत	xv
7.	Principles for evolution of terminology approved by C.S.T.T.	xvi
8.	आयुर्वेद परिभाषा कोश	1-375
9.	परिशिष्ट (appendix)	376-423
10.	Key to transliteration	424
11.	सेक्षेपाक्षर सूची (abbreviations)	425

प्रस्तावना

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना भारत के संविधान के अनुच्छेद 344 के खंड (4) के उपबंधों के अधीन गठित की गई समिति की सिफारिश के अनुसार भारत सरकार (शिक्षा मंत्रालय)के एक संकल्प के माध्यम से राष्ट्रपति के 1960 के आदेश के द्वारा 1 अक्टूबर 1961 को की गई। हिंदी में ज्ञान-विज्ञान के प्रसार के अतिरिक्त आयोग का मुख्य कार्य हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक एंव तकनीकी शब्दों का निर्माण करना और उनकी परिभाषा देना तथा कोशों/विश्व कोशों का प्रकाशन करना है।

उपर्युक्त संकल्प के अनुसार आयोग ने मानविकी तथा विज्ञान के विभिन्न विषयों, विषय-शाखाओं, उप-शाखाओं की अद्यतन तकनीकी शब्दावली के लिए मानक हिंदी पर्याय प्रस्तुत किए हैं। आयोग ने विभिन्न विषयों के अनेक शब्द-संग्रह/परिभाषा कोश प्रकाशित किए हैं जिनमें कई लाख शब्दों का समावेश है। चूंकि शब्दावली का निर्माण एक सतत प्रक्रिया है, अत: आज भी आयोग में शब्दावली के निर्माण, समन्वय, परिशोधन/परिवर्धन/ एंव प्रकाशन का कार्य निरंतर चल रहा है।

ऐसा नहीं है कि शब्दावली निर्माण की पहल हाल के समय की ही है। वस्तुत: तकनीकी शब्दावली निर्माण की परिपाटी का गौरवशाली इतिहास है।वैसे तो आयोग में आयुर्विज्ञान शब्दावली के निर्माण का इतिहास काफी पुराना है, लेकिन आयुर्विज्ञान के क्षेत्र में आयोग की सर्वाधिक श्रेष्ठ कृति ''बृहत् पारिभाषिक शब्दसंग्रह : आयुर्विज्ञान, भेषज विज्ञान, शारीरिक नृ-विज्ञान 1991 में प्रकाशित हुई जो सर्वथा संशोधित-मार्जित-समन्वित थी। इस शब्दकोश में लगभग 36 हजार शब्द हैं। अपनी उपादेयता और गुणवत्ता के आधार पर उपर्युक्त शब्द-संग्रह अत्यंत लोकप्रिय सिद्ध हुआ और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ। परिणामत: इस शब्द-संग्रह की सभी प्रतियां लगभग समाप्त हो गई हैं। इस शब्द-संग्रह की उत्तरोत्तर बढ़ती हुई मांग को देखते हुए 2015 में इसका संशोधित एवं परिवर्धित संस्करण प्रकाशित किया गया है। इसके अतिरिक्त आयोग द्वारा आयुर्विज्ञान शब्दावली (मूलभूत) और आयुर्विज्ञान के सामान्य शब्दों एंव वाक्यांशों (अंग्रेजी-तमिल-हिंदी) ''अगदतंत्र एवं न्यायवैद्यक शब्द.संग्रह'' का भी प्रकाशन किया गया है। आयुर्वेद विषय में भी संस्कृत में उपलब्ध शब्दों के अंग्रेजी पर्याय प्रस्तुत करने के लिए (संस्कृत-अंग्रेजी- हिंदी) शब्दावलियों का अभाव अनुभव किया गया तथा इस रिक्ति की पूर्ति करने की दिशा में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा आयुर्वेद शब्दावली निर्माण का कार्य किया गया है।

प्रस्तुत ''आयुर्वेद संस्कृत-अंग्रेजी-हिंदी परिभाषा कोश'' का निर्माण एवं प्रकाशन आयोग द्वारा किया गया प्रथम प्रयास है। यह अपने किस्म का पहला परिभाषा कोश है जो संस्कृत, अंग्रेजी एवं हिंदी जानने वाले चिकित्सकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। चूंकि आयुर्वेद में औषधियों, रोगों, जड़ी-बूटियों के नाम प्राय: संस्कृत में ही होते हैं अत: शब्दों के पर्यायों का निर्माण भी संस्कृत धातुओं के आधार पर ही किया जाता है और किसी भी चिकित्सक के लिए उनका ज्ञान होना परमावश्यक है। अंग्रेजी माध्यम से आयुर्वेद का शिक्षा प्रदान /ग्रहण करने वाले छात्रों के लिए तो यह कोश अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। अंग्रेजी जानने वाले चिकित्सक के लिए रोगों के नाम लक्षण और निदान तथा आयुर्वेदिक औषधियों के संस्कृत नाम से परिचित होना परम आवश्यक है। आयुर्वेदिक चिकित्सा शिक्षा में संस्कृत का प्राधान्य होता है। आजकल आयुर्वेदिक शिक्षा का प्रचार-प्रसार भी तेजी से तथा व्यापकरूप से हो रहा है। चूँकि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति देश की मूलभूत चिकित्सा पद्धति है इसलिए यह देश में काफी लोकप्रिय भी है। भारत सरकार ने भी केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत देश में अनेक औषधालय खोल रखे हैं और सरकारी कर्मचारी उनका लाभ उठा रहे हैं। अत: यह परिभाषा कोश न केवल आयुर्वेदिक चिकित्सकों बल्कि सामान्य पाठकों, आयुर्वेदिक अध्यापकों, छात्रों, औषधियोजकों एवं चिकित्सा कर्मियों के लिए अत्यंत उपयोगी होगा।

चूंकि आयोग द्वारा प्रकाशित अपने किस्म का यह पहला परिभाषा कोश है अत: मुझे पूर्ण विश्वास है कि महत्व एवं उपयोगिता की दृष्टि से इस परिभाषा कोश का चिकित्सा-जगत में सर्वत्र स्वागत होगा और नई पीढ़ी के लोग परंपरागत स्वदेशी चिकित्सा की ओर आकर्षित होंगे तथा वे**''सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वेसन्तुनिरामया:''** (Sarve bhavantu Sukhinah sarve santu niramayah (May all be happy; may all be healthy)की लोक कल्याण भावना से ओत-प्रोत होंगे।

मैं उन सभी विद्वानों, चिकित्सकों, डाक्टरों, विषय-विशेषज्ञों और भाषाविदों के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने प्रस्तुत परिभाषा कोश के निर्माण में अपना बहुमूल्य समय और विशेषज्ञता प्रदान की है। मैं डा. बी.एस. बेहेरा, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (आयुर्विज्ञान)का विशेष रूप से साधुवाद देता हू जिनकी गहरी लगन, विषय-विशेषता और अटूट परिश्रम के कारण प्रस्तुत परिभाषा कोश के निर्माण का कार्य समयबद्ध कार्यक्रम के अनुसार दक्षतापूर्वक संपन्न हो सका।

नन्दकिशोर पाण्डेय

(प्रो. नन्द किशोर पाण्डेय)

अध्यक्ष

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

2016

नई दिल्ली

Preface

The Commission for Scientific and Technical Terminology was set up in 1961 by the Presidential Order to revise the work done so far in the field of Scientific and Technical terminology in the light of the principles laid down in the Presidential Order of 1960, to formulate the principles relating to evolution and co-ordination of Scientific and Technical terminology in Hindi and other Indian languages, to coordinate the work done by different agencies in the states in the field of Scientific and Technical terminology, with the consent or at the instance of the state Government concerned and approval of glossaries for use in Hindi and other Indian languages as may be submitted to it by the concerned agencies; and also to take up preparation of standard scientific textbooks using the terminology evolved or approved by it.

As per the mandate, the Commission for Scientific and Technical Terminology has prepared and published several glossaries in almost all the fields of knowledge, Comprehensive Glossary of Technical Terms of Humanities and Social Sciences Vol. I and II, Comprehensive Glossary of Technical Terms of Sciences (Vol. I and II). The Terminological activities are a part of the language modernization programmes including the development of the mechanism of lexicographical processing.

In the field of Medical Sciences, the Commission has undertaken the following programmes (a) the preparation of Definitional Dictionary (b) The up-gradation of the glossary of Medical Sciences and publication of enlarged Edition of the same (c) The preparation of the fundamental glossaries and (d) The preparation of the Technical Terms and Phrases in the different languages of the country. The Commission has already published English-Tamil-Hindi Terminology. The Definitional Dictionary of Medical Sciences (Surgery) has been published. Very recently the Commission published an important and valuable Dictionary 'Toxicology and Medical Jurisprudence (English-Hindi)". The glossary has been commended far and wide. Clinical Diagnostics and Pathology Glossary and Definitional Dictionary of Ayurveda and Glossry of Ayurveda has been published. This glossary includes the maximum available technical terms in Ayurveda related with signs and symptoms of diseases.

The present Definitional Dictionary of Ayurveda is the collection of terms from Charaka samhita, Sushruta samhita, Ashtanga Sangraha, Ashtanga Hridaya and Madhavanidanam. The emphasis has been on giving the immediate meaning in English, Hindi and Sanskrit with classical reference and description .Many people from India and abroad are studying and practicing Ayurveda without adequate knowledge of Sanskrit. This work of Definitional Dictionary of Ayurveda will prove to be of great help to all of them. The maximum number of basic expressions and terms regarding the symptoms and various diseases have been included in this Definitional Dictionary. These terms are related to the indications connected with Ayurvedic diagnosis and therapy. The terms of Sanskrit have been transliterated and their descriptions have been given in English and Hindi with classical reference. This enhances the usefulness of the Dictionary and leads to further studies and research work. This dictionary is focussed on symptoms and psychosomatic indications and their meanings.

The users of this dictionary and the learned Ayurvedic scholars of their respective fields are requested to give their suggestions so that the glossary may be amended and improved so that the next edition becomes more useful.

I take this opportunity to express my deep gratitude to all those eminent scholars, subject-experts and linguists who enthusiastically lent their time and expertise to produce this glossary. Words of commendation are also due to Dr. B.S. Behera, Senior Scientific Officer(Medicine) who with his devotion to duty, subject-specialization and hard labour, made production of this glossary possible in time.

Since this is a first-of-its-kind glossary ever produced by the Commission, I am fully confident that as far as the usefulness of the Definitional Dictionary is concerned, this will be widely and warmly received in the medical fraternity. In addition, posterity will be attracted towards the traditional and domestic medication and get imbibed with the following feeling of public welfare:

" सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वेसन्तुनिरामयाः"

(Sarve bhavantu Sukhinah sarve santu niramayah (May all be happy; may all be healthy)

I express my thanks to the subject experts and the linguists who had been associated with the preparation of this glossary for their active co-operation and support. I also express my thanks in advance to all for their hard work and complete devotion for publication, sale and distribution of this glossary.

नन्द किशोर पाण्डेय

(Prof. Nand Kishore Pandey)
Chairman
Commission for Scientific and Technical Terminology

New Delhi-2016

संपादकीय

भारतीय कोश साहित्य के इतिहास का उद्भव वैदिक युग के आरंभिक काल में दृष्टिगत होता है जब मार्ग दर्शन के उद्देश्य से निघण्टु (शब्द कोशों) की रचना की जाती थी। इस समय इस प्रकार का केवल एक निघण्टु उपलब्ध है जिसके साथ यास्क- लिखित निरुक्त और व्युत्पत्ति भी सम्मिलित है। बाद के कोशग्रन्थों का निघण्टु साहित्य से किसी प्रकार का सम्बन्ध नहीं है और उनके बीच एक लम्बा अन्तराल है। दोनों प्रकार के कोश ग्रंथों की निरन्तरता व्याकरण के कतिपय धातुपाठों, गणपाठों इत्यादि संग्रहों में पाई जाती है; हाँ, कहीं-कहीं टीका ग्रन्थों में कात्यायन, वाचस्पति, व्याडि इत्यादि कतिपय प्राचीन लेखकों के विवरण और उद्धरण अवश्य मिल जाते हैं।

बाद के कोश ग्रन्थ प्राय: कवियों द्वारा साहित्यिक कृतियों के रचनाकारों-मुख्यत: कवियों के लिये लिखे गये थे। यही कारण है कि इस प्रकार के कोश-ग्रन्थ अधिकांशत: पद्य में ही है। इनमें अधिकतर 'श्लोक' का प्रयोग किया गया है और कभी-कभी 'आर्या' छन्द का प्रयोग भी उपलब्ध है। बाद के युग के ये कोश-ग्रन्थ शैली, क्षेत्र, उद्देश्य और शब्द-संग्रह का क्रम इत्यादि कई दृष्टियों से एक दूसरे से भिन्न हैं। इस प्रकार उनका वर्गीकरण अनेक प्रकार से किया जा सकता है। कुछ तो पर्यायमूलक हैं जिनमें एक ही पद्य में सभी पर्यायवाची शब्द संकलित कर दिये जाते हैं। कुछ भिन्नार्थी शब्दमूलक हैं जिनमे एक ही शब्द के सभी अर्थ इस प्रकार संकलित कर दिये जाते हैं कि शब्द को प्रथम विभक्ति में रखा जाता है और अर्थ के लिये सप्तमी विभक्ति का प्रयोग किया जाता है। इन दोनों प्रकारों को नामानुशासन की संज्ञा दी जाती है जिसका अर्थ है शब्दों की शिक्षा। कभी- कभी एक विधा दूसरी का अतिक्रमण कर जाती है। संयोजन की दृष्टि से ये कोश ग्रन्थ कई प्रकारों में विभाजित किये जा सकते हैं। किसी विधा में क्रम-व्यवस्था प्रथम अक्षर के अनुसार की जाती है; दूसरों में उनका व्यवस्थापन अन्तिम अक्षर के अनुसार किया जाता है; किन्हीं और कोश ग्रंथों में दोनों प्रकारों को एक साथ अपनाया जाता है। कतिपय कोश ग्रन्थ केवल शब्द और अर्थ तक सीमित नहीं होते; अपितु उनमें लिङ्ग निर्देश भी किया जाता है। कुछ कोशों में शब्द और उनके लिङ्ग साथ-साथ दिये जाते हैं जबकि दूसरों में लिङ्ग निर्देश के लिये एक पृथक् परिशिष्ट जोड़ दिया जाता है। अनेक बार शब्दों की क्रम योजना लिङ्ग के अनुसार पृथक्-पृथक् की जाती है। कुछ कोशों में क्रमयोजना अक्षरों की संख्या के अनुसार की जाती है।

कोशकारों के उज्ज्वल तारामण्डल में 5 वीं शताब्दी के अमरसिंह सर्वाधिक देदीप्यमान नक्षत्र हैं। ये विद्वानों और छात्रों में समान रूप में सर्वाधिक प्रतिष्ठित रहे हैं। उनके अमरकोश पर उच्चकोटि की लगभग 50 विशिष्ट टीकायें उपलब्ध हैं। कतिपय अन्य उत्कृष्ट कोशग्रन्थ निम्नलिखित हैं:-

1. पुरुषोत्तमदेव का त्रिकाण्डशेष
2. पुरुषोत्तमदेव की हारावली
3. शाश्वत का अनेकार्थसमुच्चय
4. हलायुध की अभिधानरत्नमाला
5. यादव प्रकाश की वैजयन्ती
6. धनंजय की नाममाला
7. मंख का अनेकार्थ कोश
8. हेमचन्द्र जैनाचार्य के कतिपय शब्द कोश जिनमें अभिधान चिन्तामणि माला (संक्षेप में इसे अभिधान चिन्तामणि कहा जाता है), निघण्टु शेष, अनेकार्थ संग्रह शामिल है

2—4 Min. of HRD/2016

ऊपर जिन कोशों का उल्लेख किया गया है उनके अतिरिक्त ऐसे कोशों की एक बहुत लम्बी सूची है जो हाल में प्रकाश में आये हैं। ये कोशग्रन्थ भी अनेक प्रकार के हैं: छोटे-बड़े, सामान्य विषयों पर, विशिष्ट विषयों पर (जैसे बौद्ध साहित्य विषयक, नृत्य और संगीत विषयक इत्यादि।) 19 वीं शताब्दी में कुछ ऐसे अत्यंत महत्वपूर्ण कोशों का निर्माण हुआ है जिनमें वर्णानुक्रम से शब्दसंग्रह करने की यूरोपीय पद्धति अपनाई गई है। इनमें विश्वकोश की श्रेणी के दो वृहदाकार कोश सम्मिलित हैं- राधाकान्तदेव का शब्दकल्पद्रुम और तारानाथ तर्कवाचस्पति का वाचस्पत्यम्।

कतिपय कोश ग्रन्थ छात्रों के उपयोग के मन्तव्य से भी लिखे गये। वे या तो इतने विशाल हैं कि सुविधाजनक रूप में उनका उपयोग नहीं किया जा सकता, या इतने छोटे हैं कि वे छात्रों की आवश्यकता पूरी नहीं करते। उदाहरण के लिये इस क्षेत्र का सर्वाधिक प्रतिष्ठित कोश आप्टे का है। यह कोश अत्यन्त विस्तृत है और स्वयं को सामान्य छात्र की आवश्यकता तक सीमित रखने की अपेक्षा उसे परिपूर्णता तक पहुँचाने का लक्ष्य बनाकर लिखा गया अधिक प्रतीत होता है। अतएव ऐसे कोश की आवश्यकता अब भी बनी हुई है जो केवल प्रसिद्ध अर्थों के साथ-साथ परिनिष्ठित पारिभाषिक शब्द तक ही सीमित हो।

इसी उद्देश्य को लेकर यह आयुर्वेद परिभाषा कोश प्रस्तुत किया गया है। इसमें आयुर्वेद के नित्य उपयोग में आने वाले लगभग 7,000 शब्द संकलित किये गये हैं और इसमें आयुर्वेद की विशेष वैज्ञानिक क्षेत्र की शब्दावली को सम्मिलित किया गया है। अंग्रेजी में उनके सर्वाधिक प्रसिद्ध अर्थ ही दिये गये हैं जिससे दोनों माध्यमों की आवश्यकता पूरी हो सके।

प्रस्तुत आयुर्वेदिक संस्कृत-अंग्रेजी परिभाषा कोश का निर्माण एवं प्रकाशन आयोग द्वारा इस दिशा में किया गया प्रथम प्रयास है। यह अपने किस्म का पहला परिभाषा कोश है जो संस्कृत, हिंदी एवं अंग्रेजी जानने वाले चिकित्सकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। चूंकि आयुर्वेद में औषधियों, रोगों, जड़ी-बूटियों के नाम प्राय: संस्कृत में होते हैं अत: शब्दों के पर्यायों का निर्माण भी संस्कृत धातुओं के आधार पर ही किया जाता है और किसी भी चिकित्सक के लिए उनका ज्ञान होना परमावश्यक है। अंग्रेजी माध्यम से आयुर्वेद की शिक्षा प्रदान/ग्रहण करने वाले शिक्षकों/छात्रों के लिए तो यह कोश अत्यंत अनिवार्य सिद्ध होगा। साथ ही अंग्रेजी एवं हिंदी जानने वाले चिकित्सकों के लिए रोगों के नाम, लक्षण और निदान तथा आयुर्वेदिक औषधियों के संस्कृत नामों से परिचित होना परम आवश्यक है। आयुर्वेदिक चिकित्सा शिक्षा में संस्कृत की प्राथमिकता है और आजकल आयुर्वेदिक शिक्षा का प्रचार-प्रसार भी तेजी से तथा व्यापक रूप से हो रहा है। अत: यह परिभाषा कोश न केवल आयुर्वेदिक चिकित्सकों, बल्कि सामान्य आयुर्वेद के अध्यापकों, छात्रों एवं चिकित्सा कर्मियों के लिए भी अत्यंत उपयोगी होगा।

मैं उन सभी विद्वानों, चिकित्सकों, विषय-विशेषज्ञों और भाषाविदों के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने प्रस्तुत शब्द संग्रह के निर्माण में अपना बहुमूल्य समय और सेवायें प्रदान की।

डॉ. भीमसेन बेहेरा
वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (आयुर्विज्ञान)
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

Editorial

The antiquity of Indian lexicographical literature goes back to earlyVedic age when Nighantus e.g.vocabularies or books of words were prepared for guidance.Only one of such Nighaṇṭus now survives along with etymological interpretations and derivatives (Nirukta and Vyutpatti) by Yāska. The later dictionaries have no connection with Nighaṇṭu literature and have a long time interval after the Nighantus. The continuity of both the literatures is preserved only by a few books containing collection of words according to various grammatical categories Dhātupāṭha and Gaṇapāṭha, etc. Of course several references of old grammar works such as Kātyāyana, Vācaspati, Vyāḍi, etc. are sometimes available in commentaries.

The later dictionaries were written generally by poets for lexicographers. That is why such dictionaries are in verses, mostly in ślokas and at times in Ārya metre. These dictionaries of later period differ from each other in many ways in methodology, scope, objectives and the order of collection of words. Thus they can be classified in several categories. The synonymical ones are those in which all the synonyms are collected in one couplet. Homonymical ones are those in which the meanings of a word are grouped in such a way that the word stands in basic nominative form and its meanings stand in locative form. These two kinds are called Namanusasana i.e teaching of words. Sometimes one variety trespasses into the other. From the point of view of arrangement these dictionaries can be divided into several categories. In some the words are arranged according to the first syllable while in others they are arranged according to the final syllable; in some both the methods are followed simultaneously. A number of these dictionaries are not limited to words and their meanings only, but also provide gender . In some the words and gender are given side by side, while in others a separate appendix is added for genders. Many times words are arranged separately according to their genders. In a few dictionaries words are arranged according to the number of syllables.

Amidst the wide galaxy of lexicographers, Amara-Simha (about 5th century A.D.), is the most prominent one. He has been most popular among the scholars as well as students. On his Amarakośa about 50 elaborate commentaries have come into light. A few other prominent lexicons are as follows:

1. Trikaṇḍaśeṣa of Puruṣottama Deva
2. Hāravali of Purusottama Deva
3. Anekārtha Samuccaya of Sasvata
4. Abhidhāna Ratnamālā of Halāyudha
5. Vaijayantī of Yādava Prakāśa
6. Nāmamālā of Dhananjaya
7. Anekārtha Kośa of Mankha
8. Several dictionaries of Jainacarya Hemachandra. such as Abhidhāna Cintāmaṇimālā (briefly called Abhidhāna Cintāmani), Nighaṇṭu-Śeṣa, Anekārtha- sangraha, etc.

Besides those mentioned above, there is a very long list of those which have come into light recently. Such dictionaries are also of many kinds-big and small, general and on a particular topic, such as Bauddha literature, dance, music, etc.

In recent times some valuable dictionaries have been written on modern lines following the European type of alphabetical arrangement. Prominent among them the two encyclopaedic dictionaries-the Śabda-Kalpadruma of Radhakant Deva and the Vācaspatyam of Taranatha Tarkavacaspati were written in the 19th century.

Some dictionaries have also been written for the use of students. They are either too bulky or too small to fulfil the need of students. For example, Apte's dictionary, the most popular one in this field , is a too bulkydictionary aiming at comprehensiveness . Therefore the need for having a small dictionary limited to classical ornate literature with only popular meanings still exists.

The present glossary has been prepared with this very aim in view. Here about 7,000 words of day to day usage of Ayurveda have been selected and their most popular meanings have been given in Sanskrit vis-a-vis English to fulfil the need of both the media.

The production and publication of the present Ayurvedic Sanskrit-English-Hindi Definitional Dictionary is a maiden attempt made by the CSTT. This is the first-of-its-kind glossary which would prove most useful for those medical practitioners having knowledge of both Sanskrit and English. Since the names of drugs/medicines, diseases and herbs are available mostly in Sanskrit in Ayurveda , the determination/fixation of Hindi equivalents is generally based on Sanskrit roots. It is, therefore, essential for a Ayurvedic physician to have a sufficient knowledge of roots of Sanskrit words. This glossary will thus prove most useful for the teachers/students who impart/acquire Ayurvedic education through the medium of English. It is also necessary for a English knowing physician of Indian Medicine to acquaint himself with the Sanskrit names of diseases, their symptoms diagnosis and Ayurvedic drugs/medicines, Sanskrit reigns supreme in Ayurvedic education and as such the promotion and propagation of Sanskrit was also accomplished through Ayurveda .

Sanskrit is the most useful tool while evolving Hindi equivalents since it has inexhaustible treasure of prefixes, suffixes and other grammatical rules for forming various derivations and equivalents. Thus, the present glossary will be the most useful not only for the Ayurvedic physicians but also for the general readers, Ayurvedic teachers, students, compounders and medical staff also.

Since this is a first-of-its-kind glossary ever produced by the Commission, I am fully confident that as far as the usefulness of the Definitional Dictionary is concerned, this will be widely and warmly received in the medical fraternity.

I take this opportunity to express my deep gratitude to all those eminent scholars, subject-experts and linguists who enthusiastically lent their time and expertise to produce this Definitional Dictionary.

New Delhi

Dr. B.S. Behera
Senior Scientific Officer (Medicine)
Commission for Scientific and Technical Terminology

संपादन एवं समन्वय

प्रमुख संपादक

प्रो. नन्द किशोर पाण्डेय
(अध्यक्ष)

संपादक

डा. बी. एस. बेहेरा
वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (आयुर्विज्ञान)

प्रकाशन

डॉ प्रेमनारायण शुक्ल
सहायक निदेशक

श्री गब्बर सिंह
सहायक

आयुर्वेद परिभाषा कोश के निर्माण से संबंधित विशेषज्ञ

1. प्रो. गुरदीप सिंह - पूर्व संकायप्रमुख, गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय जामनगर, गुजरात
2. डॉ. वी. बी. प्रसाद - पूर्व निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, दिल्ली
3. डॉ. धर्मपाल आर्य - पूर्व कुलपति, गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय हरिद्वार
4. डॉ. प्रवीण चौधरी - सह प्राध्यापक, आयुर्वेद एवं यूनानी तिब्बिया कालेज, दिल्ली
5. डॉ. राजेश छोकर - सह प्राध्यापक, आयुर्वेद एवं यूनानी तिब्बिया कालेज, दिल्ली
6. डॉ. तनुजा नेसरी - अतिरिक्त निदेशक, चौ, ब्रहम प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान, दिल्ली
7. डॉ. टी. दिवाकर राव - मुख्य चिकित्साधिकारी, केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना, दिल्ली
8. डॉ. रमाकान्त आचार्य - प्राध्यापक, गोपबन्धु आयुर्वेद कालेज, पुरी
9. डॉ. अरुण कुमार दास - प्राध्यापक, गोपबन्धु आयुर्वेद कालेज, पुरी
10. डॉ. विपिन कुमार खूंटिया - प्राध्यापक, गोपबन्धु आयुर्वेद कालेज, पुरी
11. डॉ. सुदर्शन बेहेरा -प्राचार्य, गोपबन्धु आयुर्वेद कालेज, पुरी
12. डॉ. पवन गोडतवार - सह प्राध्यापक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर
13. डॉ. संतोष. एस. आर. नायार - चौ, ब्रहम प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान, दिल्ली
14. डॉ. सुवास साहु - चौ, ब्रहम प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान, दिल्ली
15. डॉ. पवन माली - मुख्य चिकित्साधिकारी, नई दिल्ली
16. डा. एल. के. द्विवेदी, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर
17. प्रो. बनवारी लाल गौड, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर
18. डा. भीमसेन बेहेरा, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (आयुर्विज्ञान) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
19. डा. आर. डी. शर्मा, बडौदा
20. डा. ई. सुरेन्द्रन, कोटाकल
21. डा. वी. एस शर्मा, नई दिल्ली
22. डा. प्रभाकर राव, नई दिल्ली
23. डा. जी. आर. आर चक्रवर्ती, चैन्नई
24. डा. एच. पी मिश्र, पुरी, ओडिशा
25. डा. गोपाल रथ, भूवनेश्वर ओडिशा
26. डा. ए. सी. कर, वारणसी
27. डा. इदुलता दास, भूवनेश्वर, ओडिशा
28. डा. एन. पी होता, भूवनेश्वर, ओडिशा
29. डा. बी. एल. मेहरा, पपरोला
30. डा. पी. एल. शंखुआ, ओडिशा
31. डा. संध्या पटेल, नई दिल्ली
32. डा. एन. सी. दास, पुरी, ओडिशा
33. डा. कमलेश शर्मा, जयपुर
34. डा. बिरेंद्र कोरी, जामनगर
35. प्रो. रामबाबु द्विवेदी, जामनगर
36. डा. प्रमोद जयसवाल, पुना
37. डा. महेश व्यास, जामनगर
38. डा. एम.एम. पाढी, उपननिदेशक, सी सी आर ए एस, जनकपुरी, नई दिल्ली
39. डा. अनुप ठक्कर, जामनगर
40. डा. उमेश पुरद, गदक, कर्नाटक
41. डा. श्रीप्रसाद बावडेकर, पूना

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा स्वीकृत शब्दावली-निर्माण के सिद्धांत

1. अंतर्राष्ट्रीय शब्दों को यथासंभव उनके प्रचलित अंग्रेजी रूपों में ही अपनाना चाहिए और हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं की प्रकृति के अनुसार ही उनका लिप्यंतरण करना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय शब्दावली के अंतर्गत निम्नलिखित उदाहरण दिए जा सकते हैं:–
   - क) तत्वों और यौगिकों के नाम, जैसे–हाइड्रोजन, कार्बन डाइऑक्साइड आदि;
   - ख) तौल और माप की इकाइयां और भौतिक परिमाण की इकाइयां, जैसे–डाइन, कैलॉरी, एम्पियर आदि;
   - ग) ऐसे शब्द जो व्यक्तियों के नाम पर बनाए गए हैं जैसे, मार्क्सवाद (कार्ल मार्क्स), ब्रेल (लूइस ब्रेल), बॉयकाट (कैप्टन बॉयकाट), गिलोटिन (डॉ. गिलोटिन), गेरीमैन्डर (मि. गेरी), एम्पियर (मि. एम्पियर), फारेनहाइट तापक्रम (मि. फारेनहाइट) आदि;
   - घ) वनस्पतिविज्ञान, प्राणिविज्ञांन, भूविज्ञान आदि की द्विपदी नामावली;
   - ङ) स्थिरांक जैसे π, g, आदि;
   - च) ऐसे अन्य शब्द जिनका आमतौर पर प्राय: सारी भाषाओं में व्यवहार हो रहा है, जैसे–रेडियो, पेट्रोल, रेडार, इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन, न्यूट्रॉन आदि।
   - छ) गणित और विज्ञान की अन्य शाखाओं के संख्यांक, प्रतीक, चिह्न और सूत्र, जैसे–साइन, कोसाइन, टैन्जेन्ट, लॉग आदि (गणितीय संक्रियाओं में प्रयुक्त अक्षर रोमन या ग्रीक वर्णमाला के होने चाहिए)।
2. प्रतीक रोमन लिपि में अंतर्राष्ट्रीय रूप में ही रखे जाएंगे, परंतु उनके संक्षिप्त रूप, (विशेषकर साधारण तौल व माप संबंधी) नागरी और मानक रूपों में लिखे जा सकते हैं। सेन्टीमीटर का प्रतीक cm. हिंदी में भी रोमन में ही प्रयुक्त होगा, परन्तु इसका नागरी संक्षिप्त रूप से. मी. हो सकता है। यह सिद्धांत बच्चों के लिए लिखी गई किताबों और लोकप्रिय पुस्तकों में अपनाया जाएगा, परंतु विज्ञान और प्रौद्योगिकी की मानक पुस्तकों में केवल अंतर्राष्ट्रीय प्रतीक अर्थात् cm. ही प्रयुक्त करना चाहिए।
3. ज्यामितीय आकृतियों में भारतीय लिपियों के अक्षर प्रयुक्त किए जा सकते हैं, जैसे, **क, ख, ग** या **अ, ब, स** । परंतु त्रिकोणमिति में केवल रोमन अथवा ग्रीक अक्षर ही प्रयुक्त करने चाहिए, जैसे–साइन **A**, कॉस **B** आदि।
4. सामान्यत: संकल्पनात्मक शब्दों का अनुवाद किया जाना चाहिए।
5. हिंदी पर्यायों का चुनाव करते समय सरलता, अर्थ की परिशुद्धता (सटीकता) और सुबोधता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। रूढ़िवादी तथा सुधार-विरोधी प्रवृत्तियों से बचना चाहिए।
6. सभी भारतीय भाषाओं के शब्दों में यथासंभव अधिकाधिक एकरूपता लाने के उद्देश्य से ऐसे शब्द अपनाने चाहिए जो अधिक से अधिक क्षेत्रीय भाषाओं में प्रयुक्त होते हों, और संस्कृत धातुओं पर आधारित हों।
7. जो देशी शब्द सामान्य प्रयोग के पारिभाषिक शब्दों के स्थान पर हमारी भाषाओं में प्रचलित हो गए हैं, जैसे–telegraph/telegram के लिए तार, continent के लिए महाद्वीप, post के लिए डाक, आदि, उन्हें इसी रूप में व्यवहार में लाया जाना चाहिए।
8. अंग्रेजी, पुर्तगाली, फ्रांसीसी आदि भाषाओं के ऐसे विदेशी शब्द जो भारतीय भाषाओं में प्रचलित हो गए हैं, जैसे–टिकट, सिगनल, पेन्शन, पुलिस, ब्यूरो, रेस्तरां, डीलक्स, आदि इसी रूप में अपनाए जाने चाहिए।
9. **अंतर्राष्ट्रीय शब्दों का देवनागरी लिपि में लिप्यंतरण**–अंग्रेजी शब्दों का लिप्यंतरण इतना जटिल नहीं होना चाहिए कि उसके कारण वर्तमान देवनागरी वर्णों में नए चिह्न व प्रतीक शामिल करने की आवश्यकता पड़े। शब्दों का देवनागरी लिप्यंतरण अंग्रेजी के मानक उच्चारण के अधिकाधिक अनुरूप होना चाहिए और आवश्यक होने पर ही उसमें भारत के शिक्षित वर्ग में प्रचलित उच्चारण के अनुरूप परिवर्तन किया जा सकता है।
10. **लिंग**–हिंदी में अपनाए गए अंतर्राष्ट्रीय शब्दों को पुल्लिंग रूप में ही प्रयुक्त करना चाहिए। किंतु अति आवश्यक होने या हिंदी में प्रचलन के अनुसार उन्हें भिन्न लिंग-रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है।
11. **संकर शब्द**–पारिभाषिक शब्दावली में संकर शब्द, जैसे guaranteed के लिए 'गारंटित', classical के लिए 'क्लासिकी', codifier के लिए 'कोडकार' आदि के रूप सामान्य और प्राकृतिक भाषाशास्त्रीय प्रक्रिया के अनुसार बनाए गए हैं और ऐसे शब्द रूपों को पारिभाषिक शब्दावली की आवश्यकताओं, यथा–सुबोधता, उपयोगिता और संक्षिप्तता का ध्यान रखते हुए व्यवहार में लाना चाहिए।
12. **पारिभाषिक शब्दों में संधि और समास**–कठिन संधियों का यथासंभव कम से कम प्रयोग करना चाहिए और संयुक्त शब्दों के लिए दो शब्दों के बीच हाइफन लगा देना चाहिए। इससे नई शब्द-रचनाओं को सरलता और शीघ्रता से समझने में सहायता मिलेगी। नवनिर्मित शब्दों में संस्कृत-आधारित 'आदिवृद्धि' से बचा जाना चाहिए। 'व्यावहारिक' 'लाक्षणिक' आदि प्रचलित संस्कृत तत्सम शब्दों में आदिवृद्धि का प्रयोग ही अपेक्षित है, परंतु नवनिर्मित शब्दों में इससे बचा जा सकता है।
13. **हलंत**–नए अपनाए हुए शब्दों में जहां आवश्यक हो वहां हल् चिह्न का प्रयोग कर उन्हें सही रूप में लिखना चाहिए।
14. **पंचम वर्ण का प्रयोग**–पंचम वर्ण के स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग उचित है परंतु lens, patent आदि शब्दों का लिप्यंतरण लेंस,पेटेंट या पेटेण्ट न करके लेन्स, पेटेन्ट ही करना चाहिए।

PRINCIPLES FOR EVOLUTION OF TERMINOLOGY APPROVED BY THE STANDING COMMISSION FOR SCIENTIFIC AND TECHNICAL TERMINOLOGY

1. "International terms" should be adopted in their current English forms, as far as possible and transliterated in Hindi and other Indian languages according to their genius. The following should be taken as examples of international terms:–
   - a) Names of elements and compounds, e.g., Hydrogen, Carbon dioxide, etc.,
   - b) Unit of weights, measures and physical quantities, e.g., dyne, calorie, ampere etc.,
   - c) Terms based on proper names, e.g., Marxism (Karl Marx), Braille (Braille), boycott (Capt. Boycott), guillotine (Dr. Guillotine), gerrymander (Mr. Gerry), ampere (Mr. Ampere) Fahrenheit scale (Mr. Fahrenheit), etc.,
   - d) Binomial nomenclature in such sciences as-Botany, Zoology, Geology, etc.,
   - e) Constants, e.g., π, g etc.,
   - f) Words like Radio, Petrol, Radar, Electron, Proton, Neutron etc., which have gained practically world-wide usage,
   - g) Numerals, symbols, signs and formulae used in mathematics and in other sciences, e.g., sin, cos, tan, log, etc. (Letters used in mathematical operation should be in Roman or Greek alphabets).
2. The symbols will remain in international form written in Roman script, but abbreviations may be written in Nagari and standardised form, specially for common weights and measures, e.g., the symbol 'cm' for centimeter will be used as such in Hindi, but the abbreviation in Nagari may be से.मी. This will apply to books for children and other popular works only but in standard works of science and technology, the international symbols only, like cm., should be used.
3. Letters of Indian scripts may be used in geometrical figures, e.g., क, ख, ग or अ, ब, स but only letters of Roman and Greek alphabets should be used in trigonometrical relations, e.g., sin A, cos B, etc.
4. Conceptual terms should generally be translated.
5. In the selection of Hindi equivalents simplicity, precision of meaning and easy intelligibility should be borne in mind. Obscurantism and purism may be avoided.
6. The aim should be to achieve maximum possible identity in all Indian languages by selecting terms:—
   - (a) common to as many of the regional languages as possible, and
   - (b) based on Sanskrit roots.
7. Indigenous terms which have come into vogue in our languages for certain technical words of common use, as- तार for telegraph/telegram, महाद्वीप for continent, डाक for post etc., should be retained.
8. Such loan words from English, Portuguese, French etc., as have gained wide currency in Indian languages should be retained, e.g., ticket, signal, person, police, bureau, restaurant, deluxe, etc.
9. **Transliteration of International terms into Devanagari Script**—The transliteration of English terms should not be made so complex as to necessitate the introduction of new signs and symbols in the present Devanagari characters. The Devanagari rendering of English terms should aim at maximum approximation to the standard English pronunciation with such modifications as prevalent amongst the educated circle in India.
10. **Gender**—The international terms adopted in Hindi should be used in the masculine gender, unless there are compelling reasons to the contrary.
11. **Hybrid formation**—Hybrid forms in technical terminologies, e.g., गारंटित for 'guaranteed', क्लासिकी for 'classical', कोडकार for 'codifier', etc., are normal and natural linguistic phenomena and such forms may be adopted in practice keeping in view the requirements for technical terminology, viz., simplicity, utility and precision.
12. **Sandhi and Samasa in technical terms**—Complex forms of Sandhi may be avoided and in cases of compound words, hyphen may be placed in between the two terms, because this would enable the users to have an easier and quicker grasp of the word structure of the new terms. As regards आदिवृद्धि in Sanskrit-based words, it would be desirable to use आदिवृद्धि in prevalent Sanskrit tatsama words, e.g., व्यावहारिक, लाक्षणिक, etc., but may be avoided in newly coined words.
13. **Halanta**—Newly adopted terms should be correctly rendered with the use of 'hal' sign wherever necessary.
14. **Use of Pancham Varna**—The use of अनुस्वार may be preferred in place of पंचम वर्ण but in words like 'lens' 'patent' etc., the transliteration should be लेन्स, पेटेन्ट and not लेंस, पेटेंट or पेटेण्ट.

अंश aṃśa
चतुर्थो भाग:। (ड.-सु.सू. 44/17), भाग (अ.हृ.सू. 19/39), चतुर्थ भाग, चौथाई भाग, one fourth, a part

अंशु aṃśu
सूक्ष्मतन्तु। (च.शा. 1/96), अत्यन्त सूक्ष्म तंतु, minute fibre

अंशुक aṃśuka
तमालपत्रम्। (रा.नि.पिप्पल्यादि 173), हिं-तेजपत्र, तेजपत्ता, eng - Indian cinnamomum, *lat - Cinnamomum tamala*

अंशुमती aṃśumatī
शालपर्णी। (चक्र-च.चि. 29/80), लघुपंचमूल में एक, हिं-सरिवन, सालवन, lat - Desmodium gangeticum

अंशुमान aṃśumāna
सोम का एक भेद। (सु.चि. 29/5), सोमकन्द का एक प्रकार, a type of soma

अंस aṃsa
बाहुशिर:। (ड.-सु.नि. 1/82), मर्मविशेष (सु.शा. 6/6), स्कन्ध (च.शा. 7/6), बाहुशिर, स्कन्ध, वैकल्यकरमर्म, shoulder

अंसकूट aṃsakūṭa
अंसस्य शिखरम्। (अ.सं.शा. 7/6), स्कन्ध शिखर, apex of shoulder

अंसताप aṃsatāpa
रोगलक्षण। (अ.सं.शा. 11), स्कन्धप्रदेश में तापमान की वृद्धि, temperature at shoulder region

अंसदाह aṃsadāha
अंसप्रदेश में दाह। (च.सू. 20/14), चालीस पित्तविकारों में से एक, राजयक्ष्मा के पित्तजन्य लक्षणों में एक। (अ.हृ.नि. 5/17), burning sensation in shoulder region, one of a symptoms of tuberculosis

अंसदेश aṃsadeśa
अंससमीपोपलक्षित देश:। (ड.-सु.नि. 1/82), स्कन्ध समीप भाग, region adjacent to shoulder

अंसपिण्ड aṃsapiṇḍa
बाहुशिर: (सु.शा. 5/11), बाहुशिरोऽग्रप्रोह:। (ड.-सु.शा. 5/11), स्कन्ध शीर्ष भाग, बाहु शीर्ष का आगे का भाग, deltoid region, head of shoulder

अंसपिण्डिका aṃsapiṇḍikā
स्कन्ध का उन्नत या ऊपर उठा भाग (सु.चि. 15/18), deltoid region

अंसपीठ aṃsapīṭha
बाहुशिर:। (ड.-सु.सू. 35/12), बाहु का शीर्ष भाग, head of shoulder

4 Min. of HRD/2016

अंसफलक aṃsaphalaka
पृष्ठ के ऊपरी भाग में स्थित अस्थि, संख्या में दो (च.शा. 7/6), (सु.शा. 5/19), एक वैकल्यकर मर्म (सु.शा. 6/6), scapula

अंसबन्धन aṃsabandhana
श्लेष्माणम्। (ड.-सु.नि. 1/82), स्कन्ध सन्धि स्थित श्लेष्मा जो संधिबन्धन कर्म करता है, synovial fluid of shoulder joint

अंसबन्धन शोष aṃsabandhana śoṣa
श्लेष्माणं शोषयित्वा अंसशोषं करोति। (ड.- सु.नि. 1/82), वायु द्वारा कफ का शोषण कर अंस प्रदेश में शोष उत्पन्न करना, degenerative disease of shoulder

अंसरोग aṃsaroga
अंसगतविकार। (च.सि. 2/22), स्कन्ध रोग, diseases of shoulder

अंसशोष aṃsaśoṣa
अंसबन्धनं शोषयित्वा 'अंसशोषं रोगं करोति'। (ड.-सु.नि. 1/82), वायु द्वारा अंससन्धि स्थित श्लेष्मा का शोष कर उत्पन्न विकार, degenerative disease of shoulder joint

अंससन्धि aṃsasandhi
बाहुशिर:सन्धि:। (ड.-सु.नि. 3/31), अंस उलूखल एवं प्रगण्डास्थि शीर्ष के मध्य की सन्धि, स्कन्धसंधि, shoulder joint

अंसाभिताप aṃsābhitāpa
अंस में सर्वत्र ताप की अनुभूति, राजयक्ष्मा के एकादश लक्षणों में से एक। (च.चि. 8/30), generallized burning sensation in shoulder region

अंसावमर्द aṃsāvamarda
अंसपीडनम्। (च.नि. 6/6), प्रकुपित वायु द्वारा कन्धों में मर्दनवत् पीडा, beating pain in shoulduer

अ a वर्णमाला का प्रथम अक्षर, व्यंजनों में अंतर्निहित प्रथम स्वल्प स्वर, एक उपसर्ग जो प्राय: अभाव या विरुद्ध के अर्थ में प्रयुक्त होता है- उदा. असत्, अनिद्रा, the first letter of alphabet, the first short vowel inherent in consonants, a prefix having a negative or contrary sense

अकण्ठ्य akaṇṭhya
कण्ठाय न हितम्-यथा जम्बूफल। (अ.हृ.सू. 6/127), कण्ठ/गले के लिए अहितकर- जैसे जामुन, unwholesome for throat

अकफ akapha
गौरीतेज (अभ्रक), बल्यं स्निग्धं रुचिरं अकफं दीपनम्, कफहरणम्। (र.र.स. 2/3), कफ का हरण/शमन करने वाला, pacifying kapha

अकराल
akarāla
अदन्तुरः। (ड.-सु.सू. 9/8), तानि सुग्रहाणि सुलोहानि सुसमाहितमुखाग्राण्यकरालानि चेति शस्त्र सम्पत्। (सु.सू. 9/8), दांत रहित, श्रेष्ठ शस्त्र का एक लक्षण, teethtess, one of the features of ideal sungical instruments

अकर्मण्य
akarmaṇya
1.ईषच्चेष्टाक्षमः। (विज.-मा.नि. 22/40), किसी अंग की चेष्टा का नष्ट होना, loss of motor function 2. अकर्मण्यः क्रियायामशक्तो। (अ.हृ.नि. 15/39), शारीरिक क्रियाओं में असमर्थता (पक्षवध का लक्षण), loss of body movements

अकर्मशीलता
akarmaśīlatā
कर्मण्यनुत्साहः। (ड.-सु.शा. 1/18), काम करने में उत्साह न होना, lethargy, loss of interest in work

अकला
akalā
गुणविरुद्धो दोषः सूक्ष्मोभागः। (चक्र.-च.सू. 12/1), कलाः गुणाः, अकलाः दोषा, सूक्ष्मांशाः वा। (च.सू. 12/1), गुण विरुद्ध, दोष, सूक्ष्म अंश या भाग, opposite quality, small part of anything

अकष्टशब्द
akaṣṭaśabda
अकृच्छ्रोच्चार्यशब्दं, किंवा प्रसिद्धवाभिधेयशब्दं वा। (चक्र-च.वि. 8/3), बिना कठिनाई के बोले जाने वाला शब्द या सरलता से बोलने योग्य शब्द, words that are easy to pronounce

अकाण्ड
akāṇḍa
अकालः। (अ.सं.उ. 28), अयोग्यकाल, अनुपयुक्तकाल, untimely

अकामत छर्दि
akāmata chardi अकामतश्च छर्दयति गन्धाद् उद्विजते शुभात्। प्रसेकः सदनं चापि गर्भिण्या लिङ्गमुच्यते।। (सु.शा. 3/15), उत्तरकालीन गर्भिणी का लक्षण, बिना किसी कारण के वमन होना, vomiting without any specific reason

अकामा
akāmā
मैथुनानभिलाषिणीम्। (ड.-सु.चि. 24/114), मैथुन की इच्छा न रखने वाली स्त्री, lack of sexual desire

अकारण
akāraṇa
न विद्यते कारणं यस्य तद् अकारणम्। (ड.-सु.शा. 1/3), जिसका कोई कारण न हो, बिना कारण, जो सब भूतों का कारण होते हुये भी स्वयं में कारण रहित (अव्यक्त) है, idiopathic

अकारुण्य
akāruṇya
निर्दयत्वम्। (ड.-सु.शा. 1/18), निर्दयता, निष्ठुरता, राजस गुण, mercilessness

अकाल
akāla
अतीतकाल। (च.वि. 8/128), व्यतीत काल, untimely

अकालज
akālaja
अनार्तवम्। (चक्र.-च.सू. 27/317), अकालजात या अकाल में उत्पन्न, अनुपयुक्त, अनागत काल उत्पन्न, प्रकृति नियत काल से भिन्न काल में उत्पन्न, untimely

अकालप्रवाहण
akālapravāhaṇa
अप्राप्त आवी काल प्रवाहण। (सु.शा. 10/9), आवी के प्रारम्भ होने के पूर्व ही प्रवाहण करना, इस कारण से संतान मूक, बधिर अथवा कुब्ज उत्पन्न होती है, untimely bearing down

अकालमरण
akālamaraṇa
अकालमृत्युः। (अ.सं.सू. 9/126), नियतायु से पूर्व किसी आगन्तुज कारण से मृत्यु होना, untimely death

अकालमृत्यु
akālamṛtyu
अप्राप्तकालमरण। (च.वि. 8/43), आयु के पूर्ण होने के पूर्व ही मृत्यु, untimely death

अकालयुक्त
akālayukta
अकालयुक्तं अप्रस्तावागतम्। (चक्र.-च.सू. 7/28), प्रकरण से असम्बद्ध वचन, without context

अकालविरोहि
akālavirohi
अकालजम्। (ड.-सु.सू. 46/297), असमय, अनुपयुक्त या अनुचित काल में उगने वाला, untimely germinated

अकालशयन
akālaśayana
अकाले स्वप्नः। (अरु.-अ.हृ.सू. 7/61), नियत समय के अतिरिक्त सोना, ऐसा करने से ज्वर, स्तैमित्य, मोह आदि विकार होते हैं, untimely sleeping

अकुलक
akulaka
अनस्थिकम्। (चक्र.-च.चि. 1(1)/75), बीजरहित, अस्थिरहित, seedless

अकृत
akṛta
1. कृतघ्नः। (ड.-सु.चि. 25/37), अपने ऊपर हुए उपकार को भूलने वाला, ungrateful 2. संस्कार रहित भोजन, unprocessed

अकृतकत्व
akṛtakatva
अकृत्रिमत्वम् हेतुः। (च.वि. 8/31), अकृतक (किसी दूसरे के द्वारा निर्मित नहीं) पुरुष, सहज, स्वाभाविक, स्वयं उत्पन्न, natural, not made by anyone

अकृत मांसरस
akṛta māṃsarasa
बिना घी, मसाले से संस्कृत हुआ मांसरस। (सु.सू. 46/379), unprocessed meat soup, simple meat soup which is not fried with ghee or condiments

अकृतयूष
akṛtayūṣa
स्नेहलवणाद्यसंस्कृतः। (चक्र.-च.सि. 1/11), स्नेह एवं लवण से जिसका संस्कार नहीं किया गया हो ऐसा यूष, अकृतयूष कहलाता है, unprocessed soup

अकृतसंज्ञ akṛtasaṃjña
कृतेऽपि वेगे न वेगं कृतं बुध्यत इति। (चक्र.-च.चि. 19/7), मल त्याग के उपरांत भी ऐसा प्रतीत होना कि और मल प्रवृत्ति होगी, यह अकृतसंज्ञ कहलाता है, feeling of incomplete evacuation of bowels

अकृतसंज्ञता akṛtasaṃjñatā
कृतेऽपि मूत्रे अंकृतसंज्ञतां अकृताभासत्वमिव कुर्यात्। (अरु.-अ.हृ.सू. 11/13), कृतवर्चोविसर्गादिकार्येऽपि तत्तद्संज्ञायां अहितत्वम्। (अ.हृ.सू. 11/13), रोगलक्षण, मलमूत्रादि के विसर्जन के उपरांत भी वेग प्रवृत्ति की इच्छा का बने रहना, urge of passing urine inspite of having passed before

अकृतात्मन् akṛtātman
जन्मान्तरीयैः अशुभैः कर्मभिः इह विपच्यमानैः असंस्कृतः आत्मा यस्य सः। (च.चि. 30/189), पूर्व जन्म में किए पापों का फल इस जन्म में प्राप्त करने वाला, one recieving the result of morbidity inherited from parents or sins of past life

अकृत्य akṛtya
असाध्यः। (ड.-सु.सू. 23/1), असाध्य, untreatable, incurable

अक्त akta
अक्तां लवणतैलेन साश्मप्रस्तरसंकरैः। (च.चि. 30/48), वातज योनि रोग में लवण तैल से अभ्यंग की गई योनि का अश्म, प्रस्तर या संकरस्वेद कराना चाहिए, undergone massage of any type, impregnated

अक्रम akrama
अनाचारः। (ड.-सु.नि. 14/3), क्रमविरोधः। (गय.-सु.नि. 14/3), क्रमविरुद्ध प्रयोग, improperly, disorderly

अक्रुद्धभीरु akruddhabhīru
क्रोधेऽसति भीरुम्। (चक्र.-च.शा. 4/38(4)), क्रोध न आने तक डरने वाला, सार्पसत्वलक्षण, timid till angry, a symptom of sarpa state of mind

अक्रोधव्रत akrodhavrata
विना क्रोधं चर्यते यत् तदक्रोधव्रतम्। (चक्र.-च.चि. 3/15), क्रोधित न होने का व्रतसंकल्प, क्रोधरहित जीवनचर्या, decided not to get angry

अक्लिन्न aklinna
शुष्कम्। (ड.-सु.सू. 46/439), आर्द्रता रहित, सूखा, dry

अक्लिन्नवर्त्म aklinnavartma
यस्य धौतानि धौतानि संबध्यन्ते पुनः पुनः। वर्त्मान्यपरिपक्वानि विद्याद्क्लिन्नवर्त्म तत्।। (सु.उ. 4/22), आंखों की पलकों का बार-बार धोने पर भी शुष्क हो जाना, एक प्रकार का नेत्र वर्त्म रोग, ankyloblepharon, a type of conjunctivitis featuring dry eyes

अक्ष akṣa
1. मान, कर्ष। (च.क. 12/90), एक मान, तोला, a measurement 2. शकटवहनोपयोगी चक्राधारः काष्ठविशेष। (च.वि. 3/38), पहिये की धुरी, axle 3. कोष्ठकास्थिः। (ड.-सु.सू. 35/7), अक्षकास्थि, clavicle 4. बिभीतक (रा. 1/212), बहेड़ा, eng- beleric myrobalan, beddanut, terminalia belerica 5. इन्द्रियः। (हे.-अ.हृ.सू. 11/2), इन्द्रिय, senses 6. सौवर्चललवण। (ध. 2/30), a salt

अक्षक akṣaka अर्वाक् जत्रुसन्धेः कीलकौ। (चक्र.-च.शा. 7/6), अक्षकास्थि, clavicle

अक्षकभग्न akṣakabhagna
अंससन्धेरुपरि भग्नः। (ड.-सु.चि. 3/50), अक्षकास्थिभग्न, clavicle fracture

अक्षकसन्धि akṣakasandhi
अंससन्धेरुपरिष्टाद् भवति। (ड.-सु.चि. 3/36), कोष्ठकं तस्य सन्धिः, ग्रीवाग्रकसन्धिरुच्यते। (ड.-सु.नि. 11/10), अक्षकास्थि एवं अंसफलक के मध्य स्थित सन्धि, acromio clavicular joint

अक्षग्लानि akṣaglāni
इन्द्रियदौर्बल्यम्। (हे.-अ.हृ.सू. 11/18), इन्द्रियों द्वारा विषय ग्रहण में अक्षमता, neuroasthenia

अक्षणित्व akṣaṇitva
पृच्छार्थमनुयुक्तस्य 'संप्रति वक्तुं क्षणो नास्ति' इति भाषणम्। (चक्र.-च.सू. 30/82), प्रश्न पूछने पर 'अभी उत्तर देने के लिये समय नहीं है' ऐसा कहना, यह मूर्ख वैद्य के अनेक बहानों में से एक है, when asked to reply, says "no time", it is one of excuses of a quack

अक्षत akṣata
1. यवाः, अखण्डितास्तण्डुला इत्यन्ये, धान्यमेवाखण्डितमक्षतशब्दवाच्यमित्यपरे। (अरु.-अ.हृ.शा. 6/30), यव, अखण्डित चावल, अखण्ड धान्य, unbroken grains, rice, barley 2. क्षतरहितम्। (सु.चि. 3/47), अभिघातरहित, unhurt

अक्षतण्डुला akṣataṇḍulā
नागबला। (रा.नि. शताह्वादि. 96), नागबला, हिं. गंगेरन, गुलसकरी, Sida spinosa

अक्षतपात्र akṣatapātra
तण्डुलभृतशरावादिकम्। (ड.-सु.सू. 29/29), चावलों से पूर्ण शरावादि, a plate full of rice

अक्षतर्पण akṣatarpaṇa
इन्द्रियतर्पणम्, तर्पककफ कर्म (अ.हृ.सू. 12/17), इन्द्रियों की तृप्ति, तर्पक कफ शिरःस्थ होकर करता है, nourishing senses

अक्षतशिरस akṣataśirasa
ग्रहमातृविशेषः। (अ.सं.उ. 4), एक प्रकार का बालग्रह, a type of balagraha

अक्षतैल akṣataila
बिभीतक मज्जा तैल, आक्षं स्वादु हिमं केश्यं गुरु पित्तानिलापहम्। (ध.नि.सुवर्णादि 126), बिभीतक तैल मधुर, शीत, केश्य, गुरु, पित्त एवं वातहर है, beddanut oil

अक्षत्वक् akṣatvak
बिभीतकत्वक्। (अ.सं.सू. 8/112), bark of Terminalia belerica

अक्षनाशन akṣanāśana
सर्वेन्द्रियविघाती। (हे.-अ.हृ.सू. 1/33), इन्द्रियनाशन, destructor of sense organs

अक्षपीड akṣapiḍa
यवतिक्ता। (ड.-सु.चि. 9/48), यव क्षेत्रेषु जायते तिक्तसप्ताष्टपत्रा 'यवेन्तिका' इति प्रसिद्धः। (ड.-सु.सू. 42/125), शंखिनी। (ध.नि. गुडूच्यादि 248), यवतिक्ता, यव के खेत में पाई जाने वाली आठ पत्रयुक्त तिक्तरस वनस्पति

अक्षप्रसादन akṣaprasādana
इन्द्रियाणां प्रसन्नत्वकृत्। (अरु.-अ.हृ.सू. 10/2), इन्द्रियवैमल्यकरः। (हे.-अ.हृ.सू. 10/2), इन्द्रियों के मल को दूर कर स्वच्छ करने वाला, sensotropic, enhancing functions of sense organs

अक्षबीज akṣabija
बिभीतकमज्जा। (ड.-सु.उ. 58/45), बहेडे की गिरी, pulp of Terminalia belerica

अक्षमा akṣamā
दन्तहर्षे प्रवाताम्लशीतभक्षाक्षमां द्विजाः।। (अ.हृ.उ. 21/12), दन्तहर्ष व्याधि में वायु, स्पर्श, अम्ल एवं शीत पदार्थों के खाने में अक्षमता, intolerance to air, ingestion of sour & cold substances

अक्षय akṣaya
क्षेत्रज्ञ (सु.शा. 3/4), जिसका क्षय न होता हो, आत्मा, soul

अक्षयुग akṣayuga
बिभीतको रुद्राक्षश्च। (र.र.स. 17/52-53), बहेडा एवं रुद्राक्ष को सम्मिलित रूप से अक्षयुग कहते हैं, Terminalia bererica and Elacocarpus ganitrus

अक्षर akṣara
1. न क्षरतीत्यक्षरम्। (चक्र.-च.शा. 4/8), जिसका क्षरण न हो, अविनाशी, आत्मा, that does not decay, soul 2. अकारादि वर्ण, alphabets

अक्षशल्य akṣaśalya
अक्षाणि इन्द्रियाणि। (ड.-सु.सू. 27/5), इन्द्रिय एवं नेत्रगत विजातीय पदार्थ, foreign body in eye

अक्षसम akṣasama कर्षप्रमाणम्। (ड.-सु.चि. 4/27), कर्ष या तोला, a measurement of 12 grams

अक्षसस्य akṣasasya
कपित्थः। (ध.नि. 2/99), कैथ, eng. wood apple, elephant apple, lat- Feronia elephantum

अक्षि akṣi
चक्षुरिन्द्रियस्याधिष्ठानम्। (च.सू. 8/10), चक्षु इन्द्रिय अधिष्ठान, नेत्र, eye

अक्षिकनीनिका akṣikanīnikā
नासायाः सममक्षिसन्धिरभिधीयते। (चक्र.-च.शा. 7/11), नासा के समीप स्थित अक्षिसंधि, inner canthus of eye, nasal canthus of eye

अक्षिकूट akṣikūṭa
अक्षिगोलकम्। (चक्र.-च.शा. 7/11), नेत्रगोलक, नेत्रकोटर, orbital cavity

अक्षिकोशालेपन akṣikośālepana
अक्षिकोशस्योपरि लेपः। (अ.सं.सू. 32/3) अक्षि (नेत्र) पलकों के ऊपर औषध लेप का प्रयोग, eye annointment

अक्षिकोष akṣikoṣa
नेत्रकोष। (सु.शा. 5/20), नेत्रकोश, fornix of eye, conjunctival cul de sac

अक्षिगौरव akṣigaurava
चक्षुषो गुरुत्वम्। (अ.हृ.सू. 4/12), नेत्रों में भारीपन होना, निद्रावेगरोधज लक्षण, heaviness in the eyes

अक्षितर्पण akṣitarpaṇa
अक्ष्णो तृप्तिकरं बलकरं च। (च.सू. 13/25), नेत्र बलवर्धक औषध पूरण, eye nourishment, eye filling

अक्षिनिमेष akṣinimeṣa
लघ्वक्षरोच्चारणमात्रेऽक्षिनिमेषः। (सु.सू. 6/5), लघु अक्षर के उच्चारण में लगा समय, कालविशेष, a unit of time, equal to time taken in eye blinking or pronunciation of an alphabet

अक्षिपाक akṣipāka
नेत्र रोग, चालीस पित्तविकारों में से एक। (च.सू. 20/14), Ophthalmia

अक्षिपाकात्यय akṣipākātyaya संच्छाद्यते श्वेतनिभेन सर्वं दोषेण यस्यासितमण्डलं तु, तमक्षिपाकात्ययमक्षिकोप समुत्थितं तीव्ररुजं वदन्ति। (सु.उ. 5/9), यह श्लेष्मज असाध्य नेत्र रोग है, इसमें नेत्र का कृष्णमण्डल श्वेतवर्ण आच्छादित होता है एवं नेत्र में तीव्रवेदना होती है, pan ophthalmitis

अक्षिपीडक akṣipiḍaka
श्वेतपीतशिम्बी भेदः। (चक्र.-च.चि. 23/215), पीडयित्वा यद् रसो अक्ष्णि दीयते सोऽक्षपीडोऽक्षिपीडकः। (गंगा.-च.चि 23/215), शङ्खिनी। (चक्र.-च.क. 11/3), जिसका रस निकालकर नेत्र में डालते हैं, शंखिनी,

अक्षिपुट akṣipuṭa
अक्षिपुट: अक्षिवर्त्म:। (ड.-सु.सू. 5/13), अक्षिवर्त्म, पलक को अक्षिपुट कहते हैं, eye lid

अक्षिभेद akṣibheda
अक्ष्णो भेद:, अशीतिवातविकारष्वेक:। (च.सू. 20/11), आंखों में चीरने जैसी वेदना होना, one of the 80 vataja disorders characterized by excruciating pain in eyes

अक्षिभेषज akṣibheṣaja
क्रमुक: पट्टिकारोध्रो वल्करोध्रो बृहद्दल:। जीर्णबुध्नो बृहद्वल्को जीर्णपत्रोऽक्षिभेषजौ:।। (रा.नि. 6/210), क्रमुक (लोध्र विशेष) के 15 नामों में से एक, Symplocos racemosa

अक्षिमध्य akṣimadhya
चिबुकौष्ठकर्णाक्षिमध्यनासिकाललाटं चतुरंगुलम्।। दृष्टयंतरम्, चतुरंगुल प्रमाणत:। (च.वि. 8/117), दोनों नेत्रों की पुतलियों के मध्य का अंतर, intra pupillary distance

अक्षिराग akṣirāga
तत: शोणितजा रोगा: प्रजायन्ते पृथग्विधा:। मुखपाको अक्षिरागश्च पूतिघ्राणास्य गन्धिता।। (च.सू. 24/11), नेत्र रक्तता, रक्तधातु दुष्टि का एक लक्षण, redness of eye

अक्षिराजि akṣirāji
चक्षुषि रेखाकारा: शिरा:। (हे.-अ.हृ.सू. 20/4), नेत्र में रक्तवर्ण की रेखाओं (शिराओं) का होना, prominent occular vessels

अक्षिरोग akṣiroga
नेत्ररोग। (च.चि. 26/246), eye disease

अक्षिरोधन akṣirodhana अक्षिहृदययो: रोधनं स्तम्भ:। (अरु.-अ.हृ.सू. 7/23), नेत्र क्रियाओं का रुकना (आमाशयगत विषान्न का लक्षण), stopping of occular movements

अक्षिलघुता akṣilaghutā
नेत्र लाघव। (अ.हृ.सू. 20/25), नेत्रों में हल्कापन, lightness in eye

अक्षिवर्त्म akṣivartma
नेत्रस्य बाह्याच्छादनम्। (च.शा. 7/11), नेत्र बाहरी आवरण, पलक, eye lids

अक्षिविभ्रम absivibhrama
नेत्रविभ्रम। (च.सि. 6/72), नेत्र की अनियमित गति, वमन या विरेचन से उत्पन्न वेग का अवरोध करने पर होने वाली हृद्ग्रह अवस्था का लक्षण, quivering of eyes, a symptom of suppression of urge of emesis/purgation

अक्षिवैराग्य akṣivairāgya
रूपग्रहणेऽलसत्वम्। (गयी-सु.क. 1/30), विगतरागे अक्षिणी। (संग्रहारुणौ- सु.क. 1/30), नेत्रों द्वारा दर्शन में आलस्य या कमी होना, नेत्र रक्तिमा का विलीन

4—4 Min. of HRD/2016

होना, विषयुक्त अन्नसेवन से उत्पन्न, diminished vision, pallor of eyes, a symptom of poisoning

अक्षिव्युदास akṣivyudāsa
अशीति वातविकारष्वेक:। (च.सू. 20/11), अस्सी वायु विकारों में से एक, नेत्र का ऊपर या बाहर आना, squint, deviated eyes

अक्षिशल्य akṣiśalya
नेत्रगत शल्य। (अ.सं.सू. 37/24), नेत्र में प्रविष्ट विजातीय वस्तु, foreign body in the eye

अक्षिशूल akṣiśūla
नेत्रों में वेदना, अस्सी वातविकारों में से एक। (च.सू. 20/11), occular pain

अक्षिसङ्कोच akṣisaṅkoca
नेत्र का संकोच या सिकुड़ना, रोग का लक्षण (अ.सं.सू. 29/6), contraction of eyes

अक्षिसेचन akṣisecana
द्रव औषधि द्वारा नेत्र का सिञ्चन। (अ.हृ.सू. 23/5), irrigation of eye

अक्षिस्तब्धता akṣistabdhatā
रोगलक्षण, नेत्र में जड़ता/स्तम्भता (अ.हृ.सू. 20/24), occular spasm

अक्षिस्पन्दन akṣispandana
नेत्रस्पन्द, रोग लक्षण। (अ.सं.सू. 29/5), नेत्र गोलक का अनियमित चालन, nystagmus

अक्षिहुण्डन akṣihuṇḍana
अक्षिव्युदास:। (विज.-मा.नि. 22/8), आंखों का विकृत या वक्र होना, functional distortion of eyes

अक्षी akṣī
रक्तस्फटिका। (र.र.स. 10/11), लाल फिटकारी, alum

अक्षीर akṣīra
महानिम्ब। (ध.नि. 1/31), बकायन, मीठा नीम, eng - Persian lilac, the beed tree, lat- Melia azadirachta

अक्षीरा akṣīrā
अक्षीरा जननी येषामल्पक्षीराऽपि वा भवेत्। (का.सं.सू. लेहाध्याय 10), स्तन्य की अल्पता वाली जननी (स्त्री), a mother with deficient lactation

अक्षीव akṣīva
1. क्षीव:, क्षीवो नीप:। (चक्र.-च.चि. 3/267), कदम्ब 2. शोभाञ्जन। (च.सू. 4/11), सहिजन 3. सामुद्रलवण। (भा.पू. हरीतक्यादि 244) 4. महानिम्ब। (सु.क. 8/120)

अक्षुद्रकर्मिणी akṣudrakarmiṇī
क्षुद्र कर्म न करने वाली। (च.शा. 8/52), one who does not do bad deed

अक्षोट aksoṭa
औत्तरापथिका:। (चक्र.-च.सू. 27/157), अखरोट, walnut, lat- Juglans regia

अक्षोड aksoḍa
मदनफलाकारफलो मध्ये किंचित् उन्नतरेखान्वित: पर्वतपीलु: 'अखरोट' इति लोके। (ड.-सु.सू. 46/187), मदनफलाकार, मध्य में कुछ उभरी रेखाओं युक्त, अखरोट लोकनाम, walnut, lat- Juglans regia

अक्षोडतैल aksoḍa taila
स्नेह, अखरोट तैल, गुण- शीत, गुरु, केश्य, कफकृत् वातपित्तहन। (ध.नि. 6/141), walnut oil

अक्ष्यञ्जन akṣyañjana
नेत्रों में रोगनिवारणार्थ औषध अंजन। (च.सू. 5/14), collyrium

अक्ष्युपरोध akṣyuparodha
दृष्टि प्रतिबन्ध, रोगलक्षण (च.चि. 23/69), visual obstruction

अगण्य agaṇya
न गणनया:। (चक्र.-च.शा. 4/24), जिसे गिना न जाये, गर्भिणी अष्टम मास, uncountable

अगद agada
विषहर:। (चक्र.-च.चि. 9/71), विषप्रतीकार:। (ड.-सु.सू. 1/17), औषधम्। (च.चि. 3/309), विषहर औषध, antidote

अगदक्रम agadakrama
विषहर औषधियों का उचित क्रम से प्रयोग। (सु.क. 5/13), regeme

अगदङ्कर agadaṅkara
रोग का नाश कर स्वास्थ्य प्रदान करने वाला। (सु.शा. 10/39), curing disease and promoting health

अगदतन्त्र agadatantra
अगदो विषप्रतीकार:, तदर्थ तन्त्रं अगदतन्त्रम्। (ड.-सु.सू. 1/7), विषप्रतीकार या विषहरण को अगद कहते हैं उस हेतु जो तन्त्र है उसे अगदतन्त्र कहते हैं, toxicology, one among eight branches of Ayurveda

अगदप्रलिप्त agadapralipta
विषहर भेषज लेपयुक्त। (अ.सं.सू. 8/9), pasted with antidote

अगदवेद agadaveda
अगदार्थो आरोग्यार्थो यो वेद: सोऽगदवेद:। (चक्र.-च.चि. 12/4), गद अर्थात् रोग के निवारण एवं आरोग्यप्राप्ति हेतु ज्ञान युक्त शास्त्र अगदवेद (आयुर्वेद) है, Ayurveda

अगम्या agamyā
स्वसृदुहितृप्रभृतय:। (ड.-सु.चि. 24/116), मैथुन के अयोग्य, unfit to intercourse

अगर्भा agarbhā
गर्भरहिता। (च.नि. 3/14), जिसे गर्भ न होता हो, one who is not pregnant

अगस्ति agasti
अगस्त्य। (रा.नि. 10/13), हिं - अगथिया, lat- Sesbania grandiflora

अगस्त्य agastya
1. एक महर्षि। (च.चि. 1(4)/3), मित्र एवं वरुण से उत्पन्न उर्वशी के पुत्र जिन्होंने समुद्र पान किया, विन्ध्य पर्वत को झुकाया तथा दक्षिण भारत में वैद्यक विधा का प्रारम्भ किया, इन्द्र के आदेश से रसायन प्रयोग किया, रोग नाशक उपायों के ऊपर विचार करने के लिये हिमालय परिसर में एकत्रित महर्षियों में एक। (च.सू. 1/9), a sage, son of Urvashi from Mitra and Varun, mentioned by charaka 2. एक तारका, नक्षत्र, इस नक्षत्र के उदय से जल निर्विष एवं स्वच्छ हो जाता है, a star canopus. 3. एक वनस्पति (भा.प्र.पुष्पवर्ग 61), Sesbania grandiflora.

अगस्त्य रसायन agastya rasāyana
एक रसायन कल्प। (अ.सं.चि. 50), an immune booster

अगस्त्य हरीतकी agastya harītakī
कासहर अवलेह कल्पना। (च.चि. 18/57-62), a medicinal preparation for cough

अगस्त्यावलेह agastyāvaleha
कास राजयक्ष्मा नाशक औषध योग। (सु.उ. 52/42-46), a preparation for cough and tuberculosis

अगुण aguṇa
अविद्यमानसत्वादिगुणम्। (ड.-सु.शा. 1/9), गुण रहित, निर्गुण, पुरुष गुणरहित है, no quality

अगुरु aguru
सुगन्धिद्रव्य। (भा.प्र.पू. कर्पूरादिवर्ग), हि.- अगर, eng- eagle wood, lat- Aquilaria agallocha

अगुरुज aguruja
अगुरुजन्यधूपादि। (च.चि. 3/269), अगुरु निर्मित धूप आदि, fumigation prepared from eagle wood

अगुरुतैल agurutaila
अगुरुसारतैल, दुष्टव्रणशोधन। (सु.सू. 45/123), oil of eagle wood

अगुरुसार agurusāra
अगुरुनिर्यास। (रा.नि. 12/39), अगरु/अगर निर्यास, secretion of eagle wood

अगुरुसार तैल agurusāra taila
अगुरुसारतैल। (सु.सू. 45/123), अगुरु निर्यास सिद्ध तैल। (अ.सं.सू. 6/106), अगर के निर्यास से निर्मित तैल, oil prepared from Aquillaria agallocha

अगुर्वाद्यतैल agurvādyataila शीतज्वरनाशक तैलयोग। (च.चि. 3/267), an oil preparation to relieve cold in fever

अगूढगन्ध agūḍhagandha
हिङ्गु:। (ध.नि. 2/36), हींग, lat- Ferula narthex

अगोचरभृत agocarabhṛta
आनूपं धन्वदेशे पुष्टम्। (चक्र.-च.सू. 27/311), गोचर देश को कहते हैं, एक देश का जन्मा, दूसरे देश में पालन पोषण हुआ जैसे आनूपप्राणी का जांगल देश में पोषण, इस प्राणि का मांस निषिद्ध है, immigrant

अग्नि agni
1. जठराग्नि। (च.चि. 15/3), digestive juice 2. भूताग्न्य: पञ्च, धात्वाग्न्य: सप्त, इति द्वादशाग्न्य:। (चक्र.-च.चि. 15/3), दोषधातुमलसन्निपात जनितोऽन्तरूष्मा:। (अ.सं.शा. 6/56), दोष, धातु एवं मल के समन्वय से उत्पन्न आन्तरिक ऊष्मा, पंचभूताग्नि, सप्त धात्वाग्नि, यह बारह अग्नियां हैं, जठराग्नि सह कुल 13 अग्नियाँ होती हैं, digestive and metabolic enzymes. 3. प्राण विशेष। (सु.शा. 4/3), सप्त प्राणों में से एक, one among seven vital factors 4. देवता। (च.चि. 3/82), God 5. वाणी का देवता। (सु.शा. 1/7), God of speech 6. सत्वरजोबहुलोऽग्नि:। (सु.शा. 1/20), सत्व एवं रज गुण युक्त एक महाभूत, तेज महाभूत, a mahabhuta 7. लौकिक अग्नि। (च.सू. 2/40), आग fire 8. अनुशस्त्र। (सु.सू. 8/15), एक सहायक शस्त्र, an accessary surgical instrument 9. सुवर्णम्। (रा.नि. 13/1), स्वर्ण या सोना, gold 10. चित्रक। (भा.पू. हरीतक्यादि), चीता, eng- Ceylon leadwort, white lead wort, lat- Plumbago zeylanica 11. भल्लातक:। (र.र.स. 13/66), भिलावा, marking nut, lat- Semecarpus anacardium

अग्निक agnika
1. चित्रक। (ड.-सु.उ. 23/10), चीता, eng. Ceylon leadwort, white leadwort, lat- Plumbago zeylanica 2. अजमोदा। (ड.-सु.उ. 9/19), अजमोद eng. Celery fruit, Apiumfructus, lat- Apium graveolens 3. भल्लातक (भा.प्र.पू. हरीतक्यादि)

अग्निकबभ्रु agnikababhru
मण्डलीसर्पभेद:। (सु.क. 4/34-2), मण्डलीसर्प में एक, a type of snake predominating in pitta

अग्निकर्णिका agnikarṇikā
अग्निमन्थ:। (र. 11/54), अग्निमंथ, lat- Premna spinosa

अग्निकर्म agnikarma अग्निना कृत्वा यत् कर्म, अग्ने: सम्बन्धि वा यत्र कर्म, तदग्निकर्म:।। (सु.सू. 12/2), अग्नि के द्वारा किया जाने वाला अथवा अग्नि सम्बन्धी जो कर्म है, उसे अग्निकर्म कहते हैं, thermal cauterization

अग्निकीट agnikīṭa
प्राणनाशक कीटविशेष। (सु.क. 8/17), a poisonous insect

अग्निकुमार रस agnikumāra rasa
जैपालगन्धाश्मरसत्र्याणां फलत्रयस्यापि कटुत्रयस्य:। (र.र.स. 18/75-77), जयपाल, शुद्धगन्धक, शुद्धपारद, त्रिफला, त्रिकटु आदि से निर्मित अग्निवर्धक औषध योग, a carminative mercurial preparation

अग्निक्वथन agnikvathana
अग्नि प्रयोग से उबाला हुआ। (सु.सू. 45/12), जलदोष निवारण विधि, boiled on fire

अग्निगन्धक agnigandhaka
चम्पक:। (रा.नि. 10/239), चम्पा पुष्प, Michelia champaca

अग्निगर्भ agnigarbha
अग्निजार:। (ध.नि. 6/21), अम्बर, व्हेल मत्स्य की अन्त्र का शुष्क भाग, amber

अग्निगृह agnigṛha
अग्निमद्गृहम्। (चक्र.-च.सू. 20/16), अग्नि तप्त गृह, fire warm house

अग्निजिह्वा agnijihvā
कलिहारी। (अ.सं.शा. 1/61), लांगली, eng- glory lily, lat- Gloriosa superba

अग्निज्वाला agnijvālā
धातकी:। (रा.नि. पिप्पल्यादि 213), हिं- धाय, lat- Woodfordia floribunda

अग्नितुण्डरस agnituṇḍarasa
रसगन्धाजमोदानां कृमिघ्नब्रह्मबीजयो, एकद्वित्रिचतु:पञ्चभागान् सविषतिन्दुकान्:। (र.र.स. 20/215-217), शुद्धपारद, शुद्धगन्धक, अजमोद, विडंग, ढाकबीज, कुपीलु एक, दो, तीन, चार, पांच, छ: भाग लेकर निर्मित रसयोग, यह कृमिनाशक है, a wormicidal mercurial preparation

अग्निदग्ध agnidagdha अग्निद्वारा दग्ध होना, यह प्रमादजन्य दग्ध प्लुष्ट, दुर्दग्ध, सम्यग्दग्ध, अतिदग्ध भेद से चार प्रकार का होता है। (सु.सू. 12/16), अग्निदग्ध व्रण अबन्ध्य होता है। (सु.सू. 18/32), burns and scalds

अग्निदमनी agnidamanī
दमनक:। (रा.नि. 4/3), दवना, दौना, lat- Artemisia vulgaris, वनस्पति (रा.नि. शताह्वादि 59), अग्निदवणा, दुरालभा भेद

अग्निदाह agnidāha
अग्निकर्म। (अ.सं.उ. 33), cauterization

अग्निदीपन agnidīpana
औषधकर्म, जठराग्नि वृद्धि। (च.सू. 27/251), जठराग्नि को दीप्त करना, carminative

अग्निदीप्ता
agnidīptā
तेजोवती। (सु.चि. 33/27), महाज्योतिष्मती (भा.प्र.), हि.-मालकांगनी, eng- staff tree

अग्निदीप्ति
agnidīpti
जठराग्निदीपन। (सु.चि. 33/27), carminative

अग्निदोष
agnidoṣa
अग्निविकृतिः। (अ.सं.शा. 6), अग्नि का दूषित होना, disturbed gastric functions

अग्निधमन
agnidhamana
निम्बः। (रा.नि. 9/44), नीम, lat- Azadirachta indica

अग्निनक्र
agninakra
जलचर प्राणि, अग्न्याख्यो नक्रः। (र.र.स. 3/142), अग्नि नामक मगर, जलचर, alligator named as agni

अग्निनामा
agnināmā
वायव्य कीट में से एक। (सु.क. 8/5), वायु कोपक एक कीट, a vata vitiating insect

अग्निनाश
agnināśa
पाण्डुत्व स्रोतसां रोधः क्लैब्यं सादः कृशाङ्गता। नाशोऽग्नेरयथाकालं वलयः पलितानि च।। (च.सू. 28/10), रसप्रदोषज रोग, अग्नि (जठराग्नि) का नाश होना, dyspepsia

अग्निनिर्यास
agniniryāsa
अग्निजारः। (ध.नि. 6/21), अंबर, amber

अग्निपरीक्षा
agniparīkṣā सविष अन्न की पहचान हेतु अन्न को अग्नि में डालकर की जाने वाली परीक्षा। (अ.हृ.सू. 7/13), test for poisonous food by dipping it in fire, a sort of flame photometry

अग्निपर्णी
agniparṇī
अग्निमन्थः। (र. 14/71), अरणी, lat- Clerodendrum phlomidis

अग्निप्रतपन
agnipratapana
अग्नि द्वारा स्वेदन करना, प्लुष्ट दग्ध में प्रयोज्य। (सु.सू. 12/20), sudation by fire

अग्निप्रताप
agnipratāpa
आमपाचनार्थम्। (ड.-सु.उ. 56/12), अग्नि द्वारा तापन करना, वातकफरोगों में प्रयुक्त, sudation by heat fire

अग्निप्रभा
agniprabhā
शतपदी भेद। (सु.क. 8/30), असाध्यदंश युक्त शतपदी, an insect, a venomous centipede with incurable bite

अग्निफला
agniphalā
तेजोवती। (रा.नि. 3/392), ज्योतिष्मती, मालकांगनी, Celastrus paniculatus

अग्निबन्ध
agnibandha
केवलो योगयुक्तो वा ध्मातः स्याद्गुटिकाकृतिः, अक्षीणश्चाग्निबद्धोऽसौ खेचरत्वादिकृत् स हि।। (र.र.स. 11/88), पारद बन्ध का एक प्रकार, केवल पारद अथवा द्रव्यान्तर संयुक्त पारद को अग्नि पर रख कर तापने से यदि वह न उडे और न मात्रा में ही कम हो, किन्तु उसकी गोली सी बंध जाये, तो उसे अग्निबद्ध पारद कहते हैं, a method to bind mercury

अग्निबल
agnibala
अग्निजरणशक्ति। (च.सू. 13/70), जठराग्नि की पचनशक्ति, digestive power

अग्निभासा
agnibhāsā
ज्योतिष्मती। (ध.नि. 1/267), मालकांगनी, lat- Celastrus paniculatus

अग्निभेद
agnibheda
अग्निवैषम्यम्। (का. बालग्रहचि.), रेवती ग्रह के कोप से होने वाली अग्नि की विषमता, disturbed digestive enzymatic functions

अग्निभ्रंश
agnibhraṃśa
अग्न्यादि भ्रंशो विनाशो। (अरु.-अ.हृ.नि. 11/58), अग्नि का नाश होना, (आभ्यन्तर गुल्म का लक्षण), dyspepsia

अग्निमथन
agnimathana
अग्निमन्थ। (ध.नि. 1/110), अरणी

अग्निमन्थ
agnimantha
तेजोवृक्षः पूर्वदेशे आगथ प्रसिद्धः। (ड.-सु.सू. 38/10), अङ्गेशूर लोकनाम। (ड.-सु.सू. 38/12), पर्यायः गणिकारिका, जय, जयन्ती, जया, तर्कारी, नादेयी, वैजन्तिका, श्रीपर्णी। (भा.प्र. गुडूच्यादि 23), हि.-अरणी, lat. Clerodendrum phlomidis/Premna integrifolia, fam- verbenaceae

अग्निमन्थन
agnimanthana
अग्निमन्थ। (ध.नि. 1/111), हिं-अरणी

अग्निमान्द्य
agnimāndya
जठराग्नि का मन्द होना, वातदोष से विषम, पित्त से तीक्ष्ण एवं कफ से मन्दाग्नि होती है। (अ.हृ.शा. 3/74), decreased power of digestive enzymes

अग्निमार्दव
agnimārdava
वह्निमांद्यम्। (विज.-मा.नि. 5/22), अग्निमांद्य, dyspepsia, loss of digestive enzymes

अग्निमुख
agnimukha
भल्लातक। (ध.नि. 3/143), हि.-भिलावा

अग्निमुखी
agnimukhī
1. लाङ्गली। (चक्र.-च.सू. 4/9(4)), हिं.-कलिहारी, 2. भल्लातक। (भा.प्र.पू. हरीतक्यादि 226), हिं.-भिलावा

अग्नियुग्म agniyugma
चित्रक एवं भल्लातक। (र.त. 15/69)

अग्निरोहिणी agnirohiṇī
क्षुद्ररोग, कक्षाभागेषु ये स्फोटा इत्यादिना अग्निरोहिणी। (गय.-सु.नि. 13/20), कक्षा में मांसदारण करने वाले स्फोट जिनमें अन्तर्दाह एवं ज्वर होता है यह जलती हुई अग्नि के सदृश होते हैं यह सन्निपातज असाध्य व्याधि है जो सात, दश या 15 दिन में रोगी को मार डालती है, bubonic plague

अग्निवक्त्रा agnivaktrā
लूता भेद। (सु.क. 8/118), दंश से दाह, स्राव, ज्वर, कण्डू, रोमहर्ष, विस्फोट को करने वाली लूता विशेष, a poisonous insect

अग्निवध agnivadha अग्निवध: अग्निमांद्य:। (हे.-अ.हृ.सू. 4/2), अग्नि की मंदता, मन्दाग्नि, अपानवायु वेगावरोध जन्य लक्षण, dyspepsia

अग्निवल्लभ agnivallabha
सर्जक, राल (ध.नि. 3/121), शालनिर्यास, राल, resin of Shorea robusta

अग्निविसर्प agnivisarpa
वातपित्तज विसर्प। (च.चि. 21/36), (अ.सं.नि. 13), वातपित्तप्रधान विसर्प जिसमें अग्निसमान दहन, वमन अतिसार आदि लक्षण होते हैं, a form of erysipelas

अग्निवीर्य agnivīrya
सुवर्णम्। (रा.नि. 13/1), स्वर्णधातु, gold

अग्निवेश agniveśa
पुनर्वसु आत्रेय के शिष्य एवं अग्निवेश तन्त्रकर्त्ता। (च.सू. 1/39), a disciple of Atreya and author of Agnivesha tantra

अग्निशेखर agniśekhara
कुङ्कुम। (रा.नि. 12/21). हिं.- केशर, saffron

अग्निष्टोम agniṣṭoma
सोमप्रकार। (सु.चि. 29/7), सोम रसायन भेद

अग्निसाद agnisāda
अग्निसाद: अग्निमान्द्यम्। (ड.-सु.उ. 52/7), (ड.-सु.उ. 62/10), अग्निमांद्य, मन्दाग्नि, dyspepsia

अग्नीषोमसंयोग agniṣomasaṃyoga
आर्तव एवं शुक्र का परस्पर संयोग। (सु.शा. 3/4), union of ovum and sperm

अग्न्यधिष्ठान agnyadhiṣṭhāna
अग्नेराश्रय इत्यर्थम्। (चक्र.-च.चि. 15/56), अग्नि का आश्रय स्थान, ग्रहणी, site of digestive enzymes, duodenum

5—4 Min. of HRD/2016

अच्छ accha
1. अच्छ: केवल:। (हे.-अ.हृ.सू. 16/16), एकमात्र वही (बिना किसी मिश्रण के), स्वच्छ, निर्मल, clear (fluid) without any mixing 2. अच्छो जलसदृशो नित्यं स्रावो जायते, विशेषेण रात्रौ:।। (अरु.-अ.हृ.उ. 19/9), जल के समान स्वच्छ निरंतर स्राव, नासास्राव का लक्षण, clear, transparent

अच्छस्नेह acchasneha
अच्छ: केवल स्नेह:। (ड.-सु.चि. 31/21), शुद्ध अच्छश्च पेयश्च अच्छपेय:। (चक्र.-च.सू. 13/25), केवल शुद्ध स्नेह (औषध रहित) का पान, ingestion of pure unctuous substance

अजकाजात ajakājāta
अजापुरीषप्रतिमो रुजावान् सलोहितो लोहितपिच्छिलाश्रु:। विदार्य कृष्णं प्रचयोऽभ्युपैति तं चाजकाजातमिति व्यवस्येत्। (सु.उ. 5/10), अजा पुरीष के समान रुजावान्, रक्तपिच्छिल अश्रु स्रावयुक्त नेत्र कृष्ण भाग का विदारण करने वाली व्याधि अजकाजात है, iris prolapse

अजगल्लिका ajagallikā
क्षुद्ररोग, (अत्रभोज:) मारुत: कफमादाय पिडिकां माषमुद्गयो:। तुल्यां सवर्णां त्वङ्मांसे कुरुते साऽजगल्लिका।। (गय.-सु.नि. 13/4), बालकों में होने वाली कफवातयुक्त पिड़का जो त्वक् मांस वर्ण की मुद्ग एवं माष के सदृश होती है, exanthemata

अजस्र ajasra
अजस्रं अनवरतम्। (ड.-सु.उ. 22/16), अनवरत, निरन्तर, नासापरिस्रव का लक्षण, continous, a sign of nasal discharge

अजातसार ajātasāra
सारहीन:। सा चेदपचाराद् द्वयोस्त्रिषु वा मासेषु पुष्पं पश्येन्नास्या गर्भ: स्थायस्तीति विद्यात्; अजातसारो हि तस्मिन् काले भवति गर्भ:।। (च.शा. 8/23), सारहीन गर्भ (गर्भ के प्रसंग में), यदि अपथ्य सेवन करने से दूसरे या तीसरे मास में गर्भिणी स्त्री के रज:स्राव को देखें तो यह समझ लें कि गर्भ की स्थिति नहीं रहेगी, क्योंकि तीन मास तक गर्भ सारहीन होता है, embryo till the age of third month

अजिन ajina
अजिनं व्याघ्रादि चर्म। (चक्र.-च.सू. 6/15), व्याघ्र आदि पशुओं की चर्म जो बैठने आदि के कार्य में प्रयुक्त होती है जैसे व्याघ्र चर्म से बना आसन, skin of dear, tiger etc used for sitting

अजीर्ण ajīrṇa
भोजन का सम्यक् रूप में न पचना। (च.सू. 5/39), indigestion

अजीर्णाध्यशन ajīrṇādhyaśana
अजीर्णेऽध्यशनमजीर्णाध्यशनं, किंवा अजीर्णस्यापक्वस्याशनमजीर्णाशनम्, अध्यशनं तु पूर्वान्नशेषे यदुज्यते यदाह- भुक्तस्योपरि यद्युक्तं तदध्यशनमुच्यते। (चक्र.-

च.सू. 24/10), अजीर्ण में अध्यशन करना अजीर्णाध्यशन कहलाता है अर्थात् पूर्वकृत् आहार के सम्यक् रूप से जीर्ण (पाक) न होने पर पुनः भोजन करना अथवा अपक्व भोजन (भोजन बनाने में कच्चा रह जाना) करना अजीर्णध्यशन कहलाता है, eating before digestion of previous food, eating improperly cooked food

अजुगुप्सिता ajugupsitā
धात्रीमानय समानवर्णां यौवनस्थां निभृतामनातुरामव्यङ्गमव्यसनामाविरूपामजुगुप्सिताम्। (च.शा. 8/52), धात्री के लक्षणों में से एक, जो स्त्री सर्वप्रिय हो, one of characteristics of wet nurse

अज्ञवैद्य ajñavaidya
असत्पक्षादि साधनं येषां ते तथा, असत्पक्षः। (चक्र.-च.सू. 30/76), असत् (असत्य=झूठ) पक्ष ही जिसका साधन हो, उसे 'अज्ञवैद्य' कहते हैं, ignoramus

अञ्जन añjana
अंजनशब्दोऽभ्यंजनेऽपि वर्तते, तदर्थमक्ष्यंजनमित्युक्तम्। (चक्र.-च.सू. 5/14), अंजन शब्द का प्रयोग अभ्यंजन के अर्थ में किया जाता है, इसी कारण 'आंख के अंजन' ऐसा वचन प्रस्तुत किया गया है या अंजन शब्द से यहां अभ्यंजन (काजल) अर्थ लिया जाता है। जिसे आंख का काजल भी कहते हैं, collyrium

अञ्जनादिगण añjanādigaṇa
अञ्जनरसाञ्जननागपुष्पप्रियंगुनीलोत्पल नलदनलिनकेशराणि मधुक चेति।। (सु.सू. 38/41), सौवीरांजन, रसांजन, नागकेशर, प्रियंगु, नीलकमल, जटामांसी, पद्मकेशर, मधुयष्टी आदि अंजनादि गण के द्रव्य हैं। यह गण रक्तपित्तहर, विषहर, भृश अन्तर्दाहनाशक है, a group of herbs pacifying bleeding disorders, and antitoxic

अञ्जनाभ añjanābha
रक्तपित्तं कषायाभं कृष्णं गोमूत्रसन्निभम्। मेचकागारधूमाभमञ्जनाभं च पैत्तिकम्।। (च.चि. 4/12), पैत्तिक रक्तपित्त में रक्त का वर्ण अञ्जन के समान होता है, collyrium coloured blood

अञ्जलि añjali
1. कुडवप्रमाणम्। (ड.-सु.चि. 20/10), मान का एक भेद, दो प्रसृति, चार पल या सोलह तोला के समान, a measurement equivalent to 160 gms 2. करद्वययोजनम्। (ड.-सु.उ. 37/15), हाथ जोड़ने की मुद्रा, आदरसूचक, folded hands

अञ्जलिमुख añjalimukha
स्वस्तिक यन्त्र का एक भेद। (सु.सू. 7/10), a type of cruciform instrument

अट्टहसन aṭṭahasana
अतिशयेन हासः। जोर से हंसना, laughing loudly

अणुतैल aṇutaila
अणुनां स्रोतसां हितमित्यणुतैलम्। (चक्र.-च.सू. 5:56), जो सूक्ष्म स्रोतसों के लिए हितकारी है ऐसा तैल 'अणुतैल' है, यह सामान्यतः नस्य में उपयोग होता है, oil helpful for minute channels is Anutail; a medicated oil commonly used for nasya

अतत्वाभिनिवेश atattvābhiniveśa
रजस्तमोभ्यां वृद्धाभ्यां बुद्धौ मनसि चावृते, हृदये व्याकुले दोषैरथ मूढोऽल्पचेतनः। विषमां कुरुते बुद्धिं नित्यानित्ये हिताहिते, अतत्वाभिनिवेशं तमाहुराप्ता महागदम्।। (च.चि. 10/56-60), चरक ने इसे महागद कहा है, मलिनाहारशील व्यक्ति के दोष प्रकुपित होकर रज तम की वृद्धि से बुद्धि एवं मन आवृत्त होता है, हृदय व्याकुल होकर मूढ एवं अल्पचेतना युक्त होता है एवं बुद्धि विषम हो जाती है। यह महागद अतत्वाभिनिवेश कहलाता है, confuse state of mind

अतिक्रान्त atikrānta
तन्त्रयुक्ति भेद। (सु.उ. 65/16)

अतिक्रान्तता atikrāntatā
अतिक्रान्तता दूरगमनम्। (ड.-सु.नि. 15/7), एक दूसरे से दूर होना (भग्न का लक्षण), a type of fracture in which bones move away from each other

अतिक्रान्तावेक्षण atikrāntāvekṣaṇa
अतीतस्य अवेक्षणम्। (ड.-सु.उ. 65/31), पूर्व में वर्णित, तन्त्रयुक्ति का एक भेद, described before

अतिक्लीब atiklība
अतिक्लीबं अतिविलम्बितोच्चारणम्। (चक्र.-च.सू. 8/24), अत्यधिक देर करते हुए उच्चारण करना, very slow pronunciation of the words

अतिक्षिप्त atikṣipta
अतिक्षिप्ते दूरं गतौ सन्धौ।। (ड.-सु.नि. 15/7), सन्धिमुक्त का एक प्रकार जिसमें सन्धि में भाग लेने वाली अस्थियां एक दूसरे से दूर हो जाती है, a type of dislocation

अतिचरणा aticaraṇā
पवनोऽतिव्यवायेन शोफसुप्तिरुजः स्त्रियाः। करोति कुपितो योनौ सा चातिचरणा मता।। (च.चि. 30/19), अतिचरणा बहुशो मैथुनं व्रजति, तयोश्चरणातिचरणयोर्बीजं न तिष्ठति, स्थितिं न करोतीत्यर्थः।। (ड.-सु.उ. 38/16), अति संभोगजन्य एक योनिरोग जिसमें शोफ, सुप्ति आदि होते हैं एवं यह बीजधारण नहीं करती है, nymphomania

अतिचर्या aticaryā
अत्यटनम्। (ड.-सु.सू. 21/19), अत्यधिक भ्रमण करना, wandering here and there

अतितृष्णा
atitṛṣṇā
1. अतिप्यास, excessive thirst 2. अति लोभ, excessive greed

अतिदग्ध
atidagdha
अतिदग्धे मांसावलम्बनं गात्रविश्लेषः सिरास्नायुसन्ध्यस्थिव्यापादनमतिमात्रं ज्वरदाहपिपासामूर्च्छाश्चोपद्रवा भवन्ति, व्रणश्चास्य चिरेण रोहति, रुढश्च विवर्णो भवति।। (सु.सू. 12/16), अतिदग्ध में मांस नीचे की तरफ लटकता है, दग्ध अवयव शिथिल हो जाता है, सिरा-स्नायु सन्धि और अस्थियों का अतिशय नाश हो जाता है, ज्वर, दाह, प्यास, मूर्च्छा इत्यादि उपद्रव हो जाते हैं, व्रण बहुत दिन के बाद भरता है और भरने पर भी शरीर के समान वर्ण नहीं होता, severe (4th) degree of accidental or iatrogenic burn

अतिनिद्रता
atinidratā
निद्रानाशोऽतिनिद्रा च मुखपाको व्रणोद्भवः। एकङ्गक पक्षवधः क्षीरालसक विसूचिका।। (का.सं.चि. बालग्रह चिकित्साध्याय), निद्रा का अधिक आना (रेवती ग्रह से ग्रसित शिशु का एक लक्षण), excessive sleepiness (a sign of child affected with Revati-graha)

अतिपातिषु
atipātiṣu
अतिपातिषु रोगेषु बन्धकालादि नियम व्यभिचारार्थ एवायम्। (ड.-सु.सू. 5/41), अतिपातिषु आशुकारिषु, शीघ्रकारी, चिकित्सकीय आपात काल, clinical emergency, emergency

अतिप्रतान्त
atipratānta
अतिप्रतान्तः अतिक्षीणद्रवधातुः। (चक्र.-च.सू. 13/55), जिसकी द्रवधातु अतिक्षीण हो गई हो, dehydrated

अतियोग
atiyoga
अतिमात्रयोगो विकारकरोऽतियोगः। (चक्र.-च.सू. 16/4), अतिमात्रा में दोषों का निकलना या विकार उत्पन्न करना अतियोग है, excessive removal leading to disorders

अतिराग
atirāga
उचित एव विषये पुनःपुनः प्रवर्तनेच्छा। (चक्र.-च.सू. 7/27), उचित विषय में पुनःपुनः प्रवृत्ति होने की इच्छा, excessive attachment, obsession

अतिविप्रकृष्ट
ativiprakṛṣṭa
अतिविप्रकृष्टं अतिदूरवर्ति। (चक्र.-च.सू. 11/37), बहुत दूर में स्थित होना, अतिविप्रकृष्ट कहा जाता है, distant, being far away

अतिव्यात्तानन
ativyāttānana
मुख को पूर्ण रूप से खोलना। (सु.शा. 8/10), fully opening of mouth

अतिश्लिष्ट
atiśliṣṭa
अतिश्लिष्टं नयनप्रत्यासन्नम्। (चक्र.-च.सू. 11/37), आँख के अत्यन्त समीप होना 'अतिश्लिष्ट' है, अत्यधिक समीप, approximation, being very close to the eyes

अतिसार
atisāra
अतिसरणात् अतिसारः। (अ.सं.नि. 8/17), एक रोग जिसमें द्रवमल अधो भाग से अधिक निकलता है, a disease in which the patient passes excessive loose motions, diarrhoea

अतिस्थान
atisthāna
अतिस्थानमिति अत्यर्थं दण्डायमानत्वेनावस्थितिः। (चक्र.-च.सू. 15/15), एक ही स्थान पर बहुत देर खड़े रहना, standing for a long time at one place

अतिस्निग्ध
atisnigdha
अतिस्निग्धे तु पाण्डुत्वं घ्राणवक्त्रगुदस्रवाः।। (अ.हृ.सू. 16/31), अधिक स्नेहन होने से पाण्डुता, नाक, मुख और गुदा से कफ का स्राव होता है, excessive oleation leads to anaemia and discharge (of kapha) from nose, mouth and anus

अतिहीन
atihīna
अतिहीनं नष्टशक्तिकं धान्यादि। (चक्र.-च.सू. 15/15), सड़े हुए अन्न, spoiled cereals

अतीन्द्रिय
atīndriya
अतिक्रान्तमिंद्रियमतीन्द्रियम्। (चक्र.-च.सू. 8/4), चक्षुरादिभ्योऽप्यतीन्द्रियभ्यः सूक्ष्मतरं, दुःखबोधात्। (चक्र.-च.सू. 8/4), इन्द्रिय चक्षुराद्यधिष्ठायकत्व-विशेषादतीन्द्रियमित्युक्तम्। (च.सू. 8/4), इन्द्रियों को अतिक्रान्त करने अर्थात् उनसे भी अधिक और अन्य कार्य करने के कारण मन को अतीन्द्रिय कहते हैं, चक्षुरादि इन्द्रियों से मन सूक्ष्म है तथा उसका ज्ञान इन्द्रियों से नहीं होता, अतः मन को अतीन्द्रिय कहते हैं, चक्षु आदि इन्द्रियों से मन विशेष है अतः मन अतीन्द्रिय है, mana is subtle than senses and it can not be perceived by indriya, therefore mana is called atindriya, mana works as indriya also, but as it is different from indriya, so mana is called atindriya

अतुल्यगोत्र
atulyagotra
अतुल्य गोत्रस्येति अतुल्य गोत्रस्य पुंसः।। (चक्र.-च.शा. 2/3), भिन्न गोत्र वाला, non consanguineous

अत्यादान
atyādāna
अत्यादानं तृप्तिमतिक्रम्य भोजनम्। (चक्र.-च.सू. 24/9), इच्छा या तृप्ति से भी अधिक भोजन करना अत्यादान कहलाता है, overeating

अत्युत्थान
atyutthāna
ज्यादा उठा हुआ (सु.शा. 8/8), excessively elevated

अत्युन्नत
atyunnata
उच्छ्रितकीलकादि। (ड.-सु.सू. 7/19), कील आदि का ऊपर उठा हुआ होना, यन्त्रदोष, elevated nail, a defect in instruments

अदृष्टिकृत्
adṛṣṭikṛta
अदृष्टिकृत् दर्शनरोधकृत्। (ड.-सु.उ. 5/6), दर्शनशक्ति का नाश करने वाला, सव्रण शुक्र का एक लक्षण, vision obscuring (a feature of corneal ulcer)

अध:पातन adhaḥpātana
नष्टपिष्टं रसं कृत्वा लेपयेच्चोर्ध्व भाजने। ततो दीप्तैरध: पातमुत्पलैस्तत्र कारयेत्।। (र.र.स. 11/39), नष्टपिष्ट हुये पारद को ऊपर के पात्र में लेप कर देते हैं, नीचे के पात्र में जल को भरकर सन्धिबन्धकर उपल की आग में पुट देकर पारद का अध: पातन किया जाता है, downward sublimation

अध:पातनयन्त्र adhaḥpātanayantra
अथोर्ध्वभाजने लिप्तस्थापितस्य जले सुधी:। दीप्तैर्वनोपले: कुर्यादध: पात प्रयत्नत:।। (र.र.स. 9/9), पातनायन्त्र के ऊपर वाले घड़े में नींबू भावित हिंगुल का लेप कर सुखा लेना चाहिए फिर संधिबंधन करके ऊपर वाले घड़े पर पाली बनाकर जंगली उपलों को जलाना चाहिए। इससे घड़े में संलिप्त पारद पिघलकर नीचे के जलयुक्त घड़े में घिर जाता है, an equipment used for downward sublimation of mercury

अध:शोधन adhaḥśodhana
दूषित दोषों का गुदमार्ग से निकालना। (च.क. 1/4), विरेचन, purgation

अध:स्रंसी adhaḥsraṃsī
विष्यन्दनशील:| (चक्र.-च.सू. 26/43), जो द्रवात्मक स्वभाव होने के कारण नीचे की ओर गतिशील होता है, वह अध: स्रंसी है, laxative

अधस्तन adhastana
अधस्तनो अन्नभोक्ता च यदावा।। (का.सि. 1/20), जो बालक नीचे चलता फिरता हो अर्थात् जिसने गोद त्याग दी हो, a child who has started crawling, walking, toddler

अधिदन्त adhidanta
अध्यस्थिदन्तौ दन्तास्थिभेदशूलं विवर्णता। केशलोमनखश्मश्रुदोषाश्चास्थि प्रदोषजा:।। (च.सू. 28/16), अधिक दांत होना, दांत के आगे एक दांत होना, यह एक अस्थिप्रदोषज विकार है, extra tooth

अधिष्ठान adhiṣṭhāna
अधिष्ठानं दूष्यम्। (चक्र.-च.सू. 20/3), 'दूष्य' रक्तादि धातुओं को अधिष्ठान कहा जाता है, tissues, site

अधीरता adhīratā
कातरत्वम् (विज.-मा.नि. 20/6), चित्त की अस्थिरता, panic state

अधीवास adhīvāsa
सहावस्थानम्, यावदधीवासादिति यावच्छरीरनिवासात्। (चक्र.-च.सू. 26/66), साथ में रहना, द्रव्य के रस का शरीर में निवास, इससे द्रव्य के वीर्य का ज्ञान होता है, inhabitation

अधृति adhṛti
अधृति: अधैर्ययुक्त:।। (ड.-सु.शा. 4/65), धैर्यहीन, अधीर होना (वातिक प्रकृति का एक लक्षण), impatient

अधोगुरुता adhogurutā
कुक्षी पार्श्वोदर कटीपृष्ठरुक् पर्वभेदनम्। शुष्ककासोऽङ्गमर्दोऽधोगुरुता मलसंग्रह:।। (मा.नि. 35/6), अधो (नाभि से नीचे) प्रदेश में भारीपन का अनुभव, feeling of heaviness in the lower abdomen

अधोभक्त adhobhakta
यदधोभक्तस्येति। (सु.उ. 64/70), अधोभक्तस्येति भोजनान्त इत्यर्थ:। (ड.-सु.उ. 64/70), भोजन करने के बाद औषध सेवन करना अधोभक्त कहलाता है, giving medicine after meal

अधोमार्ग adhomārga
अधोगुदेन दोष निर्हरणं भजत इत्यधोभागम्। (चक्र.-च.क. 1/4), गुदामार्ग से दोषों का निर्हरण अधोमार्ग कहलाता है, elimination of impurities through anus is adhomarga

अध्यस्थि adhyasthi
अध्यस्थि अधिकमस्थि। (हे.-अ.हृ.सू. 11/11), अस्थि का अधिक बढ़ना, hypertrophy of bone

अध्यात्म adhyātma
आत्मानमधिकृत्याध्यात्मम्। (चक्र.-च.सू. 8/13), अध्यात्मं आत्मादिस्वरूपम्। आत्मा से संबन्धित 'अध्यात्म' है, आत्मा एवं परमात्मा के स्वरूप का ज्ञान अध्यात्म है, related with Atma is adhyatma, knowledge of Atma is adhyatma

अध्यात्मद्रव्यगुणसंग्रह adhyātmadravyaguṇasaṃgraha
आत्मानमधिकृत्य यानि द्रव्याणि ये च गुणा:, तेषां संग्रहोऽध्यात्मद्रव्यगुण संग्रह:। (चक्र.-च.सू. 8/13), आत्मा के अधिकार क्षेत्र में जो द्रव्य तथा गुण आते हैं उनके संग्रह को अध्यात्म द्रव्यगुण संग्रह कहते हैं, the collection of dravya and guna pertaining to soul

अध्याय adhyāya
अधीयते इत्यध्याय:। (चक्र.-च.सू. 1/1), अधिकृत्यार्थमध्यायनामसंज्ञा प्रतिष्ठिता। (च.सू. 30/70), अधीयतेऽस्मिन्, अध्येत्यनेन वा, अधीयते वेत्यध्याय:। (चक्र.-च.सू. 30/70), अधीयतेऽस्मिन्ननेन वाऽर्थविशेष इत्यध्याय:। (चक्र.-च.सू. 1/1), जिसका अध्ययन किया जाता है, उसे अध्याय कहते हैं। किसी विषय को आधार मानकर उसका वर्णन जहाँ किया जाता है, उसे अध्याय कहते हैं। जिसमें या जिसके द्वारा अध्ययन किया जाता है, उसे अध्याय कहते हैं, chapter is that which is studied or by which it is studied is called the chapter, where considering a topic as the subject matter, being explained is called a chapter

अध्वगमन adhvagamana
अध्वगमनं दीर्घमार्गगमनम्।। (ड.-सु.नि. 3/7), लंबी दूरी तक चलना, long walk

अनतिविकृतचेष्ट anativikṛtaceṣṭa

नाति विकृत्। (योगे.-च.नि. 8/8), कफज अपस्मार का लक्षण, अधिक विकृत चेष्टाओं का न होना, less violent activities

अननुक्रोश ananukrośa

अननुक्रोशमिति निर्दयम्।। (चक्र.-च.शा. 4/38), निर्दयी होना (आसुर सत्व का लक्षण), cruel

अननुवास्य ananuvāsya

रोग एवं रोगी जिनमें अनुवासन कर्म वर्जित है। (च.सि. 2/17), contraindications of unctous enema

अनन्त ananta

सुवर्णम्। (सु.शा. 10/13), स्वर्ण धातु, gold

अनन्तपार anantapāra

अविद्यमानावन्तपारौ यस्यासावनन्तपारः। (चक्र.-च.सू. 1/25), जिसका अन्तिम छोर या किनारा न हो, मोक्ष को अनन्त या उत्कृष्ट फल कहते हैं, उत्कृट फल प्रदान करने वाला होने के कारण आयुर्वेद को अनन्तपार कहते हैं, which has no end is called anantapara, the final emancipation is regarded as endless and excellent result, since Ayurveda imparts the endless and excellent result i.e. emancipation, it is called anantapara

अनपवाद anapavāda

अनपवादमिति अव्यभिचारि। (चक्र.-च.सू. 25/32), अव्यभिचारी (दोषरहित) या अपवाद रहित होना अनपवाद कहा गया है, faultless, without controversy

अनलदल analadala

मृतेन वा बद्धरसेन वाऽन्यल्लोहेन वा साधितं अन्यलोहम्। पीतत्वमुपागतं तद्दलं हि अनलयोः प्रसिद्धम्।। (र.र.स. 8/17), पारदभस्म, बद्धपारद अथवा अन्य किसी धातु की सहायता से किसी धातु को यदि पीत वर्ण का बना दिया जाये तो उसे अनलदल कहते हैं, changing a metal into yellow colour

अनवमत anavamata

अनवमतः अनवज्ञातो बहुमानगृहीत इति भावम्। (चक्र.-च.सू. 11/5), बिना उपमानित हुए अथवा अधिक सम्मान के साथ जीवन जीना 'अनवमत' कहा जाता है, to live honorable life without being insulted

अनवस्थितचपलरूपदर्शन anavasthitacapalarūpadarśana

अनवस्थितचपलरूपदर्शनं पतनकाले ज्ञेयं, पतितस्तु न बुध्यत एव। (च.नि. 8/8-2), गिरते हुए अस्थिर रूप का दर्शन होना, वातज अपस्मार का एक लक्षण, unstable images

अनागत anāgata

अनागत ईषदागतः। (ड.-सु.चि. 24/1), भविष्य में होने वाला, future

अनाग्नेयस्वेद anāgneyasveda

अनाग्नेयं पुनर्मेदःकफावृत्ते वायौ। (अ.सं.सू. 26/17), व्यायाम उष्णसदनं गुरुप्रावरणं क्षुधा बहुपानं भय क्रोधावुपनाहाहवातपाः।। (च.सू. 14/64), स्वेदयन्ति दशैतानि नरमग्निगुणादृते। (च.सू. 14/65-1), जिस स्वेद क्रिया में अग्नि का उपयोग न हो, उसे अनाग्नेय स्वेद कहा जाता है; यह मेद एवं कफ से आवृत वात के लिए उपयोगी हैं। (ड.-सु.चि. 32/15), व्यक्तियों में बिना अग्नि के स्वेदन के 10 प्रकार हैं जैसे व्यायाम, उष्णनिवास, भारी वस्त्र, भूख, मद्य, भय, क्रोध, उपनाह, युद्ध एवं धूप सेवन आदि, Nonthermal sudation, there are ten procedures of sudation where fire heat is not used; those are known as anagneya Sveda, niragni sveda is its synonym, Charaka describes ten anagneya sveda or non thermal sudation

अनाप्त anāpta

अनाप्ताः स्वे तन्त्र इति स्वतन्त्रानभिज्ञानात्। (चक्र.-च.सू. 30/82), अपने शास्त्र का ज्ञान (सम्यक् ज्ञान) न होने से अज्ञ को अनाप्त कहा गया है, adherent to false

अनार्तव anārtava

अनार्तवस्तना षण्डी खरस्पर्शा च मैथुने।। (सु.उ. 38/18), आर्तव का न होना, षण्डी योनि का एक लक्षण, amenorrhea, cessation of menstruation

अनार्य anārya

आराद् दूरात् पापेभ्यो यात आर्यः, तद्विपरीतो अनार्यः। (चक्र.-च.सू. 8/19), आर्य के विपरीत अर्थात् जो पाप कर्म करे वह 'अनार्य' है, one who indulges in sins is anarya

अनास्थाप्या anāsthāpyā

रोग एवं रोगी जिनमें आस्थापन बस्ति वर्जित है। (च.सि. 2/14), contraindications of asthapana basti

अनिग्रहसन्दंशयन्त्र anigrahasandaṃśayantra

अनिग्रहोऽनिबन्धनः सुवर्णकारस्येव। (ड.-सु.सू. 7/11), कीलरहित सन्दंशयन्त्र जो सुवर्णकार प्रयुक्त करते हैं, dissecting forceps without catch

अनिमिषाक्ष animiṣākṣa

अनिमिषाक्षस्य निमेषासमर्थ चक्षुषः। (विज.-मा.नि. 22/47), आंखों के पलक का झपकने में असमर्थ होना, असाध्य अर्दित का एक लक्षण, inability to blink eye lids

अनीशता anīśatā

वाग्वाहिनी सिरासंस्थो जिह्वां स्तम्भयते अनिलः। जिह्वा स्तम्भः स तेन्नानपा वाक्येष्वनीशताः।। (अ.हृ.नि. 15/31), अन्नपान वाक्येषु अनीशता - असमर्थता भवति। (अरु.-अ.हृ.नि. 15/31), जिह्वास्तम्भ के कारण, अन्नपान ग्रहण एवं बोलने में असमर्थता होती है, inability to ingest and speech

अनीश्वर anīśvara

प्रनष्टाग्निबलाहारा: सर्वचेष्टास्वनीश्वरा:। दीना: प्रतिक्रियाभावाज्जहतोऽसून-नाथवत्। (च.चि. 13/6), अक्षम, असमर्थ होना, उदर रोग का एक लक्षण जिसमें रोगी कोई भी चेष्टा करने में असमर्थ हो, immobile

अनुकार anukāra

भूतस्य रूपप्रकृति भाषागत्यादिचेष्टितैः। यस्यानुकारं कुरुते तेनाविष्टं तमादिशेत्।। (अ.ह.उ. 4/2), भूतबाधा से ग्रस्त व्यक्ति उसी प्रकार की चेष्टाएं करता है जैसे भूत, राक्षस, गंधर्व आदि से वह ग्रस्त होता है, to follow

अनुक्त anukta

अनुक्ते अप्रकाशिते। (आढ.-शा.सं.प्र. 1/47), जिसे प्रकट नहीं किया गया है, lack of specific information

अनुग्रहार्थ anugrahārtha

अनुग्रहार्थमिति उपकारार्थम्। (ड.-सु.सू. 13/3), अनुग्रह का अर्थ है उपकार, सुविधा, कृपा आदि, for favour, for convenience, for better acceptability

अनुत्थितविद्धा anutthitaviddhā

दु:स्थान बन्धनाद्वेपमानाया: शोणितसंमोहो भवति सा वेपिता, अनुत्थितविद्धायामप्येवम्। (सु.शा. 8/18-19), एक प्रकार का दुष्ट सिरावेध, उचित प्रकार से यन्त्रण न करने पर ठीक से न उठी हुई सिरा का उचित वेधन न होना, इससे रक्त उचित प्रकार से स्रावित नहीं होता है, a defective venesection

अनुध्यायति anudhyāyati

अनुध्यायति मनसा चिन्तयति। (चक्र.-च.सू. 30/29), जिसका मन से चिन्तन किया जाता है, उसे अनुध्यायति कहते हैं, meditation, thinking

अनुपक्रम anupakrama

अकिञ्चित्करत्वेनाविद्यमान उपक्रमो यस्य तदनुपक्रमम्। (चक्र.-च.सू. 10/9), जिस रोग में रोगशान्ति के लिए कुछ नहीं किया जा सकने के कारण उसकी उपक्रम (चिकित्सा) विद्यमान नहीं हो, उसे अनुपक्रम कहा जाता है, a disease/disorder that does not respond to any kind of treatment

अनुपतापाय anupatāpāya

अनुपतापाय अनुपघाताय; उपघातकहेतुवर्जनेनेत्यभिप्राय:।। (चक्र.-च.सू. 8/17), रोग रहित अर्थात् आरोग्यता, व्याधिकारक हेतुओं से शरीर की रक्षा करना, to keep body healthy, avoidance of causative factors of diseases

अनुपहत्य anupahatya

अनुपहत्य विकारमकृत्वेत्यर्थ:| (चक्र.-च.सू. 5/4), विकारोत्पत्ति न करना, इसका यह अर्थ है, the term refers to the causative factors which do not manifest the disease

अनुपान anupāna

अन्नादनुपश्चात् पीयत इत्यनुपानम्। (ड.-सु.सू. 46/419), अनु पश्चात् सह वा पीयते इत्यनुपानम्। (हे.-अ.ह.सू. 8/50), तत्तद्रोगहन भैषज्यं भैषजस्यानुपीयते। यच्च साहाय्यकारि स्यादनुपानं तदुच्यते।। अन्न के पश्चात् पीया जाने वाला, जो मुख्य औषधि सेवन के पश्चात् औषधि की क्रिया को बढ़ाने के लिये दिया जाता है, उसे अनुपान कहते हैं, after drink

अनुबन्ध anubandha

1.अनुबध्नात्यायुरपरापरशरीरादिसंयोगरूपतयेत्यनुबन्ध:। (चक्र.-च.सू. 1/42), पूर्व देहादि संयोग से अनुबन्ध बनाए रखने के कारण आत्मा को अनुबन्ध कहते हैं, यह आत्मा के सन्दर्भ में है, since being united with the body etc. of successive life is called anubandha; it refers to Atma 2. अनुबन्ध: पश्चात् काल जात:। (चक्र.-च.सू. 19/7), मुख्य रोग के कुछ काल के व्यतीत हो जाने पर उत्पन्न होने वाला, that produced after some time of main disease 3. अनुबन्ध सततम्। (चक्र.-च.सू. 24/53), लगातार सम्बन्ध बने रहना अनुबन्ध कहलाता है, continous association 4. अनुबन्ध: अप्रधान:। (चक्र.-च.सू. 19/7), जो व्याधि प्रधान नहीं होती, secondary disease

अनुमान anumāna

व्याप्तिग्रहणादनु अनन्तरं मीयते सम्यग्निश्चीयते परोक्षार्थो येन तदनुमानम्। (चक्र.-च.सू. 11/21), व्याप्तिग्रहण के बाद परोक्ष विषयों का, जिसके द्वारा सम्यक् निश्चय किया जाये, उसे अनुमान कहा जाता है, inference

अनुमानगम्य anumānagamya

अनुमानेन प्रतीयन्त इत्यनुमानगम्यानि। (चक्र.-च.सू. 8/14), जिसका ज्ञान अनुमान प्रमाण के द्वारा हो वह अनुमानगम्य है, perceived through inference

अनुयोग anuyoga

मुखवाद्यनृत्यगीतान्नपानस्नानमाल्यधूपगन्धिरतिं रक्तवस्त्र बलिकर्म हास्यकथानुयोगप्रियं शुभगन्धं च गन्धर्वोन्मत्तं विद्यात्। (च.चि. 9/20), पृच्छा:। (योगे.-च.चि. 9/20), जो प्रश्न पूछने में रुचि रखता हो (गन्धर्वोन्माद का एक लक्षण), one who is interested in putting question (a sign of gandharvonmada)

अनुरस anurasa

अव्यक्तोऽनुरस: किञ्चिद् अन्ते व्यक्तोऽपि चेष्यते। (अ.ह.सू. 9/4), यस्तूक्तावस्थाचतुष्टयेऽपि व्यक्तो नोपलभ्यते, किंतर्ह्यव्यपदेश्यतया छायामात्रेण कार्यदर्शनेन वा मीयते, सोऽनुरस इति वाक्यार्थ:।। (चक्र.-च.सू. 26/28), जो द्रव्य में अव्यक्त रूप से रहता है एवं प्रधान रस की प्रतीति के पश्चात् अनुभव होता है, उसे अनुरस कहते है, द्रव्यों के रस उक्त चारों अवस्थाओं (शुष्क, आर्द्र,

आदि एवं अन्त) में व्यक्त न होने के कारण उनके अल्प व्यक्त कार्यों को देखकर जिसका ज्ञान होता है, वह अनुरस है, after taste, subsidiary taste

अनुलोम
anuloma

1. अनुलोमयोः विरेचनयोः। (चक्र.-च.सि. 6/3), अनुलोम विरेचन का पर्याय है, purgation 2. अनुलोममिति लोमानुकूल्येन, येनैवावर्तेन लोमानि सन्ति तेनैवावर्तेन व्यर्थः। (ड.-सु.सू. 5/7), लोम की दिशा में, in the direction of body hair 3. अनुलोमं पराचीनम्। (सु.सू. 27/6) पराचीनमिति दूरप्रविष्टम्; कायस्थ पराधनिर्गतं शल्यमुच्यते। (सु.सू. 27/6), दूरस्थ प्रविष्ट शल्य को उसी मार्ग में आगे ले जाकर निकालने को भी अनुलोम कहते हैं, shalya situated far away from its entry point should be taken out by pushing it forward is known as anuloma

अनुलोमन
anulomana

कृत्वा पाकं मलानां यद् भित्वा बन्धमधो नयेत्, तच्चानुलोमनं ज्ञेयम्। (शा.सं.प्र.ख. 4/4), जो मलों का पाक कर तथा उनके विबन्ध को भेद कर अधोमार्ग द्वारा बाहर निकालता है, वह अनुलोमन है, जैसे हरीतकी, downward evacuation of faeces, laxative, aperients

अनुवर्ण सुवर्ण
anuvarṇa suvarṇa

भागादद्व्याधिके क्षेपमनुवर्ण सुवर्णके। (र.र.स. 8/51) जब एक नियत भाग रजत या अन्य धातु सुवर्ण में मिलाई जाती हैं तो उसे सुवर्ण का अनुवर्ण कहते हैं, mixing a definite portion of metal in gold

अनुवर्तते
anuvartate

अनुवर्ततेऽनुबध्नाति। (चक्र.-च.सू. 8/6), सम्बन्ध स्थापन करना, imitation, following

अनुवासन
anuvāsana

1.अनुवसन्नपि न दुष्यत्यनुदिवसं वा दीयत इत्यनुवासनः। (ड.-सु.चि. 35/17), शरीर में रहने पर भी हानि न पहुंचाने वाली अथवा प्रतिदिन दी जा सकने वाली बस्ति, स्नेहबस्ति, **tonifying enema** 2. पारद का एक संस्कार जिससे पारद में अत्यधिक शक्ति उत्पन्न हो जाती है, (रस रत्नाकर-पारद प्रकरण), excessive energization of mercury

अनुविधीय
anuvidhīya

अनुविधीयत इति तदनुगुणं देहेनानुतिष्ठति। (चक्र.-च.सू. 30/29), चिन्तनानुरूप कार्यों को करना, अनुविधीय कहलाता है; जो स्वयं आयुर्वेद में कहे गये वचनों के अनुसार आचरण करे, अनुविधीय है, practicing spiritual truth

अनुषंगी
anuṣaṅgī

अनुषंगी पुनर्भावी। (चक्र.-च.सू. 25/40), पुनः उत्पन्न होने वाले रोगों को अनुषंगी कहा जाता है, relapsing

अनृत
anṛta

अनृतं अपार्थकम्। (चक्र.-च.सू. 7/28), झूठ, false

अन्तरपान
antarapāna

अन्तरपानं पाचनमाहुः। (चक्र.-च.सि. 8/23), पाचन औषध के कषाय को पीना, drinking of decoction prepared with pachana drugs

अन्तराभक्त
antarābhakta

अन्तराभक्तं नाम यत् पूर्वाह्ने भोजनमुपयुज्य तस्मिन् जीर्णे मध्याह्न औषधमुपयुज्यते। (सु.उ. 64/73), पूर्वाह्न में किए हुए भोजन के जीर्ण होने पर मध्याह्न में दी जाने वाली औषधि को अन्तराभक्त कहते हैं, administration of drug afternoon on digestion of breakfast

अन्तर्गतस्वर
antargata svara

क्रिया विशेष कण्ठस्यान्तर्गतं यथा भवति तथा स्वरं वचनं वदतीति योज्यम्। (विज.-मा.नि. 13/4), स्वर का कंण्ठ के अन्तर्गत ही रुकना, dysphasia

अन्तर्धूममूर्च्छना
antardhūma mūrcchanā

सगन्धा तु बहिर्धूमान्तर्धूमनिर्धूमस्त्रिविधा। (आ.प्र. 1/137), पारद की सगन्ध मूर्च्छना, बहिर्धूम, अन्तर्धूम एवं निर्धूम भेद से 3 प्रकार की है, closed heating process of mercury to make it curative

अन्तर्वेगज्वर
antarvegajvara

अन्तर्दाहोऽधिकस्तृष्णा प्रलापः श्वसनं भ्रमः। सन्ध्यस्थिशूलमस्वेदो दोषवर्चोविनिग्रहः। अन्तर्वेगस्य लिङ्गानि ज्वरस्यैतानि लक्षयेत्॥ (च.चि. 3/39-40), एक प्रकार का ज्वर जो शरीर के अन्तः भाग में स्थित होता है, a type of fever, in the inner part of the body, least felt externally

अन्तेऽभिहता
anteabhihatā

अन्तेविद्धा, दुष्ट सिरावेध का एक प्रकार। (सु.शा. 8/19), इसके लक्षण अंतेविद्धा के समान होते हैं, a type of defective venepuncture

अन्तेविद्धा
anteviddhā

अल्परक्तस्राविण्यऽन्तेविद्धा। (सु.शा. 8/19), अन्दर से विद्ध होने के कारण अल्परक्त का स्राव करने वाली सिरा, दुष्टवेध का एक प्रकार, a defective venesection

अन्धपूतना
andhapūtanā

यो द्वेष्टिस्तनमतिसारकासहिक्काच्छर्दीभिर्ज्वरसहितमिर्द्यमानः। दुर्वर्णः सततमधःशयोऽम्लगन्धिस्तं ब्रूयुर्भिषज इहान्धपूतनार्तम्।। (सु.उ. 27/13), बालकों में होने वाला एक ग्रह रोग, a graha roga in children

अन्नप्राशन
annaprāśana

षण्मासं चैनमन्नं प्राशयेल्लघु हितं च। (सु.शा. 10/49), बालक में प्रथम अन्न भोजन देने का संस्कार, first introduction of cereals to an infant

अन्नाभिनन्दन
annābhinandana

स्यन्दे तु कफसंभवे। जाड्यं शोफो महान् कण्डूर्निद्राऽन्नानभिनन्दनम्।। (अ.हृ.उ. 15/10), अन्न (भोजन) की इच्छा न होना (कफज अभिष्यन्द का एक लक्षण), anorexia

अन्नेऽश्रद्धा anneaśraddhā

अर्शस्य पूर्वरूपः। तेषां तु भविष्यतां पूर्वरूपाणि अन्नेऽश्रद्धा। (सु.नि. 2/8), भोजन में अरुचि, anorexia, dislike for food, a prodromal feature of piles/hemmorrhoids

अन्विच्छन् anvicchan

अनुरूपमिच्छन् अन्विच्छन्निति अनुरूपं दीर्घमिच्छन्। (चक्र.-च.सू. 1/3), अभिलषित इच्छा, दीर्घ आयु की इच्छा करते हुए, desire, having a desire for appropriate longevity

अपकर्तन apakartana

अपरकर्तनं अधश्छेदः। (ड.-सु.सू. 9/4), नीचे की ओर काटना, incision in lower direction

अपक्वपित्त apakvapitta

अपरिपुष्टि पित्त, अपक्वपित्त, immature pitta

अपतानक apatānaka

आक्षेपकोऽन्तरान्तरा पातयति सोऽपतानक इत्यर्थः। (ड.-सु.नि. 1/52), जिसमें आक्षेप (दौरे आने) के कारण बार बार (रोगी) गिरता हो वह अपतानक रोग है, convulsive disorder

अपरत्व aparatva

अपरत्वं अप्रधानत्वम्। (चक्र.-च.सू. 26/29), अप्रधान, हीनगुण, inferior quality

अपरिज्ञात कोष्ठ aparijñāta koṣṭha

अज्ञात कोष्ठः, अनिर्धारित कोष्ठ, unknown bowel habit

अपविद्धा apaviddhā

बहुशःक्षता हीनशस्त्रप्रणिधानेनापविद्धा। (सु.शा. 8/19), हीन या अनुचित शस्त्र के प्रयोग से अनेक बार क्षत को प्राप्त हुई सिरा अपविद्धा या अविद्धा कहलाती है, multiple punctured venesection

अपुनर्भव apunarbhava

गुडगुञ्जासुखस्पर्शमध्वाज्यैः सह योजितं नायाति प्रकृतिं ध्मानादपुनर्भवमुच्यते।। (र.र.स. 8/29), गुड, गुंजा, टंकण, मधु, घृत आदि के साथ भस्म को मिलाकर धमन करने से अपने स्वरूप में न आने को अपुनर्भव कहते हैं। यह भस्म परीक्षा है, धातु का भस्म हो जाने पर मूल रूप में न आना, irreversible calcined preparations

अपूर्णदिवस apūrṇa divasa

समयपूर्व, कालपूर्व preterm, immature

अप्रकम्प्या aprakampyā

अप्रकम्प्या अप्रचाल्या भवन्ति गुणा इति सम्बन्धः। (चक्र.-च.सू. 7/38), स्थिर, अचलायमान, stable, unshakable

7—4 Min. of HRD/2016

अप्रतिषिद्ध apratiṣiddha

अप्रतिषिद्धं अधिगतमित्यर्थः। (ड.-सु.उ. 65/28), अधिगत, अनिषिद्ध, indicated

अप्रभाषित aprabhāṣita

अप्रभाषितं इत्यत्र अननुभाषितम्। (ड.-सु.सू. 4/3), पढे हुए विषय का व्याख्यान न कर पाना, unable to reciprocate, or reproduce whatever learnt or read

अप्रमाद apramāda

अप्रमादः अवधानेनानुष्ठानम्। (चक्र.-च.सू. 11/4), सावधानी पूर्वक पालन करना 'अप्रमाद' कहा जाता है, to follow carefully

अप्रमादि apramādi

सावधानी से, carefully

अप्रशान्त apraśānta

प्रचण्डः। (विज.- मा.नि. 18/8), शान्त नहीं होना, violent

अप्रसुता aprasrutā

शीतभयमूर्च्छाभिरप्रवृत्तशोणिता अप्रसुता। (सु.शा. 8/19), शीत, भय, एवं मूर्च्छा के कारण सिरा से रक्त का स्राव न होना, यह दुष्टवेध का एक प्रकार है, a type of defective venesection

अप्रहर्ष apraharṣa

स्त्रीविषयेऽनभिलाषः। (ड.-सु.सू. 24/9), मैथुन की इच्छा न होना, किसी भी कार्य, विषय में हर्ष का न होना। (मा.नि. 2/5), loss of libido, lack of pleasure

अप्सुमज्जन apsumajjana

अप्सुमज्जतीति पानीमध्ये यदा क्षिप्यतस्तदा निमग्नो भवति। (आढ.-शा.सं.म. 8/3), पानी में डालने पर अवलेह का डूब जाना, सुपक्व अवलेह का एक लक्षण है, sinking of confection in water is an indication of good preparation

अबद्धवाक्तव abaddhavāktva

असंबद्धवचनत्वम्। (विज.-मा.नि. 20/6), असम्बद्धवाक्। (गंगा.-च.चि. 9/6), विषय से असम्बन्धित वचनों का बोलना, irrelevant talking, incoherent speech

अभक्त abhakta

यत् केवलमन्नरहितमौषधमुपयुज्यते तदभक्तम्। (ड.-सु.उ. 64/66), केवल औषध का बिना अन्नसहित सेवन अभक्त कहलाता है, administration of drug empty stomach

अभक्तच्छन्द abhaktacchanda

भक्तारुचिः। (विज.-मा.नि. 10/7), वृद्धभोजेन, कुपितस्य भयार्तस्य अभिचारहतस्य च, यस्य नान्ने भवेच्छ्रद्धा सोऽभक्तच्छन्द उच्यते। (विज.-मा.नि. 14/4), भय आदि से ग्रस्त व्यक्ति में अन्न सेवन की इच्छा न होना अभक्तच्छन्द कहलाता है, anorexia nervosa

अभिजन abhijana
अभिजनो विशुद्धकुलम्। (चक्र.-च.सू. 8/18), उच्च कुल वाले पुरुष 'अभिजन' कहलाते हैं, person belonging to higher cast

अभिताप abhitāpa
शूलविशेषणम्। (विज.-मा.नि. 11/10), पीडा। (विज.-मा.नि. 10/5), एक प्रकार की वेदना, a type of pain

अभिध्या abhidhyā
अभिध्या मनसा पराभिद्रोहचिन्तनम्, परद्रव्यविषये स्पृहा। (चक्र.-च.सू. 7/27), मन में दूसरे को हानि पहुंचाने के बारे में सोचना, दूसरे के द्रव्य को पाने की इच्छा अभिध्या है, malice

अभिनिवर्तन abhinivartana
तृतीये मासि सर्वेन्द्रियाणि सर्वाङ्गावयवाश्च यौगपद्येनाभिनिर्वर्तन्ते।। (च.शा. 4/11), (तृतीय मास में) गर्भ में अंगों के अवयवों का प्रकट होना, differentiation of foetal body parts during (3rd month of) pregnancy

अभिवोढा abhivoḍhā
अभिवोढेवाभिवोढा सर्वेन्द्रियार्थग्राहकत्वेन। (चक्र.-च्र.सू. 12/8), सभी इन्द्रियों के विषयों को ग्रहण करने वाला अभिवोढा कहा जाता है, conveyer, conveyer of all the sense stimuli

अभिषेक abhiṣeka
द्रुते वह्निस्थिते लोहे विरम्याष्टनिमेषकम्। सलिलस्य परिक्षेपः सोऽभिषेक इति स्मृतः।। (र.र.स. 8/55), अग्नि द्वारा द्रुत लोह में आठ निमेष (पल) रुककर जो जल का परिक्षेप किया जाता है, उसे अभिषेक कहते हैं, sprinkling, submerge

अभिष्यण्ण abhiṣyaṇṇa
अभिष्यण्णः द्रवप्रधानश्लेष्मविकारः। (चक्र.-च.सू. 13/54), ऐसे कफज विकार जिसमें द्रव स्राव होता रहता हो, kapha disorders with mucoid discharge

अभिष्यन्दी abhiṣyandī
1. अभिष्यन्दी स्तैमित्यकारको मस्तुसुरासवादीनाम्। (चक्र.-च.सू. 11/37), स्तैमित्य कारक मस्तु, सुरा, आसव आदि को अभिष्यन्दी कहा गया है, channel blocker 2. अभिष्यन्दी दोषसङ्घातविच्छेदकम्। (चक्र.-च.सू. 13/98), दोषों के संघात को काटने वाला अभिष्यन्दी कहा गया है, that disintegrates the compact doshas

अभिसंस्कार abhisaṃskāra
सततोपयोगेन शरीरभावनम्। (चक्र.-च.सू. 26/104), निरन्तर उपयोग द्वारा शरीर को किसी भाव के अनुकूल करना अभिसंस्कार है, to make body compatible by continuous use

अभीक्ष्ण abhīkṣṇa
पुनःपुनः। (चक्र.-च.सू. 8/6), अनवरत, repeatedly, continous

अभुक्तवत abhuktavata
भोजनं अकृतवत्। (ड.-सु.सू. 12/6), खाना न खाना, भूखा रहना, यह शल्यचिकित्सा से पहले की क्रिया है, not taking food, one of the pre-operative procedures

अभुक्तवत अग्निकर्म abhuktavata agnikarma
मूढगर्भाश्मरीभगन्दरोदरार्शोमुखरोगेष्वभुक्तवतः कर्म कुर्वीत।। (सु.सू. 12/6), बिना भोजन खिलाए अग्निकर्म (मूढगर्भ, अश्मरी, भगन्दर, उदररोग, अर्श तथा मुखरोगों में), empty stomach cauterization

अभूत्वोत्पत्ति abhūtvotpatti
अभूत्वोत्पत्ति पूर्वमसत उत्पत्तिः। (चक्र.-च.सू. 30/27), जिसकी सत्ता पहले न हो, उसका उत्पन्न होना, अभूत्वोत्पत्ति कहा जाता है अर्थात् किसी भी काल में आयुर्वेद का अस्तित्व न रहा हो, ऐसा कहीं उपदेश प्राप्त नहीं होता, evolution of previously non-existent

अभ्यास abhyāsa
भावाभ्यसनमभ्यासः। (च.सू. 26/34), भावस्य षष्टिकादेर्व्यायामादेश्चाभ्यसनमभ्यासः। अभ्यसनमेव पर्यायाभ्यां-शीलनं सततक्रियेति। (चक्र.-च.सू. 26/34), किसी भाव का निरन्तर सेवन जैसे साठी, व्यायाम आदि का निरन्तर सेवन अभ्यास है, इसके पर्याय शीलन एवं सततक्रिया हैं, practice

अमरवारुणी amaravāruṇī
जिह्वाप्रवेश सम्भूतवह्निनोत्पादितः खलु, चान्द्रः स्रवति यः सारः स स्यादमरवारुणी।। (र.चू.), तालु विवर में जिह्वा को प्रवेश करने से वहाँ पर ऊष्मा उत्पन्न होकर साररूपी चन्द्रस्राव होता है, यह अमरवारुणी कहलाता है, यह मधुर एवं शीतल होता है, salivary secretion

अमर्ष amarṣa
अक्षान्तिः। (चक्र.-च.चि. 9/12), क्रोध, असहिष्णुता, anger, intolerance, impatience

अमर्षहन amarṣahana
अमर्षः अक्षमा, तां हन्तीति अमर्षहनः। (चक्र.-च.सू. 8/18), अमर्ष का अर्थ असहनशीलता या क्रोधित होना है, अपने स्वभाव में क्रोध को खत्म करने वाला अमर्षहन कहलाता है, forgiver who does not become angry

अमार्गप्रसृता amārgaprasṛtā
अमार्गे अधर्मे प्रसृता अमार्गप्रसृता। (चक्र.-च.सू. 11/16), जो अधर्म में फैली हुई हो, उसे अमार्गप्रसृता कहा जाता है, unethical, which is not based on righteousness

अमितसंकल्प amitasaṅkalpa
अमितसंकल्प इति युगपदपरिमितस्थावरजङ्गमरूपकार्यकर्तृत्वेनापरिमित तज्जनन संकल्प इत्यर्थः। (चक्र.-च.सू. 25/23), एक साथ ही स्थावर जंगम रूप कार्य के

कर्ता होने से असीमित पदार्थों की उत्पत्ति के संकल्प वाला होना अमितसंकल्प कहा गया है, boundless determination

अमितायु
amitāyu
अमितमिवामितं अतिदीर्घत्वात्। (चक्र.-च.सू. 1/26), अति दीर्घ आयु को अमितायु कहते हैं; रसायनादि से भरद्वाज ने अमितायु प्राप्त की थी, a person having unlimited life span, Bhardwaj attained amitayu with the help of rejuvenating drugs

अमृतीकरण
amṛtikaraṇa
लोहादीनां मृतानां वै शिष्टदोषानुपत्तये, क्रियते यस्तु संस्कार अमृतीकरणं मतम्।। (र.त. 2/58), धातुओं की भस्म निर्माण करने पर उसमें रहे हुये शेष दोषों को दूर करने के लिये जो संस्कार किया जाता है, उसे अमृतीकरण कहते हैं, यह ताम्र एवं अभ्रकभस्म के लिये विशेष रूप से किया जाता है, refining calcined preparation

अम्लपञ्चक
amlapañcaka
कोलदाडिमवृक्षाम्लचुल्लिकाचुक्रिकारसः। पञ्चाम्लकं समुद्दिष्टं तच्चोक्तं चाम्लपञ्चकम्।। (र.र.स. 10/80), अम्लवेतसजम्बीरमातुलुङ्गनारङ्गनिम्बुकैः।। फलपञ्चाम्लकं ख्यातं कीर्तितञ्चाम्लपञ्चकम्।। (र.त.), बेर, अनार, वृक्षाम्ल, लोनी शाक, चुक्रिका, अम्लपंचक कहे जाते हैं, अम्लवेतस, जम्बीरी नींबू, मातुलुंग, नारंगी, निम्बुक अम्लपंचक हैं, a group of five sour herbs

अम्लरस
amlarasa
जिह्वामुद्वेजयति, उरकण्ठं विदहति, मुखं स्रावयति, अक्षिभ्रुवं सङ्कोचयति, दशनान् हर्षयति रोमाणि च। (अ.सं.सू. 18/4), जो जिह्वा को उत्तेजित करता है, उर एवं कण्ठ में दाह उत्पन्न करता है, मुख से स्राव कराता है, अक्षि एवं भौंह का संकोच करता है, दन्तहर्ष एवं रोमहर्ष करता है, वह अम्लरस है, sour taste

अम्लवर्ग
amlavarga
अम्लवेतसजम्बीरनिम्बुकंबीजपूरकम्। चाङ्गेरी चणकाम्लं च अम्लीकं कोलदाडिमम्। अम्बष्ठा तिन्तिडीकञ्च नारङ्गं रसपत्रिका। करवन्दं तथा चान्यदम्लवर्गः प्रकीर्तितः।। (र.र.स. 10/77-79), अम्लवेतस, जम्बीरीनींबू, निम्बू, बिजौरा नींबू, चांगेरी, चणकाम्ल, इमली, बेर, अनार, अम्बष्ठा, वृक्षाम्ल, नारंगी, रसपत्रिका (चूकम) और करौंदा, यह अम्लवर्ग के द्रव्य हैं, a group of sour drugs

अम्लविपाक
amlavipāka
पित्तकृत् सृष्टविण्मूत्रः पाकोऽम्लः शुक्रनाशनः। (च.सू. 26/62), जो पित्तवर्धक, मल, मूत्र का प्रवर्तक एवं शुक्र का नाशक हो, वह अम्लविपाक है, sour type post-digestive changes

अर्दयति
ardayati
पीडयति। (विज.-मा.नि. 22/45), पीड़ित करना, to compress

अर्धावभेदक
ardhāvabhedaka
अर्धावभेदः अर्धमस्तक वेदना। (चक्र.-च.सू. 7/16), आधे सिर में पीड़ा करने वाला एक शिरो रोग, hemicrania

अर्बुद
arbuda
1.एक रोग (सु.नि. 11) 2. अर्बुदं वर्तुलोन्नतम्। (चक्र.-च.शा. 4/10), गोलाकार उभरी हुई आकृति (गर्भावस्था के द्वितीय मास में गर्भ आकृति), spherical foetus (during 2nd month of intrauterine life)

अर्श
arśa
अरिवत् प्राणान् शृणोति हिनस्तिः। अरिवत् प्राणिनो मांसकीलका विशंसन्ति यत्। अर्शांसि तस्मादुच्यते गुदमार्ग निरोधतः। (अ.हृ.नि. 7/1), जो शत्रु के समान प्राणों को कष्ट में डाले, जो मांसकीलक गुदमार्ग एवं अन्य मार्गों में अवरोध उत्पन्न करके मनुष्यों को शत्रु के समान नष्ट करते हैं, वे अर्श कहलाते हैं, polypoidal mass, haemorrhoids

अलक्तक
alaktaka
जरायुमात्र प्रच्छन्ने रविरश्म्यावभासिते। घृतस्य निश्चलं सम्यग्लक्तक रसांकिते।। (अ.हृ.उ. 1/31), अलक्तरसेन यावकेन। (अ.हृ.उ. 3/31), लाक्षारस (से चिह्नित करना), महावर, red juice of lac

अलगर्दा
alagardā
रोमशा महापार्श्वा कृष्णमुखी अलगर्दा। (सु.सू. 13/11), वलियुक्तत्वात् रोमावततेव प्रतिभाति। (ड.-सु.सू. 13/11), सविष जलौका, शरीर के ऊपर रोमों से पूर्ण, बड़े पार्श्वयुक्त एवं काले वर्ण के मुख वाली जौंक अलगर्दा है, a poisonous leech

अलाबु
alābu
1. वल्लीफलशाक। (च.सू. 27/112), अलाबुः तुम्बिनी। (ड.-सु.सू. 46/211), अलाबुर्भिन्नविट्का। (सु.सू. 46/215), बेल पर उगने वाली सब्जी, अलाबु, लौकी, यह मल भेदक है, bottle gourd, laxative property of bottle gourd 2. अलाबु कटुकं रुक्ष तीक्ष्णं च परिकीर्तितम्। तस्माच्छ्लेष्मोपसृष्टे तु हितं तदवसेचने।। (सु.सू. 13/7), यह कटुरस वाली, रुक्ष और तीक्ष्ण होती है इसलिए श्लेष्मा से दुष्ट रक्त के अवसेचन में हितकर है, bottle gourd, used for drawing kapha afflicted blood

अल्पप्रज
alpapraja
सहजार्श लक्षण। (सु.नि. 2/15), अल्प संतान वाला, a person with few progeny/offspring, a feature of a person with hereditary piles

अवगाह स्वेद
avagāha sveda
अवगाहः अवगाह स्वेदः। (चक्र.-च.सू. 14/45), वातनाशक द्रव्यों के क्वाथ में शरीर निमज्जन द्वारा स्वेद, immersion sudation

अवगुण्ठन avaguṇṭhana

अक्ष्णश्चूर्णवस्त्रादिभिराच्छादनम्। (अ.सं.उ. 19), चूर्ण एवं वस्त्रादि से नेत्रों का आच्छादन, to cover

अवधमन avadhamana

विलिखतीत्यर्थः। (चक्र.-च.सू. 27/4), शीधुरवधमयति वाय्वग्निप्रबोधनात्। (हारीत), लेखन करना जैसे शीधु, वायु एवं अग्नि को प्रेरित करने से लेखन करता है, scrapping

अवनामित avanāmita

अधोगतम्। (ड.-सु.चि. 3/17), नीचे की ओर झुका या दबा हुआ, depressed, pushed downwards

अवन्तिसोम avantisoma

अवन्तिसोमे काञ्जिके।। (हे.-अ.हृ.सू. 26/40), कांजी, sour drink prepared by fermentation of rice water, sour vinegar

अवपीडक avapīḍaka

1. अवपीडको बहुमात्र प्रयोगः, मात्राधिकत्वेन हि भेषजं दोषान् पीडयनीति कृत्वा। (चक्र.-च.सू. 7/7), अधिक मात्रा में औषध का प्रयोग, बहुमात्र में प्रयुक्त स्नेह औषध दोषों को पीडित करके दूर करती है, use of unction in high does 2. मूत्रजेषु तु पाने च प्रागभक्तं शस्यते घृतम्। जीर्णान्तिकं चोत्तमया मात्रया योजनाद्वयम्।। अवपीडकमेतच्च संज्ञितमिति। (अ.हृ.सू. 4/16), वाग्भट मतानुसार मूत्रविकारों में भोजन से पूर्व एवं भोजन के जीर्ण होने के अंत में, घृत की उत्तम मात्रा का प्रयोग अवपीडक है, taking high dose of ghee prior to meal and on digestion of meal, it is particularly indicated in urinary disorders 3. नासाया प्रणीयमानः कल्को अवपीड संज्ञः। (अ.सं.सू. 29), कल्क को दबाकर नासा में नस्यकर्म के लिए डालने को अवपीड कहते हैं, putting drops in nostrils by pressing the kalka of the drug

अवम्या avamyā

रोग एवं रोगी जिनमे वमन कर्म वर्जित है। (च.सि. 2/8), contraindication of emesis

अवलम्बमान avalambamāna

नीचे की ओर लटकता हुआ। (सु.शा. 8/8), hanging down

अवलेह avaleha

क्वाथादीनां पुनः पाकाद् घनत्वं सा रसक्रिया। सोऽवलेहश्च लेहः स्यात्तन्मात्रा स्यात्पलोन्मिता।। (शा.सं.म.ख. 8/1), जिह्वा लेह्या अवलेहिका। (श.क.द्रु.), क्वाथ आदि को पुनः पाक कर उसको घन बनाकर जो कल्पना बनती हैं, वह रसक्रिया है, यही लेह, अवलेह है, इसकी मात्रा 'पल' है, semisolid lickable preparation, confection

8—4 Min. of HRD/2016

अवसादन avasādana

अवसादनं उन्नतव्रणस्य निम्नत्वकरणम्।। (सु.चि. 1/18), उभरे हुए व्रण को निम्न करना, व्रण के उठे भाग को लेखन कर नीचे समतल करना, depression, degranulation

अवाक्शिर avākśira

नतमस्तकः। (च.वि. 8/13), शिर को नीचे की ओर झुकाना, downward bending of head

अविक्लेद avikleda

अविक्लेदः पाककालादर्वागविक्लिन्नत्वम्। (चक्र.-च.सू. 12/8), धान्य के पाककाल से पहले उसे सड़ने न देना अविक्लेद है, removal of humidity from the cereals prior to their ripening

अविद्धा देखें अपविद्धा

अविरेच्या avirecyā

रोग एवं रोगी जिनमें विरेचन कर्म वर्जित है। (च.सि. 2/11), contra indications of virecana

अविशोषी aviśoṣī

अविशोषी अपीडयितव्ये व्रणशोफे। (ड.-सु.सू. 18/6), जो व्रणशोफ को न दबाए, इस प्रकार का प्रलेप, paste which does not press the vrana shopha

अव्यङ्ग avyaṅga

अव्यङ्ग सम्पूर्णाङ्गः। (इंदु.-अ.हृ.उ. 16), अव्यङ्गमिति अहीनाङ्गः। (चक्र.-च.शा. 8/52), सम्पूर्ण अंग युक्त, perfect body parts

अव्यध्या avyadhyā

अशस्त्रकृत्या अव्यध्या। (सु.शा. 8/19), जो सिरा व्यधन के योग्य नहीं हैं या शस्त्रप्रयोग के योग्य नहीं हैं, एक प्रकार का दुष्टवेध, a defective venepuncture

अव्याहत avyāhata

अव्याहतमिति क्वचिदपि विषयेऽकुण्ठितशक्तित्वेन। (चक्र.-च.सू. 11/18), अव्याहतबलाङ्गमुखरोगो वर्धते सुखम्। शिशुधात्र्योरनापत्तिः शुद्धक्षीरस्थ लक्षणम्।। (का.सं.सू. 19), किसी विषय के ज्ञान में कोई भी रुकावट न होना अव्याहत कहा जाता है, शिशु के बल, अंग तथा आयु निर्बाधित हों, रोगमुक्त होकर सुखपूर्वक वृद्धि को प्राप्त होता हो तथा शिशु एवं धात्री को कोई कष्ट न हो तो दूध को शुद्ध समझना चाहिए, uninterrupted, unimpeded growth (of infant because of pure breast milk)

अव्याहतबल avyāhatabala

1. अव्याहतबल इति कालमार्गमेघवातादिभिस्तदा सूर्यस्य सोम परिपन्थिनो हतबलत्वात्। (चक्र.-च.सू. 6/5), विसर्ग काल में काल, मार्ग, मेघ एवं वायु के सौम्य होने से सूर्य का बल कम हो जाता है तथा चन्द्रमा का बल बढ़ जाता है; यह अव्याहतबल है, decrease in power of sun and increase in power of

moon due to saumya environment 2. अव्याहता पक्तिश्च वेगश्च पुरीषादीनां यस्य स तथा। (चक्र.-च.सू. 24/24), जिसकी जठराग्नि प्रदीप्त हो एवं पुरीषादि वेग अवरूद्ध न हो, a condition in which a person has a good digestion and proper movements of excreta

अशक्य aśakya

अशक्य परिहर्तुमिति बलवत्कर्मजन्यत्वादित्यर्थ:। (चक्र-च.सू. 28/44), दैव के आगत व्याधियाँ चिकित्सा के उपचार योग्य नहीं होती है, यही रोग की अशक्यता का अर्थ है, incurable and unavoidable (supernatural) disorders

अशन aśana

अशनं चतुर्विधमपि भोज्यम्। (चक्र.-च.सू. 5/4), अशन से चार प्रकार के अन्न (अशित, खादित, पीत, लीढ़) का ग्रहण किया गया है, food ingestion of four types

अशब्दश्रवण aśabdaśravaṇa

अशब्दश्रवण शब्दाभावेऽपि शब्दश्रवणम्। (चक्र.-च.सू. 20/11), शब्द न होने पर भी शब्दों का सुनाई देना अशब्दश्रवण कहलाता है, auditory hallucination

अशस्त aśasta

अशस्तानां अप्रशस्तानामनिष्टफलानामिति यावत्। (चक्र.-च.सू. 7/26), अनिष्ट फल देने वाले अप्रशस्त कार्य, bad habit

अशस्तकर्म aśastakarma

अशस्तानां अप्रशस्तानमनिष्टफलानामिति यावत्। (चक्र.-च.सू. 7/26), ऐसा कर्म जिनको करने से प्रतिकूल फल की प्राप्ति हो, action that leads to untoward effect

अशिरोविरेचन aśirovirecana

रोग एवं रोगी जिसमें नस्य कर्म वर्जित है, contraindications of nasal insufflation

अश्रुमोक्ष aśrumokṣa

अश्रुमोक्ष: अश्रुनि:सारणम्। (सु.उ. 55/28), आंसुओं को निकालना, प्रवृत्त करना, अश्रुज उदावर्त की चिकित्सा के संदर्भ में, to promote tear secretion, lacrimation

अश्मगर्भ aśmagarbha

1. अश्मा गर्भेऽभ्यन्तरे यस्य तत् मणिविशेष:। (अ.सं.सू. 21/4), मरकत मणि, a precious stone 2. अश्मवान् गर्भ, stony dull foetus

अश्मघनस्वेद aśmaghanasveda

एक शयन योग्य प्रमाण में पत्थर की पट्टी लेकर उस पर लकड़ी जलाकर गर्म करें, फिर राख को हटाकर गर्म पानी से धोकर, पट्टी पर चादर बिछाकर रोगी को लिटाकर स्वेदन करने को अश्मघन स्वेद कहते हैं। (च.सू. 14/47-49), take a stone slab sufficient for lying down a person, fire the woods on it, when

hot, remove the ash and wash the slab; on this hot slab put a bed sheet and the person gets sudation by tying on it, warm stone bed sudation

अश्मरी aśmarī

रोग:। तत्रसंशोधनशीलस्यापथ्यकारिण: प्रकुपित: श्लेष्मा मूत्रसम्प्रक्तोऽनुप्रविश्य बस्तिमश्मरीं जनयति।। (सु.नि. 3/4), असंशोधनशील व अपथ्यकारी व्यक्ति का प्रकुपित कफ मूत्र के साथ मिलकर बस्ति (मूत्राशय) में प्रविष्ट होता है व अश्मरी को उत्पन्न कर देता है, urinary bladder stone, urolithiasis

अश्रद्धा aśraddhā

अश्रद्धायां मुखप्रविष्टस्याहारस्याभ्वहरणं भवन्त्येव परत्वनिच्छा। (चक्र.-च.सू. 28/9), जिसमें अन्न का आमाशय में प्रवेश होता है परन्तु खाने की इच्छा सर्वथा नहीं होती है, वह अश्रद्धा है, disinclination for food

असंज्ञता asaṃjñatā

संज्ञानाश:। (विज.-मा.नि. 2/74), संज्ञा का नाश होना, loss of consciousness

असंमोह asaṃmoha

असंमोह असंमूढता, स चामपक्वव्रण परिज्ञाने तथा प्राप्तानुष्ठाने च। (ड.-सु.सू. 5/10), मूढ़ता न होना, शस्त्र चिकित्सा के समय मोह न होना, apprehension, not becoming sentimental while doing surgical procedure

असङ्घात asaṅghāta

असंघात: अनुत्पादोऽपचयो वा। (चक्र.-च.सू. 12/8), असंघातमिति पित्तश्लेष्मवदवयवसङ्घात रहितम्। संघात रहित, अनुत्पन्न, अनुपचय, unproduced, undeveloped, formless

असत् asat

असदिति निषेधविषयप्रमाणगम्यमभावरूपम्। (चक्र.-च.सू 11/17), अस्तित्वहीनता के विषय, जो प्रमाणों से अस्तित्वहीन वाले असत् कहे जाते हैं, non existent object

असन्त asanta

अधार्मिकास्तु विद्यमाना अप्यप्रशस्तावस्थानत्वेन असन्त इत्युच्यन्ते। (च.सू. 8/17), अप्रशस्त कार्य करने के कारण अधार्मिक लोग 'असन्त' हैं, unreligeous persons indulged in unethical things

असात्म्येन्द्रियार्थ संयोग asātmyendriyārtha saṃyoga

तत्र असात्म्येन्द्रियार्थ संयोगो अयोगातियोगमिथ्यायोगयुक्तारूपरसाद्या:। (विज.-मा.नि. 1/15), रूप, रस आदि इन्द्रियार्थों के साथ (चक्षु आदि) इन्द्रियों का हीनयोग, अतियोग और मिथ्यायोग असात्म्येन्द्रियार्थ संयोग कहलाता है, less, excessive and improper contact of sensory organs with their subjects

असार asāra

अशुद्धलोहादिघटितम्। (ड.-सु.सू. 7/19), अशुद्ध लोहादि धातु से निर्मित (यंत्र), एक प्रकार का यन्त्रदोष, made of impure metals, a type of defect in instruments

अस्निग्ध asnigdha

रूक्षे अस्निग्धे। (अरु.-अ.हृ.सू. 16/31), अस्निग्धलक्षणामाह रूक्ष इति। (हे.-अ.हृ.सू. 16/31), ऐसे व्यक्ति जिनमें रूक्षता बनी रहे, वह अस्निग्ध कहलाते हैं, inadequate oleation leading to persistent roughness

अस्नेह्य asnehya

ऐसे रोग या रोगी जिनमें स्नेहन नहीं करना चाहिए, contraindications of oleation/unction

अस्वेद्य asvedya

न स्वेदयेतिस्थूलरूक्षदुर्बलमूर्च्छितान्।। (अ.हृ.सू. 17/21), अतिस्थूल, रूक्ष, दुर्बल एवं मूर्च्छित व्यक्तियों को स्वेद नहीं देना चाहिए, persons unfit for sudation

अहन्यहनि ahanyahani

रक्षामत: प्रवक्ष्यामि बालानां पापनाशिनीम्।। अहन्यहनि कर्त्तव्या या भिषग्भिरतन्द्रितै:।। (सु.उ. 28/10), (स्कन्दापस्मार ग्रह से ग्रस्त के लिए) प्रतिदिन किए जाने वाले कर्म, daily

अहर्षण aharṣaṇa

अहर्षणं च सत्यपि ध्वजोत्थाने मैथुनाशक्ति। (चक्र.-च.सू. 28/18), शिश्न (लिंग) का उत्थान होने पर भी मैथुन कर्म असमर्थता का होना, अहर्षण कहलाता है, erectile dysfunction

अहिपूतन ahipūtana

1. कण्डूयनात्तत: क्षिप्रं स्फोटा: स्रावश्च जायते। एकीभूतं व्रणैर्घोरं तं विद्यादहिपूतनम्।। (सु.नि. 13/58), बच्चों के गुद प्रदेश में कंडू, स्फोट एवं स्राव से युक्त व्रणों का उत्पन्न होना, anal suppuration in neonates, napkin rash 2. केचित्तं मातृकादोषं वदन्त्यन्येऽहिपूतनम्। कुछ आचार्यों के मतानुसार अहिपूतन मातृका (ग्रह) दोष है, a disorder caused by graha (supernatural powers)

आकण्ठ ākaṇṭha

तृप्तिपर्यन्तम्। (अ.हृ.सू. 18/14), तृप्ति होने तक, आहार लोलुप व्यक्ति द्वारा कण्ठ पर्यन्त आहार सेवन, full satiety meal

आकर ākara

उपादानम्। (अ.सं.सू. 6/133), कारणरूपद्रव्य, आसव अरिष्ट आदि औषध बनाने में जिस द्रव्य से औषध बनता है, उस कारणभूत द्रव्य को आकर कहा जाता है, raw material for drug preparation (fermented preparation)

आकरालका ākarālakā

विदलधान्य, मसूरिका। (ध.नि. 6/95), शिम्बीधान्य, मसूर की दाल, a lentil

आकर्णिक ākarṇika

कर्णिकां मर्यादिकृत्य। (ड.-सु.चि. 38/3), कर्णिका पर्यन्त, बस्तिकर्म में बस्तिनेत्र का गुदा में कर्णिका के स्तर तक प्रयोग, use of enema nozzle in anus up to ridge

आकाश ākāśa

1. महाभूत, सत्वबहुलम्। (सु.शा. 1/20), पञ्चमहाभूत में से एक महाभूत, प्रथम महाभूत, one among five basic evolutionary elements, first mahabhuta 2. अवकाशदानेन आकाश:। रिक्त स्थान, empty space

आकाशात्मक ākāśātmaka

आकाशगुणभूयिष्ठ, आकाशीय। (च.शा. 4/12), (च.सू. 26/11), आकाश महाभूत प्रधान द्रव्य, predominant in akash mahabhuta

आकुञ्चन ākuñcana

संकोचन, संकुचन। (सु.शा. 7/3), कुटिलीकरणमिव। (ड.-सु.सू. 22/11), संकोच सदृश वेदना, contraction

आकुली ākulī

गन्धनाकुली। (र.र.स. 17/44), भीमपराक्रमरस में वर्णित एक आयुर्वेदिक औषधि, a herb

आकोटन ākoṭana

पीडनम्। (चक्र.-च.शा. 8/41), ताडन या पीडन, percussion

आकोठित ākoṭhita

ताडित। (च.चि. 13/48), ताडन द्वारा रोगी परीक्षा, percussed

आक्त ākta

मिश्रित:। (ड.-सु.चि. 9/16), मिलित, मिश्रित, युक्त, mixed, coated

आक्रन्द ākranda

आक्रोशस्वन:। (ड.-सु.सू. 29/44), क्रन्दन, रोदन, दु:ख से रोना, crying

आक्रमण ākramaṇa

क्रामण, संक्रामणम्।' (र.र.स. 30/90), पारद के अष्टादश संस्कार में एक, चतुर्जात, कंकोल, कटुकाफल, ताम्बूलवल्ली से किया पारद संस्कार, one among eighteen processings of mercury

आक्ष ākṣa

बिभीतकफलम्। (ड.-सु.सू. 46/200), बिभीतकफल, बिभीतक से सम्बन्धित, बहेडा, Beleric myrobalan, Beddanut, lat - *Terminalia belerica*

आक्षिक ākṣika

अक्षिकीफलम्। (ड.-सु.सू. 46/194), बिभीतक फल, बहेडा फल, fruit of Beleric myrobalan

आक्षिकी ākṣikī

पाण्डुरोव्रणहिता दीपनी। (च.सू. 27/186), बिभीतकफल कृत मद्य जो पाण्डुरोग एवं व्रण में प्रशस्त एवं दीपन है, alcohlic preparation derived from fruit of Beleric myrobalan

आक्षिपति ākṣipati

देहं हस्त्यारुढपुरुषस्येव गात्रं चालयति। (म.को.- 22/27), हाथी के ऊपर रुढ पुरुष के समान गात्र का चलना, convulsions

आक्षेप
ākṣepa
1. आकर्षणम्। (अरु.-अ.हृ.सू. 28/5), क्षोभ: (अरु.-अ.हृ.सू. 5/9), चालन, आकर्षण या आकुंचन, शरीर में बार-बार आकुंचन गति होना, convulsions 2. आदानम्। (अरु.-अ.हृ.सू. 21/12), अन्दर लेना या खींचना, धूम्रपान के प्रसंग में धूम को अन्दर लेना, inhalation 3. मुहुर्मुहुरंगानामाक्षेपणमाक्षेप:। (चक्र.-च.सू. 7/19), अंगों का बार बार संकोच प्रसार 'आक्षेप' है, frequent involuntary movements of the body parts

आक्षेपक
ākṣepaka
मुहुरेव देहमाक्षिपति स आक्षेपणादाक्षेपक इति। (गय.-सु.नि. 1/52), बार-बार देह का चालन या कम्पन होना, अस्सी वात विकारों में से एक। (च.सू. 20/11), convulsive disorder, one among eighty vatarogas

आक्षेपण
ākṣepaṇa
अतिशयेन चालनम्। (ड.-सु.नि. 15/3), अङ्गस्याकर्षणेन त्रोटनम्। (इन्दु), अंगविक्षेप, हस्तपाद अतिशय चालन, हाथ पैर में संकोच प्रसार का बार-बार होना, convulsions, inoluntary contractions

आक्षोड
ākṣoḍa
अक्षोट:। (ध.नि. 5/60), आक्रोड, अखरोट, walnut

आखु
ākhu
मूषिका। (सु.शा. 4/67), वृक्षमूषिक:। (ड.-सु.उ. 41/36), मूषिक, चूहा, rat, mouse, a rodent

आगति
āgati
उत्पादककारणस्य व्याधिजननपर्यन्तं गमनम्। (चक्र.-च.नि. 1/11), सम्प्राप्ति का पर्याय, उत्पादककारण से दोष दूषित होकर एवं व्याधि के उत्पन्न होने तक की अवस्था, a synonym of samprapti (pathogenesis)

आगन्तु
āgantu
पश्चात्कालभावि, लिंगयारोग्यमागन्तु वक्तव्यं भिषजा ध्रुवम्। (च.इ. 12/65), चत्वारो रोगा भवन्ति - आगन्तुवातपित्तश्लेष्मनिमिता:। (च.सू. 20/3), पूर्वमुत्पन्नत्वादागन्तो: प्रागभिधानम्। (ड.-सु.सू. 1/24), अभिघातनिमित्ता, अभिघात: अभिहननं शरादिप्रहार:। (ड.-सु.सू. 1/25), बाह्यकारण विशेष अर्थात् अभिघात से उत्पन्न, exogenous factor

आगन्तुक
āgantuka
शारीरशल्यव्यतिरेकेण यावन्तो भावा दु:खमुत्पादयन्ति। (सु.सू. 26/6), भावा इति पदार्थास्तृणकाष्ठपाषाणलोहलोष्टप्रभृतय:। (ड.-सु.सू. 26/6), शरीर के अलावा अन्य शल्य जैसे तृण, काष्ठ, पाषाण, लोह, मिट्टी का ढेला आदि बाह्य विजातीय पदार्थ, exogenous foreign materials

आगन्तुकी
āgantukī
रिष्टभूता:। (चक्र.-च.सू. 21/58), निद्रा का एक भेद, जिसका प्रादुर्भाव बाह्य कारण से होता है, one of a types of sleep

आगन्तुज
āgantuja
आगन्तु या बाह्य कारण से उत्पन्न, exogenous

आगम
āgama
1. आगच्छत्यस्मादिति आगमो हेतु:। (चक्र.-च.चि. 22/24), कारण विशेष, जिससे उत्पन्न होकर दूसरा कारण बनता है, causative factor, 2. आगमो हि शास्त्रमुच्यते। (सु.सू. 40/4), वेद:, आप्तानां शास्त्रं वा। (ड.-सु.सू. 1/16), शास्त्र, आप्त, वेद, authoritative text/person 3. आरम्भ:। (अरु.-अ.हृ.नि 2/10), उत्पत्ति:। (हे.-अ.हृ.नि. 2/10), आरम्भ, उत्पत्ति, genesis 4. एक प्राचीन रसाचार्य। (र.र. 6/52)

आगमावर्ता
āgamāvartā
वृश्चिकाली। (रा.परि. 9/8), बिछुआ, बिच्छू बूटी, *lat- Martynia diandra*

आगस्त्य
āgastya
अगस्त्यवृक्ष से प्राप्त पुष्पादि। (सु.सू. 46/282), *lat- Sesbania grandiflora*

आगार
āgāra
गृह, स्थान। (सु.चि. 6/4), घर, निवासस्थान, a house

आगारकर्णिका
āgārakarṇikā
आगारकर्णिका गृहाच्छादनमध्ये गृहाच्छादनकाष्ठ निबन्धनी लोके 'आडकम्' इत्यच्युते। (चक्र.-च.सू. 30/5), आधार काष्ठों को बाँधने वाली मुख्य स्थल काष्ठ आगारकर्णिका कहलाती है। लोक व्यवहार में उसे 'आडक' या धरन कहा जाता है या घर के मध्य प्रयुक्त वह बड़ी लकडी जिस पर सहारा देकर अन्य काष्ठ बांधे जाते है, उसको आगारकर्णिका कहते हैं, central pole of the roof

आग्नेय
āgneya
1. अग्निगुणभूयिष्ठम्। (ड.-सु.शा. 3/3), अग्नि गुण की बहुलतायुक्त, predominant in agni quality 2. कृत्तिकानक्षत्रम्। (अ.सं.उ. 41), कृत्तिकानक्षत्र, 3. सुवर्णम्। (रा.नि. 13/3), स्वर्ण, सोना, gold 4. आग्नेयौषधिगुणभूयिष्ठत्वात् कटुक उष्णस्तीक्ष्ण: पाचनो विलयन: शोधनो रोपण: शोषण: स्तम्भन: लेखन: कृम्यामकफकुष्ठ विषमेदसामुपहन्ता पुंस्त्वस्य चातिसेवित:।। (सु.सू. 11/5), अग्नि महाभूत प्रधान (औषधियों से निर्मित क्षार), a caustic agent made up of agnimahabhut predominant drugs

आग्नेयी
āgneyī
छाया का एक भेद, विशुद्धरक्ता दीप्ताया दर्शनप्रिया। (च.इ. 7/11), यह छाया शुद्धरक्तवर्ण, दीप्त आभा एवं दर्शनप्रिय होती है, a type of complexion

आघट्टक
āghaṭṭaka
अपामार्ग भेद: रक्तापामार्ग:। (रा.नि. 4/390), चिर्चिटा, चिरचिरा, prickly chaff flower, *lat- Acyranthes aspera*

आघात
āghāta
1. अवरोध: केचिदाघातशब्देन दुष्टिमाहु:। (ड.-सु.उ. 58/1), अवरोध, दुष्टि, obstruction, vitiation 2. आवेशावकाश:। (चक्र.-च.चि. 9/19), ग्रहादि आवेश, affliction by supernatural powers

आघातन āghātana
वधस्थानम्। (चक्र.-च.सू. 8/19), प्राणियों का घात स्थान, कसाई घर, प्राणी वध स्थान, slaughter house

आघ्रात āghrāta
घ्राणेन गृहीतम्। (च.सू. 17/9), नाक से सूंघना, नासा से गन्धग्रहण, snuffing

आचमन ācamana
योनिप्रक्षालनोदकम्। (ड.-सु.शा. 2/13), योनि मार्ग को औषधियों के क्वाथ आदि से प्रक्षालित करना, cleansing, vaginal douche

आचमनीय ācamanīya
आचम्यते येन पात्रेण तदाचमनम्। (चक्र.-च.सू. 15/7), आचमन से सम्बन्धित पात्र, the pot containing cleansing water

आचय ācaya
समन्ताच्चयनम्। (अरु.-अ.हृ.सू. 7/23), समुदाय, सामग्रिक भाव से तथा चारों ओर से किये गये संचय को आचय कहा जाता है, accumulation from all around

आचार ācāra
1. शास्त्रशिक्षाकृतो व्यवहारः। (चक्र.-च.इ. 1/3), कुलदेशाद्यनुगतं लौकिकं विधानम्। (ड.-सु.सू. 2/3), शास्त्र मतानुसार वर्णित या उपदेशित व्यवहार, कुल देशादि के अनुरूप व्यवहार, विधान, model code of conduct. 2. कायवाङमानसं कर्मः। (ड.-सु.सू. 1/27), कायिक, वाचिक और मानसिक कर्म, physical, vocal and psychological acts

आचारिक ācārika
आहारादिनियमम्। (हे.-अ.हृ.सू. 28/25), शल्योत्तर परिचर्या नियम। (सु.चि. 6/4), शोधन कर्म या शस्त्रकर्म के पूर्व एवं पश्चात् में आहारादि एवं चर्या को आचारिक कहते हैं, dietary and daily regimen, pre and post operatively

आचित ācita
व्याप्तम्। (ड.-सु.नि. 16/6), युक्त, व्याप्त, परिपूर्ण, afflicted, covered, full of

आचूची ācūcī
बालकों में औषध प्रदान करने का साधन। (का.सि. 3), a spoon to give medicines to a child

आचूषण ācūṣaṇa
विषदुष्टस्तन्यरुधिरेषु श्रृङ्गालाबूभ्यां मुखेन वा। (सु.सू. 7/13), मुखश्रृंगैः कृत्वा यच्चूष्येत्। (ड.-सु.सू. 27/4), श्रृंग, अलाबू या मुख द्वारा विषदुष्ट स्तन्य एवं रुधिर को निकालना, suction

आच्छादन ācchādana
वस्त्रादि। (ड.-सु.सू. 14/36), आवरण या आवृत करना। (अ.हृ.सू. 26/41), covering

आज āja
अजा या बकरी से सम्बन्धित जैसे दुग्ध, मूत्र आदि। (सु.सू. 45/47), related to goat

आजन्म ājanma
जन्मप्रभृतिः। (अरु.-अ.हृ.सू. 10/7), जन्म से प्रारम्भ होकर अद्यतन, जन्म से विद्यमान, inherited, present since birth

आज्य ājya
घृतम्। (र.त. 2/20), घृत, घी, गोघृत, ghee

आञ्छन āñchana
ईषन्मुखानयनम्, ईषन्मुखे आनयनमित्यर्थः। (ड.-सु.सू. 7/17), अतिक्षिप्तस्यास्थ्नः कुञ्चितस्य वाङगुल्यादेरायमनम्। (हारा.-सु.सू. 7/17), छोटे मुख को फैलाना, संकुचित अंग को फैलाना, extension

आटक āṭaka
गुग्गुलुः। (र.र.स. 20/130-136), गूगल, Indian Bdellium, *lat- Commiphora mukul*

आटरूष āṭarūṣa
वासा का पर्याय। (भा.प्र. गुडूच्यादि 88), हिं.- अडूसा, eng- malabar nut, *lat - Adhatoda vasica*

आटरूषक āṭarūṣaka
वासकः। (ड.-सु.सू. 46/262), वासा, देखें आटरूष

आटव्या āṭavyā
कण्टकारीभेद, कासघ्नी इति। (ध.नि. 1/98), छोटी कटेरी, *lat - Solanum xanthocarpum*

आटा āṭā
आटीपक्षी। (अ.हृ.सू. 26/10), आटा पक्षी के मुख सदृश एक शस्त्र, a bird, an instrument resembling mouth of ata bird

आटी āṭī
जलवर्धनी नाम पक्षीविशेषः। (ड.-सु.सू. 8/3) समुद्र किनारे कोंकण प्रान्त में पाया जाने वाला बक सदृश पक्षी, a bird

आटोप āṭopa
गुडगुडाशब्दविशेषो। (चक्र.-च.नि. 8/6), उदरापूरः। (ड.-सु.उ. 42/8) आध्मानम्, क्षोभमित्यन्ये। (ड.-सु.सू. 15/15), उदर में आध्मान एवं गुडगुडशब्द होना, distension of abdomen with gurgling

आडूक āḍūka
पात्रविशेष, बालकों को औषध प्रदान करने हेतु क्षुद्रनौकाकार पात्र। (का.सि. 3), a spoon for giving medicine to children

आढ āḍha
मान का एक प्रकार, आढक मान। (र.त. 11/11), चार प्रस्थ एवं 64 तोला के बराबर, a measurement equivalent to 64 tola

आढक āḍhaka
चतुःप्रस्थमाढकम्। (च.क. 12/94), मान का एक भेद, चार प्रस्थ के तुल्य, a measurement equivalent to 4 prastha

आढकी
āḍhakī
1. तुवरी। (चक्र.-च.सू. 21/26), अरहर दाल, तौरदाल, a lentil, 2. सौराष्ट्री (ध.नि. 3/106), फिटकरी, alum

आढ्य
āḍhya
धनवान्। (अरु.-अ.हृ.सू. 1/29), धनवान व्यक्ति, rich

आढ्यवात
āḍhyavāta
आढ्यानां प्रायो भवतीतिः। (चक्र.-च.चि. 29/11), आढ्यवात मेदसा रुद्धमार्ग वातम्। (इन्दु.-अ.हृ.सू. 15/22), वातरक्तरोग, धनवान व्यक्तियों को अधिक होने से इसे आढ्यवात कहते हैं, मेद से वायु का मार्ग अवरुद्ध होने से उत्पन्न वातरोग, gout

आणि
āṇi
वैकल्यकार मर्म, जानुन ऊर्ध्वमुभयतस्त्र्यङ्गुलं आणी। (सु.शा. 6/24), जानु के दोनों ओर से तीन अंगुल छोडकर मध्यवर्ती स्थान में स्थित स्नायुमर्म, इसके वेधन से शोफ वृद्धि, सक्थिस्तब्धता होती है, a vital spot, ligaments of knee joints

आणी
āṇī
देखें आणि

आण्डूक
āṇḍūka
वंग। (रा.नि. 13/14), खनिजद्रव्य वंग, रांग, मिश्रधातु, tin

आतङ्क
ātaṅka
भयमप्युच्यते। (चक्र.-च.नि. 1/5), यह व्याधि का पर्याय है, यह भय का बोध कराता है, a synonym of disease, depicting fear

आतत
ātata
व्याप्त। (सु.शा. 9/9), त्वक्संकोचरहितम्। (ड.-सु.सू. 17/5), व्याप्त, चारों ओर विस्तारित होना, spreading in all directions

आतप
ātapa
तेजः परमाणुपुञ्जः। (ड.-सु.चि. 24/86), सूर्यप्रकाश, सूर्यकिरण, परमाणु समूह, sunrays

आतपासहत्व
ātapāsahatva
सूर्य का प्रकाश सहन न होना, सूर्य प्रकाश असहिष्णुता। (च.नि. 1/33), photo hypersensitivity

आतस्य
ātasya
उमातैलम्। (चक्र.-च.सू. 27/292), अतसीतैल, linseed oil

आतुर
ātura
रोगी। (च.सू. 1/24), रोगी, पीडित, आहत, उत्सुक, patient, sufferer, hurt, eager

आतुरावस्था
āturāvasthā
कार्याकार्ये प्रति कालाकालसंज्ञा। (च.वि. 8/128), रोगी की अवस्थाविशेष, रोग की जिस अवस्था में औषध प्रयोग करना है वह काल, तथा जिसमें नहीं करना है, वह अकाल है, stages in a disease

आतुरोपक्रमणीय
āturopakramaṇīya
यादृश आतुर उपक्रम्यो भवति तादृशोपक्रमणधिकृत्य कृतोऽध्यायः। (ड.-सु.सू. 35/1), सुश्रुतसंहिता सूत्रस्थान का 35 वाँ अध्याय, रोगी की चिकित्सा जिस प्रकार से करनी चाहिये, उस विधि के सम्बन्ध में वर्णित अध्याय, a chapter depicting treatment procedure of patient

आतुरोपद्रवचिकित्सित
āturopadravacikitsita
स्नेहादिनां निरूहान्तानामुपक्रमाणामन्तेऽग्निमाद्यमेवावश्यम्भावि, तत्सन्धुक्षणार्थं पेयादिसंसर्जनोपदेशाय वर्ज्यानां च क्रोधादीनां प्रज्ञापराधात् करणे तज्जव्याधिप्रशमनाय चातुरोपद्रवचिकित्सताभिधानम्। (ड.-सु.चि. 39/1), स्नेहादि विधि से निरूह बस्ति तक की चिकित्सा के बाद जो अग्निमांद्य होता है, उसमें अग्निवृद्धि के लिये पेयादि संसर्जन क्रम का प्रयोग, क्रोधादि वर्ज्य विषयों का उपदेश एवं प्रज्ञापराध जन्य व्याधियों के प्रशमन का उपाय इस अध्याय में किया गया है, a chapter depicting complications and their management in biopurification therapy

आतुर्य
āturya
आतुरभाव, रोग, अनारोग्य। (च.चि. 1(1)/79), रोगी को आतुर कहते हैं, उसके भाव को आतुर्य कहते हैं, disease

आत्त
ātta
गृहीतम्। (अरु.-अ.हृ.सू. 1/28), प्राप्त करना, ग्रहण करना, वैद्यलक्षण, attained, knowledge attained from precepter, a quality of physician

आत्मगुप्ता
ātmaguptā
कपिकच्छूः। (ड.-सु.सू. 46/36), (ड.-सु.उ. 52/42), कौंच, केंवाच, cowhage, cowitch, *lat - Mucuna pruriens*

आत्मजा
ātmajā
पुत्रजीवख्याता। (चक्र.-च.चि. 3/267), पुत्रजीवक, जियापोता, *lat - Putranjiva roxburghii*

आत्मवत्
ātmavat
जितेन्द्रियाणाम्। (ड.-सु.सू. 23/3), बुद्धिमान, संयमी, जितेन्द्रिय, self controlled, wise

आत्मवान
ātmavāna
1.बुद्धिमान्। (ड.-सु.सू. 34/9), intelligent 2. आत्मवानिति प्रशंसायां मतुप्प्रत्ययः। (चक्र.-च.सू. 17/119), जितेन्द्रिय, प्रशंसायोग्य, praise worthy

आत्मशल्या
ātmaśalyā
शतावरी। (रा.नि. 4/439), शतावर, *lat- Asparagus racemosus*

आत्मा
ātmā
आत्मा चेतनप्रतिसन्धाता। (चक्र.-च.सू. 8/4), ज्ञानप्रतिसन्धाता। (चक्र.-च.सू. 1/42), क्षेत्रज्ञ देहः। (ड.-सु.शा. 3/7), कर्मात्मा बद्धपुरुषः। (ड.-सु.सू. 15/41), चेतना प्रदान करने वाला आत्मा है, आत्मा, जीवात्मा, एक धातु पुरुष, आत्मा, जीवात्मा, एक धातु पुरुष, that which gives consciousness, soul

आत्मोद्भवा
ātmodbhavā
माषपर्णी। (रा.नि. 3/172), वनउडद, जीवनीयद्रव्य, *lat - Teramnus labialis*

आत्ययिक
ātyayika
अत्यय का अर्थ विनाश होता है, जो विनाशकारि हो, शीघ्र नाशक हो। (च.नि. 2/11), life threatening

आत्रेय
ātreya
अत्रि के पुत्र, पुनर्वसु अपर नाम, भरद्वाज के शिष्य एवं अग्निवेश के गुरु, एक ऋषि। (च.सू. 1/8), आत्रेय ने भरद्वाज से आयुर्वेद का ज्ञान प्राप्त कर अग्निवेश को प्रदान किया था, a sage, son of Atri, disciple of Bhardwaja and preceptor of Agnivesha

आत्रेयशासन
ātreyaśāsana
पुनर्वसु आत्रेय द्वारा रचित वैद्यकशास्त्र को आत्रेयशासन कहते हैं। (च.सू. 1/93), text written by sage Atreya

आथर्वण
ātharvaṇa
अथर्ववेदः। (सु.सू.- 24/7), अथर्ववेद, चार वेदों में से एक, one among four vedas

आदंशशोफ
ādaṃśaśopha
आसमन्ततो दंशस्य शोफः। (ड.-सु.क. 4/37), दंशस्थान के चारों ओर उत्पन्न शोफ, inflammation around insect bite

आदर्श
ādarśa
प्रतिबिम्बदर्शनार्थं सम्पूर्णचन्द्रमाकारः कांस्यमय उच्यते। (ड.-सु.सू. 30/21), दर्पण (च.इ. 12/77), छवि दर्शन हेतु प्रयुक्त दर्पण, mirror

आदान
ādāna
आददाति क्षपयति पृथिव्याः सौम्यांशं प्राणिनां च बलमित्यादानम्। (चक्र.-च.सू. 6/4), पृथिवी के सौम्यांश (स्नेहांश) एवं प्राणियों के बल को खींच लेने के कारण इस काल को आदान काल कहा जाता है या जिस काल में सूर्य प्राणियों के सौम्यांश को ग्रहण कर लेता है तथा बल को क्षीण कर देता है, आदान काल कहलाता है, इसमें सूर्य उत्तरायण होता है, शिशिर, वसन्त एवं ग्रीष्मऋतु आदान काल के अन्तर्गत होती हैं, period of absorption, absoption period in which unctuousness and strength of living beings are decreased or weakened, northern solstice

आदानी
ādānī
घोषकभेदः। (भै.र.क्षुद्ररोग महानीलतैल), कोशातकी, तोरई, sponge gourd

आदारिबिम्बी
ādāribimbī
आदारि वेल्लन्तरसदृशपुष्पा आलिरिति लोके, बिम्बी रास्नानुकारिविटपा लोहितफला च। (ड.-सु.उ. 44/19), आऊलि, a herb

आध्मान
ādhmāna
वायुना जठरापूरणम्। (इन्दु.-अ.हृ.सू. 2/18), वायुना सवेदनमुदरपूर्णत्वम्। (विज.-मा.नि. 2/9), वायुना कुपितेन नाभेरधः सशूलमापूरणमाध्मानम्। (इन्दु.-अ.हृ.सू.

4/7), वायु के द्वारा नाभि के नीचे शूलयुक्त पूर्णता का होना, distention of abdomen

आन्तिकीशुद्धि
āntikīśuddhi
आन्तिकी, वैगिकी, मानिकी, लैंगिकी चेति चतुर्विधा शुद्धिरिहोच्यते वमनविरेचनयोः। (चक्र.-च.सि. 1/13-14), सम्यक् शुद्धि के लक्षणों में जो वमन के अन्त में पित्त का निकलना या विरेचन के अन्त में कफ का निकलना वर्णित है, वह आन्तिकी शुद्धि है। शोधन कर्म के अन्त को बताने वाले लक्षण की उपस्थिति आन्तिकी शुद्धि होने का द्योतक है, appearance of pitta in vomitus in vamana karma and of kapha is virechan karmra indicates end point of that procedure

आन्त्रकूजन
āntrakūjana
अर्शस्य पूर्वरूपः, आन्त्रकूजनम्। (सु.नि. 2/8), आंतों में गुड़गुड़ाहट borborygmi, gurgling sounds in abdomen, a prodromal feature of piles/hemorrhoids

आप्त
āpta
आप्ताज्ञानवन्तो रागद्वेषरहिताः पुरुषाः। यद् वक्ष्यति "रजस्तमोभ्यां निर्मुक्ता"। (चक्र.-च.सू. 7/55), आप्ती रजस्तमोरूपदोषक्षयः तद्युक्ता आप्ताः। (चक्र.-च.सू. 11/19), राग द्वेष और रज तम से रहित ज्ञानी पुरुष आप्त माने जाते हैं, रज और तम रूप दोषों का क्षय होना 'आप्ती' है, इन गुणों से मुक्त व्यक्ति 'आप्त' कहा गया है, learned person devoid of affection or envy, credible person, the reduced state of raja and tama is called apti, a person on this state is known as apta

आभासबन्ध
ābhāsabandha
पुटितो यो रसो याति योगं मुक्त्वा स्वभावतां, भावितो धातुमूलाद्यैराभासो गुणवैकृतः।। (र.र.स. 11/67), धातुओं एवं औषधियों द्वारा भावित एवं पुट दिये गये पारद का स्वाभाविक गुणों से मुक्त होकर योग को प्राप्त होना 'आभास बन्ध' कहलाता है, processing of mercury with metals and herbs to change its qualities to usage form

आभ्यन्तरयातनेत्र
ābhyantarayātanetra
कोटरान्तः प्रविष्टाक्षिगोलकः। (विज.-मा.नि. 6/23), अक्षिगोलक का कोटर के अन्दर प्रवेश, enopthalmos, sunken eyes

आभ्यन्तरहेतु
ābhyantarahetu
आभ्यान्तरः यथा दोषो दूष्याश्च। (विज.-मा.नि. 1/5), आभ्यन्तर कारण, दोष और दूष्य होते हैं, endogenous causes

आभ्यन्तरायाम
ābhyantarāyāma
क्रोडेनतम्। (विज.-मा.नि. 22/35), शरीर का आगे की ओर झुकना, opisthotonus

आमगर्भ
āmagarbha
आमगर्भः षण्मासं यावत्। (ड.-सु.उ. 42/13), अपरिपक्व गर्भ, प्रथम छः मास तक का गर्भ, immature foetus (during 1st six months)

आमय āmaya
आमयशब्देन च लिंगमुच्यते। (चक्र.-च.सू. 29/4), आमय शब्द से व्याधियों के लक्षण का यहाँ पर ग्रहण किया गया है, disease/disease features

आयत āyata
आयतो दीर्घः। (ड.-सु.सू. 5/8), लम्बा, long

आयतन āyatana
आयतनानि बाह्यहेतवो दुष्टाहाराचाराः। (चक्र.-च.सू. 20/3), आयतन से बाह्य हेतुओं, यथा दूषित आहार, विहार आदि का ग्रहण किया जाता है, external aetiological factors that lead to disease

आयास āyāsa
श्रमः। (विज.-मा.नि. 22/8), थकावट, fatigue

आयुर्वेदोत्पत्ति āyurvedotpatti
अन्यत्रावबोधोपदेशाभ्यामिति यत्र यत्रायुर्वेदस्योत्पत्तिरुक्ता, तत्र तत्रावबोधादुपदेशाद्वा; अवबोधादुत्पत्तिर्यथा - ब्रह्माण आयुर्वेदोत्पत्तिः, उपदेशाच्चोत्पत्तिर्यथा-इन्द्रोपदेशाद्भरद्वाजेन मर्त्यलोके आयुर्वेद उत्पादित इत्यादि। एतद्द्वयमिति अवबोधोपदेशौ। (चक्र.-च.सू. 30/27), जहाँ कहीं भी आयुर्वेद की उत्पत्ति का विचार हुआ है, वहाँ पर अवबोध या उपदेश का ही वर्णन है। अवबोध से आयुर्वेद की उत्पत्ति, यथा ब्रह्मा द्वारा आयुर्वेद की उत्पत्ति या उपदेश (ब्रह्मा को आयुर्वेद का अवबोध हुआ), उपदेश से आयुर्वेद की उत्पत्ति - जिस आयुर्वेद का ब्रह्मा को अबबोध हुआ उसका उपदेश उन्होंने दक्ष प्रजापति को दिया। दक्ष प्रजापति, अश्विनी कुमार द्वय, इन्द्र, भरद्वाज, इस क्रम में उपदेश परम्परा से जाना गया। इस प्रकार दो प्रकार (अवबोध एवं उपदेश) से आयुर्वेद ज्ञान मृत्युलोक में आया, evolution of life sciences (by perception to Brahma and by teaching from Brahma to other sages such as Daksha, Ashwaini kumar, Indra and Bhardwaj etc.

आयुष्य āyuṣya
आयुःप्रकर्षकारित्वेन। (चक्र.-च.सू. 26/43(1)), जो आयु की वृद्धि करता हो, वह आयुष्य है, longevity promoting

आरोग्य ārogya
आरोग्यं रोगाभावाद्धातुसाम्यम्। (चक्र.-च.सू. 1/15), धातुसाम्य की अवस्था जिसमें रोगाभाव रहता है, उसे आरोग्य या निरोग कहते हैं, the state of equilibrium of doshas and absence of diseases

आरोटबन्ध ārotabandha
सुशोधितो रसः सम्यारोट इति कथ्यते। स क्षेत्रीकरणे श्रेष्ठः शनैर्व्याधिविनाशनः।। (र.र.स. 11/66), उत्तम प्रकार से शुद्ध किये हुये पारद को 'आरोटबन्ध' कहा जाता है, यह क्षेत्रीकरण (शरीर को दृढ बनाना) हेतु श्रेष्ठ है एवं सेवन करने से धीरे-धीरे व्याधि का शमन कर देता है, adequately purified mercury

आर्त ārta
आर्तेषु आर्तियुक्तेषु। (चक्र.-च.सू. 9/26), अरति (कष्ट) युक्त व्यक्ति 'आर्त' कहा जाता है, a person heaving pain or disease

आर्तव ārtava
ऋतुकालजं शोणितम्। (ड.-सु.शा. 2/36), रजःस्राव, menstrual blood

आर्ति ārti
शूलम्। (इन्दु.-अ.हृ.सू. 7/20), वेदना, pain

आर्य ārya
आराद्दूरात् पापेभ्यो यात आर्यः। (चक्र.-च.सू. 8/19), जो पाप कर्मों से दूर रहे वह आर्य है, a person who does not indulge in sins

आर्ष ārṣa
आर्षं ऋषिकृतम्। (चक्र.-च.सू. 30/17), ऋषियों द्वारा रचित 'आर्ष' कहा जाता है या ऋषि प्रणीत या ऋषियों द्वारा लिखा 'आर्ष' कहा जाता है, written by a sage

आलवाल ālavāla
मिट्टी या अन्य पदार्थ से बनाई गई जलरोधी भित्तिका, तरुमूलादि में जल सेचन हेतु, making of water resistant barrier of clay or any other material

आलस्य ālasya
समर्थस्याप्यनुत्साहः कर्मण्याः। (विज.-मा.नि. 2/12), कर्म में समर्थता होते हुये भी उत्साह का न होना, laziness

आवस्थिक āvasthika
क्रियां चावस्थिकीमिति ग्रहणीदोष एव अवस्थाविशेषे कर्तव्यां क्रियां श्रृणु। (चक्र.-च.चि. 15/198), (ग्रहणी आदि रोगों में) दोषों की अवस्थाओं के अनुसार (विशेष क्रियाओं की योजना), according to stage/condition

आवाप āvāpa
द्रुते द्रव्यांतरक्षेपो लोहाद्ये क्रियते हि यः। स आवापः प्रतीवापस्तदेवाऽऽच्छादनं मतम्।। (र.र.स. 8/54), किसी धातु आदि को मूषा में रखकर तीव्राग्नि में पिघलाकर ऊपर से उस पिघले हुये धातु द्रव के ऊपर किसी द्रव्य चूर्ण को छोड़ना आवाप कहलाता है, इसे ही प्रतीवाप या आच्छादन भी कहते हैं, adding powder in molten metal

आविक āvika
आविक संस्तराम्।। (च.सू. 14/48), कम्बल, woolen

आविल āvila
समलम्। (ड.-सु.उ. 6/12), कलुषम्। (हे.-अ.हृ.सू. 27/41), मलयुक्त, मलिन, turbid, contaminated, dirty

आविशन्त āviśanta
आवेशं कुर्वन्। (ड.-सु.सू. 27/17), आविशन्तश्च लक्ष्यन्ते केवलं शास्त्रचक्षुषा। शुद्धेन देहं बालानां गन्धर्वा इव योषिताम्।। (अ.सं.उ. 30/7), प्रवेश करते हुए (अदृश्य ग्रहों के संदर्भ में), invading grahas (supernatural powers), by entering, by intruding

आशुक्रिया āśukriyā

आशुक्रिया लघुहस्तता शीघ्रं शस्त्रकर्मणम्। आशुक्रिययाऽऽतुरस्य चिरं क्लमो न भवति। (ड.-सु.सू. 5/10), हलके हाथ से शीघ्र शस्त्रकर्म करना, रोगी पर शस्त्र चलाने से न हिचकिचाना, doing surgical procedure with skilled and free hand, very rapidly, not hesitating during surgical procedure

आशुगा āśugā

आशुगा, शीघ्र गामिनी इति। (ड.-सु.सू. 13/12), तेज चलने वाली, fast moving, having rapid movement

आशुप्रवर्तक āśupravartaka

अल्पेन हेतुनाऽऽशु शीघ्रं प्रवर्तनं यस्य तदाशुप्रवर्तकम्। (चक्र.-च.सू. 10/17), जो व्याधि अल्प कारणों से ही शीघ्र बढ़ जाती है, the disease that gets aggravated even by a mild causative factor

आश्च्योतन āścyotana

आश्च्योतनं नेत्रविरेकार्थं द्रवौषधदानम्। (चक्र.-च.सू. 5/19), आंख के दोष को निकालने के लिए द्रव औषध को आंख में डालना, आश्च्योतन कहलाता है या नेत्रों से कफ दोष के स्रवणार्थ प्रयुक्त होने वाली द्रव औषधि को आश्च्योतन कहा जाता है, liquid medicaments used to remove/expell vitiations of eye

आसन्ननिदान āsannanidāna

आसन्नं यथा-वातादयः प्रकुपिताः। (अरु.-अ.हृ.नि. 1/2), वातादि दोष आसन्न (निकट के) हेतु हैं, immediate cause, provoked dosha are sannikrishta hetu

आसव āsava

यदपक्वौषधाम्बुभ्यां सिद्धं मद्यं स आसवः। (शा.सं.म.ख. 10/2), आसुतत्वादासव संज्ञा। आसुतत्वादिति सन्धानरूपत्वात्। (चक्र.-च.सू. 25/49), तद्वन्मृद्वीकेक्षुरसाभ्यां मिलिताभ्यां कृत आसवो ज्ञेय। (चक्र. च.सू. 27/188), अपक्व औषध एवं जल के संयोग से सन्धान करके जो मद्य बनता है, उसे आसव कहते हैं, इसकी मात्रा एक पल है, आसवन प्रक्रिया द्वारा निर्मित, माध्वीक के समान अंगूर रस और इक्षु के रस से मिलाकर निर्मित मद्य आसव कहलाती है, an alcoholic preparation prepared by fermentation like madhveeka, alcoholic preparation prepared from grapes or sugarcane juice

आसीनप्रचलायित āsīnapracalāyita

आसीनप्रचलायितं उपविष्टस्य किंचिन्निद्रासेवनं; यदाहुर्जनाः प्रधानं विहारेषु। (चक्र.-च.सू. 21/50), बैठे-बैठे कुछ सो ले लेना या झपकी लेना, asleep in sitting position

आसुत āsuta

आसुतत्वादिति संधानरूपत्वात्। (चक्र.-च.सू. 25/49), तदासुतमिति शुक्तमध्यस्थितं मूलककूष्माण्डादि। (च.सू. 27/385), आसुतं चान्यदिति संधानान्तरम्। (चक्र.-च.सू. 27/285), संधान रूपत्व से अर्थात् संधान क्रिया से बनाए जाने से मद्यों को, आसव संज्ञा दी जाती है, शुक्त में ही मूलक (मूली),

10—4 Min. of HRD/2016

कूष्माण्ड आदि को रखकर जो संधान किया जाता है, उसे आसुत कहते हैं, संधान के पश्चात् ही अन्य आसुत निर्मित होते हैं, distillation or fermentation process, when sukta is distilled after being fermented with radish & pumpkin mixed in it, the other distillates are prepared only after fermentation

आस्यमाधुर्य āsyamādhurya

मुखस्य मधुररसत्वम्। (विज.-मा.नि. 15/8), मुख में मधुर रस की प्रतीति होना, a feeling of sweet taste in mouth

आस्यवैरस्य āsyavairasya

आस्यवैरस्यं उचितादास्यरसादन्यथात्वम्। (चक्र.-च.सू. 28/9), मुख के उचित स्वाद से अन्य स्वाद की प्रतीति होना आस्यवैरस्य है, disguesia

आहतात āhatāta

आहतात् क्षतात् शकलीकृतात् तत्क्षणकृष्टादिति सद्य उत्पाटितात्। (आढ.-शा.सं.मा. 1/2), ताजी औषधियों को संग्रहित कर उन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में विभाजित करना, chopping of fresh drugs (herbs) into small pieces

आहरण āharaṇa

आनयनम्। (ड.-सु.सू. 7/17), पकड़कर बाहर निकालना, extraction

आहार āhāra

आह्रियत इत्याहारो भेषजमपि। (चक्र.-च.सू. 26/85), जिसका आहरण या ग्रहण किया जाये, वह आहार कहा जाता है, इसे भेषज भी कहते हैं, diet, drug

इक्षु ikṣu

गन्ना, suger cane

इक्षुमेह ikṣumeha

प्रमेह भेद, प्रमेह रोग का एक प्रकार, a type of prameha, diabetes mellitus

इक्षुर ikṣura

इक्षुभेद, गन्ना का प्रकार, a type of sugar cane

इक्षुरक ikṣuraka

कोकिलाक्षः। (भा.प्र.गुडूच्यादि 225), तालमखाना, *Hygrophila spinosa*

इक्षु विकार ikṣuvikāra

इक्षु जातं द्रव्यम्। गन्ने से बनने वाला द्रव्य, sugar cane product, sugar, jaggery etc.

इक्षुशुक्त ikṣuśukta

एवमेवेक्षुशुक्तं स्यान्मृद्वीकासम्भवं तथा। (शा.स.म. 10/10), गुडशुक्त की भांति ही इक्षुरस होता है, तैल एवं कन्दमूलादि के सन्धान से उत्पन्न अम्लतायुक्त पदार्थ, a fermented product obtained by sugar cane juice, oil etc.

इन्द्र indra

इन्द्र शब्देन प्राण उच्यते। (चक्र.-च.इ. 1/2), इन्द्र शब्द से तात्पर्य प्राण से है, the word indra means life

इन्द्रमद indramada
दुर्वान्ताया व्याधिरसाध्य इन्द्रमदो नाम भवति।। (सु.सू. 13/22), असम्यक् वामित जलौका को होने वाली असाध्य व्याधि, blood intoxication of leeches

इन्द्रवज्राग्निदग्ध indravajrāgnidagdha
इन्द्रवज्राग्निनादग्धम्। (सु.सू. 12/39), इन्द्रवज्राग्नि से जलाया गया, आकाशीय बिजली से जलाया गया, burn from lightening

इन्द्रायुधा indrāyudhā
इन्द्रायुधवदूर्ध्वराजिभिश्चित्रा इन्द्रायुधा। (ड.-सु.सू. 13/11), इन्द्रधनुष के वर्ण के समान चित्रविचित्र धारियों वाली जौंक इन्द्रायुधा होती है, poisonous leech having variegated lines of different colours like rainbow

इन्द्रिय indriya
इन्द्रशब्देन प्राण उच्यते, तस्यान्तर्गतस्य लिङ्गरिष्टाख्यमिन्द्रियम्। (चक्र.-च.इ. 1/2), इन्द्र शब्द से तात्पर्य प्राण से है, उसके नष्ट होने के लक्षण को रिष्ट कहा जाता है वही इन्द्रिय है, the word indra means life, the sign and symptom manifest at the end of life is called indriya

इन्द्रियदौर्बल्य indriyadaurbalya
दर्शनादीनामशक्तत्वं स्वविषयग्रहणे दौर्बल्यम्। (इन्दु.-अ.हृ.सू. 4/8), इन्द्रियों का अपने-अपने विषयों के ग्रहण करने में असमर्थ होना, neurasthenia, sensesthenia

इन्द्रियद्रव्य indriyadravya
इन्द्रियाणां प्राधान्येनाराम्भकं द्रव्यं इन्द्रियद्रव्यम्। (चक्र.-च.सू. 8/9), इन्द्रियों के प्रधान एवं आरम्भक द्रव्य को उस इन्द्रिय का इन्द्रिय द्रव्य कहा जाता है, inherent matter of sensory organs

इन्द्रियबुद्धि indriyabuddhi
असाधारणेन कारणेनेन्द्रियेण व्यपदिष्टा बुद्धयः इन्द्रिबुद्धयः। (चक्र.-च.सू. 8/12), विशिष्ट कारण से इन्द्रिय में उत्पन्न बुद्धि इन्द्रियबुद्धि कहलाती है, knowledge generated in the sense due to specific cause

इन्द्रियविजय indriyavijaya
यन्त्रणाभ्यासात्तदिन्द्रियं जीयत इत्युक्तमिन्द्रियविजयं चेति। (चक्र.-च.सू. 8/18), सद्वृत्त का पालन करके इन्द्रियों को जीतना, controlling of senses by observing rules of good deeds

इन्द्रियविषय indriyaviṣaya
इन्द्रिय जिसका ज्ञान करती है वह इन्द्रिय विषय है, object of sense

इन्द्रियाधिष्ठान indriyādhiṣṭhāna
इन्द्रियाधिष्ठानमिन्द्रियाश्रयः। (चक्र.-च.सू. 8/10), जिस अंग में इन्द्रिय का आश्रय होता है वह उस इन्द्रिय का अधिष्ठान है, the organ in which a particlar sense is situated, site of sense

इन्द्रियाभिग्रह indriyābhigraha
इन्द्रियाभिग्रहः इन्द्रियाधिष्ठानं मनसः कर्म। (चक्र.-च.शा. 1/21), इन्द्रियों में रहकर कार्य करना यानी इन्द्रियों का संचालन करना, to control the function of sense faculty

इन्द्रियार्थ indriyārtha
इन्द्रियार्था इन्द्रियविषयाः। (चक्र.-च.सू. 8/11), इन्द्रिय का विषय उसका अर्थ है, object of senses

इन्द्रियोपशम indriyopaśama
इन्द्रयोपशमं इन्द्रियाणां स्वविषयेऽलम्पटत्वम्। (चक्र.-च.सू. 7/52), इन्द्रियों को अपने वश में रखना, control on senses

इष्टिकास्वेद iṣṭikāsveda
उष्मस्वेदस्तु कपालपाषाणेष्टकालोहपिण्डान्। (सु.चि. 32/5), उष्म स्वेद का एक प्रकार जिसमे गर्म ईट से स्वेदन दिया जाता है, hot brick sudation

ईरित īrita
ईरितो विलायितो वसन्ते। (चक्र.-च.सू. 6/22), सूर्य की किरणों से कफ का पिघलना ईरित है, liquification of kapha in spring season

ईर्ष्या īrṣyā
समाने द्रव्ये परसंबन्धप्रतिषेधेच्छा ईर्ष्याः। (चक्र.-च.सू. 7/27), एक समान द्रव्य में दूसरे व्यक्ति के सम्बन्ध को रोकने की इच्छा ईर्ष्या है, jealousy, envy

उग्रगन्ध ugragandha
उग्रो वमनकारको वचादीनाम्। (चक्र.-च.सू. 11/37), वच जैसे वमनकारक गन्ध को 'उग्रगन्ध' कहा जाता है, the smell that stimulates vomiting, sweet flag *(Acorus calamus)*

उचित ucita
उचितनप्यभ्यस्तानपीत्यर्थः। (चक्र.-च.सू. 7/34), उचित अर्थात् अभ्यस्त हुए भाव, pleasurable, aggreable

उच्चैःश्रुति ucchaiḥśruti
उच्चैःश्रुति तारस्वरमात्रश्रवणम्, अल्पशब्दस्य तु सर्वथैवाश्रवणम्। (चक्र.-च.सू. 20/11), तार के स्वरों का मात्र सुनाई देना या धीमी आवाज का बिल्कुल न सुनाई देना या तीव्र आवाज सुनाई देना, hard of hearing

उच्छीर्षक ucchīrṣaka
उच्छ्रितशिरस्कम्। (ड.-सु.चि. 36/23), तकिये के प्रयोग से ऊपर उठा शीर्षभाग, raised with pillow

उच्छ्रित ucchrita
उच्छ्रित कठिन सुप्तमांसे इति उच्छ्रितमुत्सेधवत् सुप्तचेतनम्। (ड.-सु.सू. 12/10), उभरा हुआ, उन्नत, सुप्त, अचेतन, elevated, swollen, infatuated and numb

उच्छ्रिताक्ष ucçhritākṣa
उच्छूननेत्रः। (विज.-मा.नि. 12/33), नेत्रों का बाहर की ओर आना, ऊपर की ओर आना, exophthalmos, proptosis

उच्छवास ucchavāsa
श्वासस्योद्गमनम्। (इन्दु.-अ.हृ.सू. 11/1), श्वास का बाहर निकलना, expiration

उण्डुक unḍuka
आन्त्रदेशस्थः शोणितकिट्टप्रभवः, पोट्टलक लोके। (ड.-सु.शा. 4/17), महास्रोतस का एक पर्वताकार (बड़ा) अवयव, caecum, an intrabominal organ

उत्कट utkaṭa
प्रबल। (सु.शा. 4/63), predominating 2. उभरा हुआ, elevated

उत्कर्तन utkartana
उत्कर्तनं उर्ध्वकर्तनम्। (ड.-सु.सू. 9/4), ऊपर की ओर काटना, incision in upward direction

उत्कारिका utkārikā
उत्कारिका माषादिकृतोत्काराकृतिव्यञ्जन विशेषः। (चक्र.-च.सू. 14/42), रोटी या लप्सी जैसा एक व्यंजन जो कि उड़द से बनाया जाता है, a pouding or flour cake like preparation made of black gram

उत्क्रुष्ट utkruṣṭa
उत्क्रुष्टं दर्पादतिमात्रं शब्दितम्। (चक्र.-च.सू. 11/37), अहंकारवश उच्चस्वर में बोलना, yell, outcry, shouting out of false ego

उत्क्लेद utkleda
1.धातूनामुत्क्लेदः। (इन्दु.-अ.हृ.सू. 8/26), धातुओं में क्लिन्नता, wetness 2. कण्ठोपस्थितवमनत्वमिव। (विज.-मा.नि. 2/13), कण्ठ में उपस्थित वमन के समान प्रतीति, eructation

उत्क्षिप्त utkṣipta
ऊर्ध्वगमनम्। (ड.-सु.सू. 32/4), ऊपर की ओर खिसकना, upward movement

उत्क्षिप्तयोनि utkṣiptayoni
उपर उठी हुई गर्भाशय ग्रीवा वाली योनि, vagina having upward pushed cervix

उत्तमाङ्ग uttamāṅga
उपरिष्टादङ्गमुत्तमाङ्गम्। (चक्र.-च.सू. 17/2), शरीर के सबसे ऊपर स्थित शिर को उत्तमांग कहते हैं, शिर, head

उत्तान uttāna
स्तनं व्युदस्यते रौति चोत्तानश्चावभज्यते। उदस्तब्धता शैत्यं मुख स्वेदश्च शूलिनः।। (का.सं.सू. 25/15), पीठ के बल लेटना, शिशुओं में उदरशूल का एक लक्षण, to lie in supine position, a sign of abdominal pain in neonates

उत्त्रास uttrāsa
तथा हि सहसा बोधनोत्क्षेपेण चास्य बालस्य वेगरोध उत्त्रासश्च जायते। (इन्दु.-अ.सं.उ. 1/30), भय, सोए हुए बालक को सहसा उठाना या उछालना नहीं चाहिए, अन्यथा उसके मन में डर बैठ जाता है और उसके मल मूत्रादि वेग रुक जाते हैं, fear, one should avoid sudden waking or tossing up of child for, it may cause fear in the child

उत्थान utthāna
1. उत्थाननेति क्रियारम्भेण। (चक्र.-च.वि. 4/8), क्रिया का आरम्भ करना, to start an activity 2. हेतु, कारण, causative factors 3. सम्प्राप्ति, pathogenesis

उत्थापन utthāpana
मृतस्य पुनरुद्भूतिः सम्प्रोक्तोत्थापनाख्यया। (र.र.स. 8/42), पारद का चौथा संस्कार जिसमें मूर्छित पारद को पुनः अपने स्वरूप में लाया जाता है, the process of obtaining the original metal from its ashes; it is fourth samsakara of parada

उत्पादकहेतु utpādakahetu
तत्रोत्पादको यथा- हेमन्तजो मधुररसः कफस्य। (विज.-मा.नि. 1/5), जैसे हेमन्त ऋतु में मधुर रस कफ को उत्पन्न करता है, यहां मधुर रस कफ का उत्पादक कारण है, evolving factor

उत्पेषण utpeṣaṇa
उत्पेषणं शिलोत्पेषणमिव। (चक्र.-च.सू. 18/4), शिला में पीसने के समान आघात जन्य वेदना विशेष, grinding, grinding pain

उत्सङ्ग utsaṅga
उत्सङ्गे इवोत्सङ्गाः (ड.-सु.सू. 5/12), उभरा हुआ, elevated, swollen

उत्सर्ग utsarga
प्रवृत्तिः। (चक्र.-च.सू. 28/22), विसर्जन, उत्सर्जन, त्याग करना, छोड़ना, laying, leaving aside, to give up, suspension

उत्सा utsā
उत्सा निम्नादुत्तिष्ठज्जलस्थानम्। (च.सू. 27/214), जो जल की धारा नीचे के स्थान से ऊपर की ओर जाती है, प्रस्रवण, fountain, a natural sprout or jet of water (moves upwards)

उत्सादन utsādana
1. उत्सादयेदिति उद्वर्तयेत्। (चक्र.-च.चि. 8/175), मलना (औषध चूर्ण के संदर्भ में), trituration, anointment 2. उत्सादनं निम्नव्रणस्योन्नतिकरणम्। (ड.-सु.चि. 1/82), निम्न व्रण को उपर उठाना (शल्यतन्त्र के संदर्भ में), elevation, granulation promotion

उत्साह utsāha
सत्वं मनः, मनसो बलं वा यत् 'उत्साह' उच्यते। (चक्र.-च.सू. 11/36), उत्साहः कार्येषूद्योगो मनसः। (चक्र.-च.सू. 12/8), चैतसिको धर्मः। (सु.चि. 38/50), सर्वचेष्टासूद्योगः। (अरु.-अ.हृ.सू. 11/1), उत्साहः अध्यवसायः। (हे.-अ.हृ.सू. 11/1), कार्योत्थानशक्तिः। (इन्दु.-अ.हृ.सू. 11/1), शरीरमनसोर्बलम्। (विज.-मा.नि. 6/24), सत्व से मन अर्थ लिया गया है, मानसिक बल को उत्साह कहते है, कार्यों में मन को लगाना 'उत्साह' कहा जाता है, मन का धर्म, मन का उल्लास, सभी चेष्टाओं में तत्परता, a function of mind, will power, the term satva means mind, the strength or power of mind is will power, exhilaration, ability to initiate all types of activities, enthusiasm

उदकं व्येति udakamvyeti
उदकं व्येतीति उदकं विशेषेण इति व्याप्नोतीत्यर्थ। (चक्र.-च.शा. 8/54), (शुद्ध स्तन्य का) पानी में घुलना, easily assimible in water (in reference of pure breast milk)

उदकुम्भ udakumbha
पूर्णो रिक्तश्च घटो। (ड.-सु.सू. 29/27), घड़ा, earthen pot

उदगयन udagayana
उदग् उत्तरां दिशं प्रति, अयनं गमनमुदगयनम्। (चक्र.-च.सू. 6/4), सूर्य के उदग् (उत्तर) दिशा के अयन (गमन) को उदगयन अर्थात् उत्तरायण कहा जाता है, northward movement of the sun

उदञ्चन udañcana
उदञ्चनं पिधान शरावः। (चक्र.-च.सू. 15/7), शराव, सिकोरा, ढक्कन, lid

उदमन्थ udamantha
उदक प्रधानो मन्थ उदमन्थः। (चक्र.-च.सू. 6/35), अधिक पानी युक्त मंथ, a thin mantha prepared with adding more water

उदर udara
अन्तराधेरेकमुपाङ्गम्। पेट, एक उपांग, abdomen

उदरस्तब्धता udarastabdhatā
उदर में जकड़ाहट, stiffness in abdomen

उदरावेष्ट udarāveṣṭa
उदरस्यावेष्टनमिवोदरावेष्टः। (चक्र.-च.सू. 20/11), उदर में मरोड़ने की सी वेदना होना, abdominal cramps

उदर्क udarka
उदर्क उत्तरकालीनं फलम्। (चक्र.-च.सू. 25/36), उत्तरकालीन फल (परिणाम) को उदर्क कहा जाता है, consequetive effect

उदर्दप्रशमन udardapraśamana
उदर्दो वरटीदष्टाकारः शोथः, तत्प्रशमनः उदर्दप्रशमनः। (चक्र.-च.सू. 4/8), बर्रे के दंश के आकार का शोथ उदर्द कहलाता है; उसका शमन करने वाली चिकित्सा उदर्द प्रशमन कहलाती है, the swelling resembling the one occuring due to the sting of wasp is called udarda; the treatment which subsides udarda is called udardaprashamana

उदान udāna
उदानो नाम यस्तूर्ध्वमुपैति पवनोत्तमः। (सु.नि. 1/14), एक प्रकार की वात जिसकी गति ऊपर की ओर होती है, इसे पवनोत्तम भी कहा जाता है, one of five types of vata which has upward movement

उदीर्ण udirṇa
उत्कटम्। (ड.-सु.सू. 35/23), स्थानात् परिभ्रष्टम्। (इंदु.-अ.हृ.उ. 26/16), प्रकुपित, उभड़ा हुआ, उत्पन्न वेग, excited, ready to come out (particularly excretory impulses)

उद्गार udgāra
उद्गतस्य वायोरुद्गिरणमुद्गारः। (ड.-सु.सू. 26/13), भोजन के पश्चात् वायु के बाहर आने से डकार का आना, belching, erructation

उद्गारबाहुल्य udgārabāhulya
अर्शस्य पूर्वरूपः, उद्गारबाहुल्यम्। (सु.नि. 2/8), अधिक डकार आना, excessive belching, a prodromal feature of piles/hemmorrhoids

उद्गाररोध udgārarodha
उद्गाराप्रवृत्तिः। (विज.-मा.नि. 14/4), उद्गार का न होना, absense of erructation

उद्गिरण udgiraṇa
वान्तिः उद्गारो वा। (विज.-मा.नि. 18/19), उद्गार, डकार, वमन जैसी अनुभूति, erructation, nausea

उद्घाटन udghāṭana
विद्धद्रव्यस्य सूतेन कालुष्यादिनिवारणं प्रकाशनच्च वर्णस्य तद् उद्घाटनमीरितम्। (रसेन्द्र चूड़ामणि. 4/12), पारद से विद्ध द्रव्य की कालिमा अर्थात मैल को नष्ट कर स्वर्णादि धातुओं का वर्ण प्रकाशन 'उद्घाटन' है, brightening the colour of metals which become discolored due to combination with mercury by elimination of impurities

उद्दीपन uddīpana
जो अग्नि बढ़ाए, that enhances the digestive power

उद्देश uddeśa
उद्देशोहयल्पकथनम्। (चक्र.-च.सू. 1/71), उद्देशो नाम संक्षेपाभिधानम्। (चक्र.-च.सि. 12/42), समास वचनमुद्देशः। (सु.उ. 65/12), किसी भी विषय पर संक्षिप्त कथन उद्देश कहलाता है, a brief statement on a desired topic

उद्ध्वंसन uddhvaṃsana
कण्डूयते। (विज.-मा.नि 12/31), (कण्ठ) में कण्डू की प्रतीति, irritation in throat

उद्वर्तन udvartana
उद्वर्तनं गात्रमर्दनम्। (ड.-सु.चि. 24/51), शरीर का मर्दन (मालिश), body massage

उद्विग्न udvigna
उद्विग्ना इति भीताः (ड.-सु.सू. 29/8), डरा हुआ, व्याकुलचित्त, afraid, anxious

उद्वेग udvega
उद्वेग ऊर्ध्ववातवेगः, किंवा भैषज्यानभिलाषः। (चक्र.-च.सू. 22/40), ऊर्ध्ववात का वेग उद्वेग कहा जाता है या औषधि सेवन के प्रति अभिलाषा का न होना उद्वेग कहलाता है, agitation of vata in upward direction (erructation), aversion towards medication

उद्वेजन udvejana
अथ कुमार उद्विजते त्रस्यति रोदिति नष्टसंज्ञो भवति। (सु.शा. 10/51), खिन्न होना, बालकों में ग्रहोपसर्ग का लक्षण, depression, aversion

उन्नमन

unnamana

अधःस्थितस्य शरकर्णादेरूर्ध्वं नयनम्। (ड.-सु.सू. 7/17), नीचे स्थित शल्य या अस्थि को ऊपर उठाना, elevation

उन्मथन

unmathana

प्रनष्टस्य शल्यस्य मार्गे शलाकादिभिरालोडनम्। (ड.-सु.सू. 7/17), छिपे शल्य के मार्ग में शलाका डालकर विलोडन करना, मथना, stirring

उपकरण

upakaraṇa

निर्व्याधिर्वर्धते शीघ्रं संसर्पत्याशु गच्छति। पङ्गुमूकाश्रुतिजडायुज्यन्ते चाशु कर्मभिः। (का.सं.सू. लेहा.), बालक शीघ्र ही व्याधिरहित होकर वृद्धि को प्राप्त होता है, शीघ्र चलने फिरने लगता है तथा पंगु (चलने में अशक्त), मूक (गूंगे), अश्रुति (बहरे) तथा जड (मूर्ख, अल्प/मंदबुद्धि), जल्दी उन क्रियाओं को करने लगते हैं, unintelligent, dumb

जतुमणि
jatumaṇi
क्षुद्ररोग, जटुल लोकनाम। (ड.-सु.नि. 13/42), कफरक्तज सहज विकार, वेदनारहित, ईषत्रक्त जन्मचिह्न, birthmark, capillary haemangioma

जतूकर्ण
jatūkarṇa
पुनर्वसु आत्रेय के शिष्य। (च.सू. 1/31), a disciple of Atreya

जत्रु
jatru
ग्रीवामूलम्। (ड.-सु.सू. 46/440), अक्षकास्थि, clavicle

जनपदोध्वंस
janapadodhvaṃsa
लोक विध्वंस। (च.वि. 3/7), जल, वायु, देश, काल में विकृति से महामारी का होना, epidemic

जन्तु
jantu
1. प्राणिनः। (ड.-सु.नि. 7/5), प्राणी, सभी जीवित प्राणियों को जंतु सम्बोधन किया जाता है, living being 2. क्रिमयः। (ड.-सु.नि. 16/10), कृमि, maggots, worms

जन्तुकार्दित
jantukārdita
जन्तुदुष्टः। (का.सू. 25/39), जन्तुदष्ट बालक स्वस्थ होते हुये भी रात को नहीं सोता है उसके अंग रक्तबिन्दु युक्त होते हैं, कीटादि का शिशु को काटना जंतुकार्दित है, insect bite

जन्मबलप्रवृत्त
janmabalapravṛtta
शुक्रशोणितदुष्टिविनाऽपि मातुरपचारबलजाता। (ड.-सु.सू. 24/5), माता के अपचार के कारण उत्पन्न विकार जैसे पंगुता, जात्यन्धता, बधिरता आदि, congenital disease

जप
japa
ओङ्कारपूर्वकगायत्र्याद्यावर्तनैरयुतलक्षकोटिप्रयुतोपलक्षितैः। (ड.-सु.उ. 60/28), ॐ गायत्री मंत्र का लाख, करोड बार उच्चारण, chanting of sacred hymns

जरण
jaraṇa
1. अन्नादिपरिणामकारी। (ड.-सु.सू. 45/185), अन्नादि का पाचन, digestion 2. वार्धक्यम्। (र.र.स. 2/74), वृद्धत्व, बुढापा, old age

जरा
jarā
वार्धक्यम्। (ड.-सु.सू. 1/25), वृद्धावस्था, senility

जरायु
jarāyu
जरायुः सूतशल्कः। (इंदु.-अ.हृ.उ. 1/31), शिशु के चर्म के ऊपर का स्तर, vernix caseosa

जर्जर
jarjara
1. त्यक्तस्थैर्यम्। (इन्दु.-अ.सं.उ. 26), अस्थिर, unstable 2. वाद्यभाण्डम्। (चक्र.-च.इ. 1/14), एक प्रकार का वाद्ययन्त्र, a music instrument

जर्जरीकरण
jarjarīkaraṇa
1. श्लथमांसाद् उपचयम्। (चक्र.-च.सू. 27/4), शिथिल मांस का उपचय होना, normalizing flaccid tissue 2. पिष्टिकरणम्। (चक्र.-च.क. 1/14), पिट्ठी बनाना, paste making

जल
jala
एक महाभूत, पानी, one of the panchamahabhutas, water

जलकोष्ठक
jalakoṣṭhaka
अवगाहार्थं कृतं महज्जलपात्रम्। (चक्र.-च.सू. 14/34), स्नान हेतु पात्र, जलद्रोणी, bath tub

जलत्रास
jalatrāsa
सलिले त्रस्यति तदा। (ड.-सु.क. 7/49), अलर्कविष लक्षण, जलस्पर्श एवं दर्शन से त्रस्त होना, hydrophobia

जलदकलधौतपाक
jaladakaladhautapāka
(संस्कारित पारद में) अभ्रक एवं स्वर्ण का जारण। (आ.प्र. 1/114), digestion of mica and gold in processed mercury

जलदात्यय
jaladātyaya
शरदिः। (चक्र.-च.क. 7/57) शरदऋतु, बादलों का नाश होकर आकाश का मेघरहित होना, autumn

जलसन्त्रास
jalasantrāsa
जलदर्शनं संस्पर्शशब्देभ्यो यश्च सन्त्रसेत्। अदष्टमपि तं जह्याज्जलसन्त्रास रोगिणाम्।। (अ.सं.उ.), पशु से काटा या न काटा मनुष्य भी यदि पानी के देखने मात्र से, पानी के स्पर्श से, पानी के शब्द से डर जाता हो तो उसे जलसन्त्रास से ग्रस्त समझना चाहिए एवं यह अवस्था असाध्य है, hydrophobia

जलाभिरमण
jalābhiramaṇa
जलक्रीडा। (मधु.-मा.नि.), जल में तैरना, swimming

जलायुका
jalāyukā
जलमासामायुः। (ड.-सु.सू. 13/9), जल ही जिसकी आयु है अर्थात् जलौका, leech

जलार्बुद
jalārbuda
ओष्ठरोग, जलबुद्बुदवत्। (अ.सं.उ. 25), ओठरोग, a disease of lips

जलास्रव
jalāsrava
वायुः कुद्धो जलवाहिनीः सिराः प्राप्य वर्त्मशुक्लसन्धिकनीनकाज्जलाभमश्रु स्रावयति। (अ.सं.उ. 13), नेत्ररोग, वायु कुपित होकर जलवाहिनी सिरा में अवस्थित होकर कनीनकसंधि से जलयुक्त अश्रु स्राव कराता है, epiphora

जलूका
jalūkā
1. जलौका। (र.र.स. 22/147), जौंक, leech 2. पारदबन्ध। (र.र.स. 11/65), पारद बन्ध भेद, a type of binding of mercury

जलौका jaloukā
जलमासामायुरिति जलायुका:, जलमासामोक: इति जलौकस:। (सु.सू. 13/9), जल ही जिनकी आयु है, उन्हें जलायुका कहते हैं, अथवा जल ही जिनका ओक या निवास स्थान है, उन्हे जलौका कहते हैं, leech

जल्प jalpa
पक्षाश्रितयोर्वचनम्। (च.वि. 8/28), युक्तिपूर्वकवचन, वादभेद, a type of discussion

जवनिका javanikā
पटल। (अ.सं.सू. 33/24), आवरण, a curtain

जागरण jāgaraṇa
निद्राया अभाव। (च.नि. 1/33), निद्रा का न होना, sleeplessness

जाङ्गम jāṅgama
गच्छतीति जङ्गमं, जङ्गमप्रभवं जाङ्गमम्। (चक्र.-च.सू. 1/68), जो गमन करता है उसे जंगम कहते हैं जंगम से उत्पन्न होने वाला जांगम कहलाता है, animal origin

जाङ्गल jāṅgala
अल्पोदकद्रुमो यस्तु प्रवात: प्रचुरातप: स्वल्परोगमतोऽपि च। (च.वि. 3/47), अल्प जल एवं अल्पवृक्ष युक्त, वायु एवं धूप युक्त देश, arid land

जाठर jāṭhara
कायाग्निमिति काय निर्वर्तकमग्निं जाठरम्। (चक्र.-च.सू. 6/22), शरीर को संचालित करने वाली अग्नि का नाम जाठर है, agni which maintains the body

जाठराग्नि jāṭharāgni
भगवानीश्वरोऽन्नस्य पाचक:। (सु.सू. 35/27), अन्न की पाचक, भगवान, ईश्वर, digestive enzymes

जाड्य jāḍya
स्तब्धता:। (ड.-सु.चि. 24/14), आपाटवम्। (ड.-सु.उ. 55/17), गौरवम्। (अ.सं.सू. 32/17), स्तब्धता, गौरव, मूर्खता, stiffness, dullness, stupidity

जात jāta
उत्पन्न:। (च.शा. 8/46), उत्पादस्य:। (चक्र.-च.सू. 24/3), उत्पन्न होने वाला, उत्पाद, borne, product

जातकर्म jātakarma
जातमात्रस्य वेदोक्तं कर्मम्। (चक्र.-च.शा. 8/46), जातमात्र (नवजात शिशु) में किया जाने वाला संस्कार, holy ceremony in newborn

जातमात्र jātamātra
जातमात्रं सद्य एवोद्भूतम्। (अरु.-अ.हृ.उ. 1/1), विडङ्गफलमात्रं तु जातमात्रस्य देहिन:। भेषजं मधुसर्पिर्भ्यो मतिमानुपकल्पयेत्।। (का.सं.सू. लेहाध्याय), उत्पन्न (पैदा) हुए बालक को विडंगफल के बराबर औषधि मधु तथा सर्पि (असमान मात्रा) के साथ दें, नवजात शिशु को जातमात्र के नाम से कहा जाता है, new born baby

जातहारिणी jātahāriṇī
सैषा वृद्धजीवक! रेवती बहुरूपा जातहारिणी पिलिपिच्छिकेति चोच्यते, रौद्रीति चोच्यते, वारुणीति चोच्यते। (का.सं.कल्प. रेवतीकल्प 7), हे वृद्धजीवक! इस प्रकार यह अनेक रूपों वाली तथा जातहारिणी (उत्पन्न हुए प्राणियों का हरण करने वाली) रेवती, पिलिपिच्छिका, रौद्री तथा वारुणी आदि नामों से कहलाती है, रेवती ग्रह का एक नाम, a synonym of revati graha

जाति jāti
1. जन्मकारणाम्। (चक्र.-च.शा. 8/1), जन्म:। (चक्र.-च.नि. 1/11), जन्म कारण, birth 2. सम्प्राप्ति पर्याय। (च.नि. 1/11), pathogenesis 3. कुल, species 4. मालती। (भा.प्र. पुष्पवर्ग 27), jasmine

जातिस्मरण jātismaraṇa
जातेरतीताया: स्मरण जातिस्मरणं; तदेव स्मरणं दर्शयति- इहागमनमितश्च्युतानामिती; इह कुले जातोऽस्मि, इतर च कुलादागतोऽस्मीत्येवयाकारं जातिस्मरणमित्यर्थ:। (चक्र.-च.सू. 11/30), यदि वा, इह जन्मानि च्युतानामिह जन्मनि पुनरागमनं अनेन च नामभ्रान्त्या यमपुरुषैर्नीतस्य पुनरागमनं दृश्यते। (चक्र.-च.सू. 11/30), अतीत की घटनाओं का स्मरण रखना जातिस्मरण कहा गया है। "इस कुल में पैदा हुआ हूँ" तथा "इस कुल में से उत्पन्न हुआ हूँ" अर्थात् पूर्वजन्म में किस कुल से सम्बन्धित था तथा इस जन्म में किस कुल से सम्बन्ध रखता है, इस प्रकार का स्मरण रखना 'जातिस्मरण' कहलाता है, अथवा मरने के बाद पुन: जीवित हो जाना, उस पुरुष द्वारा यह बताया जाना कि गलती से यमराज के दूत मुझे ले गये थे, बाद में उनकी सूची में नाम न होने से मुझे छोड दिया गया। इस प्रकार का स्मरण होना जातिस्मरण है, recollecting a former existence

जातोदक jātodaka
जातमुदकम्। (च.चि. 13/51), उदर में जल का उत्पन्न होना, ascites

जानु jānu
जङ्घोरुसन्धि:। (चक्र.-च.वि. 8/117), घुटने की संधि, knee joint

जानुभेद jānubheda
वातनानात्मज विकार। (च.सू. 20/11), जानु में भेदनवत् पीड़ा, pain in knee joint

जानुविश्लेष jānuviśleṣa
वातनानात्मज विकार। (च.सू. 20/11), जानुसंधि का विश्लेष, flaccidity of knee joint

जान्वस्थि jānvasthi
जानु अस्थि। (सु.शा. 5/20), patella

जाम्बवौष्ठ jāmbvouṣṭha
जम्बूफलसदृश मुखाग्रा कृष्णपाषाणरचिता वर्ति:। (ड.-सु.सू. 12/4), दहन उपकरण विशेष, जम्बूफल मुखाग्र के समान कृष्ण पाषाण की वर्ति, यह विशेष रूप से मांस के दहनकर्म में प्रयुक्त होती है, a wick of black stone used for cautery

जारण
jārana
ग्रासस्य चारणं, गर्भे द्रावणं जारणं तथा इति त्रिरूपा निर्दिष्टा। (र.र.स. 8/72), पारद का एक संस्कार, रसशास्त्र में गंधक इत्यादि का जारण करते हैं, अन्य द्रव्यों में भी जारण करते हैं, यथा गन्धक जीर्ण ताम्र, a kind of processing of mercury

जारणा
jāraṇā
द्रुतग्रासपरीणामो विडयन्त्रादियोगतः जारणेत्युच्यते, तस्याः प्रकाराः सन्ति कोटिशः। (रसे. चू. 4/102), जारणा हि नाम पातनगालनव्यतिरेकेन घनहेमाहिरसस्य पूर्वावस्थाप्रतिभवत्वम्। (रसे.चि. 1/102), जारणा वरवार्तिकैः। ग्रासः पिण्डः परिणामस्तिस्रश्चाख्याः पराः पुनः। (र.र.स. 8/72-73), विड़ एवं यन्त्रों के माध्यम से पिघले हुये ग्रास के पारद में पूर्ण रूपेण विलीन हो जाने की क्रिया को जारणा कहते हैं, जारणा के करोड़ो प्रकार हैं, पारद में पातन या गालन किये बिना अभ्रक, सुवर्ण आदि के ग्रास को ग्रहण करके पारद पूर्व प्रमाण में बना रहे तो उसे जारणा कहते हैं, संस्कार के संदर्भ में पारद में दिये गये ग्रास का आत्मसात् हो जाना जारणा कहलाता है, digesting process, assimilation, successful assimilation

जालकगर्दभ
jālakagardabha
देखें. जालगर्दभ। (च.चि. 12/99)

जालगर्दभ
jālagardabha
विसर्पवत् सर्पति यो दाहज्वरकरस्तनुः, अपाकः श्वयथु। (सु.नि. 13/14), विसर्पणं जालकगर्दभाख्यम्। (च.चि. 12/99), फैलने वाला तनु शोथ, अपाकी, ज्वर एवं दाहयुक्त, क्षुद्ररोग, a type of cellulitis, a type of minor disease which is spreading cellulitis, having fever and burning

जालिनी
jālinī
सिराजालवती, महाशयार्तितोदा, स्निग्धस्रावा। (च.सू. 17/83), प्रमेह पिड़का, सिराजालयुक्त, बड़ी, अर्तियुक्त एवं स्निग्धस्राव करने वाली, a type of carbuncle

जिङ्घासु
jiṅghāsu
हन्तुमिच्छुः। (ड.-सु.उ. 54/20), मारने की इच्छा, desire to kill

जिजिविषु
jijiviṣu
जीवितुमिच्छुः। (ड.-सु.उ. 55/3), जीने की अभिलाषा, desire to live

जिज्ञासा
jijñāsā
ज्ञातुमेषणीयम्। (ड.-सु.सू. 21/9), उत्सुकता, curiosity

जिह्मसूची
jihmasūcī
जिह्मसूची व्याधादवर्तिगाढत्वादथवा मलैः। जाते महति संरम्भे वर्तिमाश्वपनीय तत्।। (अ.सं.उ. 1/38), टेढ़ी सुई, टेढ़ी सुई से बींधने पर या बत्ती के मोटा होने पर अथवा दोषों के प्रकोप से अधिक सूजन होने पर बत्ती को निकाल देना चाहिए, curved needle

जिह्माक्ष
jihmākṣa
वक्रलोचनः। (ड.-सु.उ. 60/9), नेत्र का वक्र होना, strabismus

जिह्वा
jihvā
कर्मेन्द्रिय। (च.शा. 7/7), कफरक्तमांसानां साराज्जिह्वा प्रजायते। (सु.शा. 4/28), जीभ, tongue

जीर्ण
jīrṇa
जरायुक्तम्। (अ.सं.सू. 4), पुराना, old

जीर्णान्न
jīrṇānna
परिणताहारः। (अ.सं.सू. 11/9), जीर्ण आहार, पचित आहार, digested food

जीर्णौषधित्व
jīrṇouṣadhitva
भक्तत् पाकमुपैति। (ड.-सु.चि. 34/3), वमन या विरेचन औषध का भोजन की तरह पच जाना; यह वमन और विरेचन कर्म का एक व्यापत् है, digestion of vamana or virechana drugs like food; it is one of the complications of vamana and virechana

जीव
jīva
चेतनाधातुः आत्मा। (चक्र.-च.शा. 3/3), चेतनाधातु, आत्मा, प्राण, life, soul

जीवजीवक
jīvajīvaka
विषदर्शनमृत्युः। (चक्र.-च.सू. 27/50) यह पक्षी विष के दर्शन मात्र से मृत्यु को प्राप्त हो जाता है, a bird dies instantly after seeing poison

जीवद्वत्सा
jīvadvatsā
जीवद्वत्सां दोग्धी वत्सलामक्षुद्रकर्मिणीं कुले जातामतो भूयिष्ठैश्च गुणैरन्वितां श्यामामारोग्यबल वृद्धये बालस्य।। (सु.शा. 10/25), जिसकी संतान जीवित हो (प्रशस्त धात्री के संदर्भ में), the wetnurse with alive child

जीवन
jīvana
1. प्राणधारणः। (ड.-सु.सू. 46/517), ओजोवृद्धिकरम्। (र.र.स. 29/35), प्राणधारक जीवतत्व, ओजवृद्धि करने वाला, life giving 2. जलम्। (रा.नि. 14/217), जल, water 3. अभिघातादि मूर्च्छितस्य जीवनः। (चक्र.-च.सू. 26/43), अभिघातादि कारणों से मूर्च्छित हुये व्यक्ति की मूर्च्छा को दूर करना जीवन है, vital

जीवनीय
jīvanīya
1. जीवने हितम्। (चक्र.-च.सू. 4/8), जीवन के लिये हितकर, longivity promoting 2. घृतम्। (ध.नि. 6/144), घी, ghee

जीवादान
jīvādāna
जीवनहेतुधातुरूपशोणितनिर्गमः। (शिव.-च.सू. 20/14) जीवन दायक रक्तधातु का स्राव होना, haemorrhage

जीवित
jīvita
1.जीवयति प्राणान् धारयतीति जीवितम्। (चक्र.-च.सू. 1/42), प्राणों को धारण करके जो जीवित अवस्था बनाए रखता है, उसे जीवित कहते हैं, यह शब्द 'आत्मा' के संदर्भ में है, आयु, alive, life, which preserves the life by sustaining prana, refers to atma 2. दुग्धं क्षीरं पयः स्वादु रसायन समाश्रयम्। सौम्यं प्रस्रवणं स्तन्यं बालसात्म्यं च जीवितम्।। (ध.नि. सुवर्णादि वर्ग 148), क्षीर, पयस्, स्वादु, रसायन, समाश्रय, सौम्य, प्रस्रवण, स्तन्य, बालसात्म्य और जीवित ये पर्याय दुग्ध के हैं, synonym of milk

जीवोपक्रमण
jīvopakramaṇa
पूर्वकर्मप्रेरितात् सुयोगाद् भवति। (चक्र.-च.चि. 30/126), शुक्रशोणित संयोग के समय जीवात्मा के पूर्व कर्म अनुसार जीव का प्रवेश, compliance of soul at the time of conception

जुगुप्सु
jugupsu
निन्दकः। (ड.-सु.सू. 34/24), निंदा करने वाला, cynic

जृम्भ
jṛmbha
पीत्वैकमनिलोच्छ्वासमुद्वेष्टन् विवृताननः, यं मुञ्चति सनेत्रास्रं स जृम्भ इति संज्ञितः।। (सु.शा. 4/50), वायु का मुख के अन्दर प्रवेश होकर उसका मुख के द्वारा बाहर आकर मुख को विकृत करते हुये नेत्राम्बु सह बाहर आना, जृम्भा, yawning

जेन्ताक
jentāka
स्वेदन हेतु प्रयुक्त कूटागार। (च.सू. 14/46), sudation chamber

जेन्ताकस्वेद
jentākasveda
एक विशिष्ट एकद्वार की कुटि जिसके मध्य में अंगार कोष्ठिका रहती है, उसमें स्वेदन कराना जेन्ताक स्वेद कहलाता है। (च.सू. 14/46), svedana done in a specific room having one door and farnace in the contre by burning wood in it, heat chamber sudation

ज्ञ
jña
1. कुशलवैद्यः। (ड.-सु.उ. 11/10), ज्ञाता, कुशल, knowledgeous 2. आत्मा। (च.शा. 4/7), soul

ज्ञान
jñāna
1. शास्त्रम्। (चक्र.-च.वि. 4/12), शास्त्र, आयुर्वेद, knowledge 2. बुद्धिः। (च.वि. 4/7), wisdom

ज्ञानचक्षु
jñānacakṣu
ज्ञानार्थं ज्ञानरूपं वा चक्षु ज्ञानचक्षुः। (चक्र.-च.सू. 1/28), ज्ञान प्राप्ति के साधनों को ज्ञान चक्षु कहते हैं, means to acquire knowledge

ज्ञापक
jñāpaka
निदानावस्थादीनामावेदकः। (अरु.-अ.हृ.सू. 1/29), स्वानुभूयमानरोगावस्थानिरुपण समर्थः। (हे.-अ.हृ.सू. 1/29), निदानपंचक में से किसी एक अवस्था का बोध कराने वाला, बोध कराने वाला, one who gives knowledge or information

ज्ञेय
jñeya
ग्राह्यम्। (चक्र.-च.शा. 1/20), जानने योग्य, known to be learnt

ज्यायस्त्व
jyāyastva
बृहत्वम्। (च.सू. 25/42), बड़ा, big

ज्योति
jyoti
1. सकलशरीरान्तर्गतं तेजः। (चक्र.-च.इ. 11/3), अग्नि, तेज महाभूत, one among five penta-elements 2. प्रकाश पुज्ज, light, fire

ज्योत्सना
jyotsanā
1. चन्द्रिका, चन्द्रकिरण। (अ.सं.सू. 12), मधुर, शीतल चंद्रकिरण, moonlight 2. घोषातकी

ज्वर
jvara
1. संतापयति। (चक्र.-च.नि. 1/35), रसप्रदोषज विकार। (च.सू. 25/7), जो शरीर में संताप उत्पन्न करता है, pyrexia 2. व्याधि पर्याय। (च.नि. 1/5), रोग पर्याय, a synonym of disease

ज्वलन
jvalana
1. अग्निः। (च.सि. 3/64), अग्नि, digestive enzymes 2. अग्नि, आग, fire 3. चित्रक

झण्डु
jhaṇḍu
गेंदा, eng.- marigold, *Tagetes erecta*

झरत्कोष्ठी
jharatkoṣṭhī
कोष्ठीविशेषः आसवादि के निर्माण में प्रयुक्त होने वाला पात्र। (र.र.स. 7/5), a vessel used in preparation of alcohols

झर्झर
jharjhara
'खुर्खुरक' इति ख्यातः। (चक्र.-च.चि. 23/250), कटकाकरम्। (इन्दु.-अ.सं.सू. 47), नाग आदि के भय के निवारण हेतु हाथ में खुर्खुर ध्वनि युक्त दण्ड, sound as of splashing

झर्झरी
jharjharī
धूमसी रचिता चैव प्रोक्ता झर्झरीका बुधैः। (भा.प्र.पू. कृतान्नवर्ग 38), धूआंस निर्मित रोटी को झर्झरी कहा गया है, a roti made up of dhumasi

झर्झरीकृत्
jharjharīkṛt
ईषत्पिष्टम्। (र.र.स. 5/240), अधकुटा, semigrinded

झष
jhaṣa
मीनो विसारश्च झषः। (भा.प्र.पू.मांसवर्ग 38), मछली का अपर नाम है, a synonym of fish

झषा
jhaṣā
नागबला का अन्य नाम है, *Sida veronicaefolia*

झिङ्गिनी
jhiṅginī
जिंगिनी। (भा.प्र.पू.वटादि 42), *Odina woodier*

झिण्टी
jhiṇṭī
1. धान्य, श्यामाक सदृश। (च.सू. 27/18), एक प्रकार का धान्य 2. कुरण्ट। (ध.नि. 1/278), कुरण्टक

झुञ्झु
jhuñjhu
झुञ्झुरक। (अ.हृ.सू. 6/94), एक वनस्पति, a herb

टङ्क
ṭaṅka
नील कपित्थ। (ध.नि. 5/11), नील कपित्थ का पर्याय टंक है, a synonym of neela kapitha

टङ्कण
ṭaṅkaṇa
टंकण क्षार:। (ध.नि. 2/22), सुहागा, borax

टिण्टिकेर
ṭiṇṭikera
टिण्टिकेरं करीरफलम्। (चक्र.-च.चि. 14/10), करीर फल, the fruits of *Capparis aphylla*

टिण्टुक
ṭiṇṭuka
श्योनाक:, टिण्टुकस्य मूलं ग्राह्यम्। (ध.नि. 1/115), सोनापाठा, root of *Oroxylum indicum*

टीका
ṭīkā
व्याख्यानरूपा वृत्ति:। (र.र.स. 20/222), व्याख्या, commentary

टुण्टुक
ṭuṇṭuka
टिण्टुक। (च.चि. 23/70), टेंटु, *Oroxylum indicum*

डमरुयन्त्र
ḍamaruyantra
यन्त्रस्थालमुपरि स्थालीं न्युब्जां दत्त्वा निरुन्धयेत्। यन्त्रं डमरुकाख्यं तद्रसभस्मकृते हितम्।। (र.र.स. 9/57), एक घड़े के ऊपर दूसरे घडे को औंधा कर रख दें और दोनों के मुख की संधि को अच्छी तरह कपड़ मिट्टी से बंद कर दें, यह डमरुयन्त्र है, an instrument prepared by keeping two earthen pot placing on the mouth of each other and then sealing it with a cotton piece coated with a paste of clay

डम्बरी
ḍambarī
स्तब्धाक्षावलोकी; किंवा संरम्भवान्। (चक्र.-च.इ. 6/19), आकुल, डरा हुआ, श्वास कुपित, स्तब्ध नेत्र दर्शन एवं शोथयुक्त व्यक्ति 'डम्बरी' कहलाता है, यह अवस्था प्रत्याख्येय है, a state of poor prognosis

डुण्डुक
ḍuṇḍuka
टिण्टुक:। (इंदु.-अ.सं.उ. 22), डुण्डुक, टिण्टुक का पर्याय है, *Oroxylum indicum*

डोरली
ḍoralī
बृहती। (रा.नि. 4/21), बड़ी कटेरी, *Solanum indicum*

ढालन
ḍhālana
द्रुतद्रव्यस्य निक्षेपो द्रवे तद्र ढालनं मतम्। (रसे.चू. 4/54), (र.र.स. 8/43), किसी भी पिघलाई हुई धातु को किसी द्रव पदार्थ (जल, दुग्ध, स्वरस, तैलादि) में डालने की क्रिया को ढालन कहते हैं, pouring of melted metal into liquid

ढेकीयन्त्र
ḍhekīyantra
एक घड़े में पारदयुक्त औषधि रखकर उस घट के गले के नीचे वंशनाल को जोड़कर दूसरा सिरा कांस्यपात्र से जोड़ देते हैं, कांस्यपात्र को जल में रखते हैं, औषधियुक्त घट को अग्नि देकर पारद वाष्पीभूत होकर वंशनाल के द्वारा कांस्यपात्र में एकत्र होता है और जल के कारण पुन: द्रवीभूत स्थिति में प्राप्त होता है, यह ढेकीयन्त्र है। (र.र.स. 9/16), an instrument used to get mercury from its ore

तक्र
takra
दुग्धविकृति, मथितदधि। (च.चि. 15/118), मथित दधि को तक्र कहा जाता है, सद्य निर्मित तक्र अविदाही होता है, buttermilk

तक्रकूर्चिका
takrakūrcikā
देखें. तक्रपिण्ड। (चक्र.-च.सू. 27/236)

तक्रपिण्ड
takrapiṇḍa
तक्रपिण्ड: तक्रकूर्चिकाया एव सुतद्रवो घनो भाग:। (चक्र.-च.सू. 27/236), तक्रपिण्ड का ही नाम तक्रकूर्चिका है, waterless curd, water strained curd

तक्राभ्यास
takrābhyāsa
ग्रहणीदोषशोफार्शोघृतव्यापत्प्रशमनानां श्रेष्ठ:। (च.सू. 25/40), तक्र का निरन्तर अधिक समय तक सेवन, ग्रहणी, शोफ, अर्श, घृतव्यापत् शमन हेतु श्रेष्ठ है, use of buttermilk for long period

तक्षक
takṣaka
सर्प। (च.चि. 23/194), एक प्रकार का सर्प, जिसका विष प्राणहर होता है, a fatal type of snake

तक्षण
takṣaṇa
कृशीकरण तनुकरण। (अ.सं.चि. 10), तनुकरण करने वाला जैसे लंघन, reduction, depletion

तडाग
taḍāga
तटादागो गतिर्यस्य स तडाग:। (चक्र.-च.सू. 27/214), जिस जलाशय के जल की गति का दवाब उसके तट (किनारे) पर पड़ता है, सरोवर, water reservoir

तडागपद
taḍāgapada
तटादागो गतिर्यस्य स तडाग: स पुनरुच्चदेशा दागच्छज्जलबन्ध नाद्भवति, अन्ये तु पुष्करिणी तडागमाहु:। (चक्र.-च.सू. 27/214), जिसमें जल की गति तट से हो यानि चारों ओर से खुला हुआ ताल, यह ऊँचे स्थान से आने वाले जल को रोककर बनाया जाता है, अन्य आचार्य कमल से युक्त सरोवर को तडाग कहते हैं, open lake which is used as reservior for collecting water which is flowing from higher region, reservoir filled with lotus

तण्डुलाम्बु
taṇḍulāmbu
तण्डुलधावनाम्बुना:, अन्ये तु तण्डुलाद् द्विगुणमम्लं तण्डुलेन समं चिरं स्थितं तत् तण्डुलाम्बु वदन्ति। (चक्र.-च.चि. 15/130), चावल को अष्टगुण जल में धोने के बाद निकला पानी अथवा चावल से दो गुना अम्लद्रव्य मिलाकर जल में अधिक समय तक रखे द्रव को तण्डुलाम्बु कहते हैं, rice water

तत्व
tattva
यथार्थ, वास्तविक। (च.शा. 1/38), निर्णय। (च.वि. 1/33), यथार्थ, वास्तविक, प्रथम सिद्धान्त, true or real

तत्त्वत
tattavata
परामर्थत:। (ड.-सु.चि. 34/22), वस्तुत: सही अर्थ में, in real sense

तत्वस्मृतिबल tattvasmṛtibala
तत्वस्मृतिबलमिति तत्वस्मृतिरूपं बलम्। (चक्र.-च.शा. 1/150), तत्वस्मृतिरूपी बल अथवा मोक्ष प्राप्ति का साधन, strength of elementary knowledge (as a mean of achieving salvation)

तत्वस्वभावाद् tattvasvabhāvād
तत्वस्वभावादिति ग्राह्याणां रूपादीनां यः। (चक्र.-च.सू. 8/14), उसके स्वभाव से, ग्राह्य रूपादि का जो स्वभाव है यथा तैजस आदि, अर्थात् जिस महाभूत प्रधान ग्राह्य द्रव्य होंगे उनका ग्रहण उन्हीं महाभूतो वाली इन्द्रियां करेंगी, perception of objects by respective sense organs

तत्वाधिगत tattvādhigata
यथावदधीतशास्त्रो यथावज्ज्ञातदर्थश्चेत्यर्थः। (ड.-सु.सू. 34/19), वैद्य, a physician well versed in texts

तदर्थकारी tadarthakārī
विपरीतार्थकारी। (च.वि. 2/13), ऐसा द्रव्य या अद्रव्य, जो रोग एवं रोगहेतु के समान होते हुये भी व्याधि का शमन करता हो, वह तदर्थकारी हैं, antagonist

तदात्वसुखसंज्ञक tadātvasukhasaṃjñaka
तत्कालसुखफलः योषिताहारादिः। (अ.सं.सू.), तत्काल सुखप्रद, जैसे स्त्री सेवन एवं आहार सेवन, giving instant satiety

तद्धर्मता taddharmatā
येन तथाभूतं स तत्तद्धर्मतामसाद्य दर्शनात्तामेवाख्यां लभते। (हे.-अ.हृ.उ. 40/78), एक वस्तु में दूसरे अन्य के धर्मों का आरोपण करना (ताच्छील्यादि में एक), assimilation of one's properties into another

तद्विद्य tadvidya
व्याकरणादिविदः। (ड.-सु.सू. 4/6), विभिन्न शास्त्रादि, व्याकरणादि का ज्ञाता, expert in grammer and other texts

तद्विद्यसम्भाषा tadvidyasambhāṣā
तच्छास्त्राध्यायिना सह संभाषणम्। (चक्र.-च.वि. 8/6), किसी शास्त्र की चर्चा उस शास्त्र के ज्ञाता से दूसरा उसी शास्त्र का ज्ञाता ज्ञानवृद्धि के हेतु से करता है, तो उसे तद्विद्यसम्भाषा कहते हैं, discussion

तनु tanu
1. स्वच्छम्। (चक्र.-च.चि. 22/26), अच्छम्। (ड.-सु.सू. 14/29), निर्मल, स्वच्छ, fine, clean, dilute 2. कृशम्। (चक्र.-च.चि. 5/4), अघनम्। (ड.-सु.चि. 10/11), पतला, कृश, thin, emaciated 3. तनुमिति स्वल्पमांसत्वेनाघनम्। (चक्र.-च.सू. 27/262), मांस का प्रयोग अल्प होने से अकृतयूष पतला होता है, उसे ही 'तनु' शब्द से कहा गया है, clear soup prepared with little quantity of meat

तन्तुक tantuka
मण्डलिनस्तु तन्तुकः। (सु.क. 4/34-2), मण्डली सर्प का एक प्रकार, a type of snake

तन्तुमत्व tantumatva
दर्व्या सञ्चालनेन तन्तुसंयुक्त इव दृश्यते। (आढ.-शा.सं.म. 8/3), दर्वी या कल्छुल से अवलेह को चलाते समय तार के सदृश दिखाई देने वाली आकृति, appearance of thready consistency in confection when stirred with spoon

तन्त्र tantra
तन्त्रणादिति शरीरधारणात्, किंवा आयुर्वेदानुपालनात्। (चक्र.-च.सू. 30/70), शरीर को धारण करना 'तन्त्र' कहलाता है, कुछ लोग इससे आयुर्वेद का अनुपालन करना अर्थ करते हैं, या शरीर धारण करने से अथवा आयुर्वेद के अनुपालन करने से इसकी संज्ञा 'तन्त्र' है, system (because it systemises)

तन्त्रशील tantraśīla
या तन्त्रकारणां प्रकृतिः स्वभाव इत्यर्थः। (हे.-अ.हृ.उ. 40/78), बीस प्रकार के अर्थाश्रय में एक, तन्त्रकारों के स्वभाव को तन्त्रशील कहा जाता है, the style/nature of authors

तन्त्रसंज्ञा tantrasaṃjñā
यत्कस्मिंश्चिदर्थे मध्ये व्याख्यायमाने स्वतन्त्र सिद्धोदाहरणं तत्प्रमाणार्थमुच्यते। (हे.-अ.हृ.उ. 40/78), बीस प्रकार के अर्थाश्रय में एक, ग्रन्थ या शास्त्र में किसी विशेष प्रकरण में किसी शब्द विशेष का सीमित अर्थ में प्रयोग करना, to use a specific word of a text in a limited reference/meaning

तन्द्रा tandrā
इन्द्रियार्थेष्वसम्प्राप्तिर्गौरवं जृम्भणं क्लमः, निद्रार्तस्येव यस्येहा तस्य तन्द्रां विनिर्दिशेत्। (सु.शा. 4/49), परं निद्रायां प्रबोधितस्य क्लमाभावः, तन्द्रायां तु प्रबोधितोऽपि क्लाम्यति। (ड.-सु.शा. 4/49), जिसमें इन्द्रियों के अर्थों का पूर्ण ग्रहण न होता हो, गुरुता हो, जृम्भा हो, थकावट एवं निद्रा से पीडित होना लक्षण हों, वह अवस्था तन्द्रा है, गौरव, जृम्भा एवं क्लम के साथ निद्रा जैसी स्थिति तन्द्रा है, निद्रा एवं तन्द्रा मे यह अन्तर है कि नींद से उठने पर क्लम नहीं होता जबकि तन्द्रा रसप्रदोषज विकार है। (च.सू. 28/9), तन्द्रा कफ का नानात्मज विकार है, dozing, sleeping like condition with heaviness, yawning and fatigue (without physical work), difference between nidra and tandra is that person does not feel klama after awakening from sleep while in tandra on awakening klama is present

तन्मना tanmanā
तत्रैवायुर्वेद ग्रहणे मनोयस्य स तन्मनाः। (चक्र.-च.सू. 1/25), आयुर्वेद को ग्रहण करने में जो तन्मय हो, उसे तन्मना कहते हैं, who is thoroughly involved in bearing and accepting the teachings of Ayurveda

तपनीय tapanīya
तपनीयं लोहितसुवर्णम्। (चक्र.-च.सू. 24/22), अग्नि से तपा हुआ लाल सोना, red hot gold

तम tama
तिमिरदर्शनम्। (अरु.-अ.हृ.सू. 18/26), अज्ञानम्। (हे.-अ.हृ.सू. 18/26), अन्धकारप्रवेशमात्रम्। (गंगा.-च.सू. 20/11), आंखों के आगे अन्धकार का आना, darkness before eyes

तमःस्कन्ध
tamaḥskandha
स्कन्धः समूहः। पक्षरागश्चेह तत्वज्ञानप्रतिबन्धकत्वेन तमःस्कन्ध उच्यते। (चक्र.-च.सू. 25/28), स्कन्ध को समूह कहा गया है, यहां पर अपने पक्ष के प्रति आसक्ति (राग), तत्वज्ञान का प्रतिबन्धक होने से तमःस्कन्ध कहा जाता है, group of mental perplexity

तमालपत्र
tamālapatra
तमालपत्रम्। (रा.नि. 2/52), तमालपत्र, पत्रज, तेजपत्र, तेजपत्ता, गुरुन्द्रा, मध्यमाकार 3 से 7 हजार फीट की ऊँचाई पर पाया जाने वाला वृक्ष, *Cassia cinnamon*

तरक्षु
tarakṣu
तरक्षुः व्याघ्रभेदः तरच्छ इति ख्यातः। (चक्र.-च.सू. 27/35), तरक्षुर्मृगशत्रुर्व्याघ्रविशेषः जरख इति लोके। (ड.-सु.सू. 46/72), व्याघ्र जाति का एक पशु जिसे तरच्छ नाम से जाना जाता है, मृगशत्रु (मृग का शिकार करने वाला), बाघभेद, an animal of tiger species

तरुट
taruṭa
तरुटः कह्लारकन्दः। (चक्र.-च.सू. 27/116), कह्लारं सौगन्धिकम्। (अरु.-अ.हृ.सू. 3/35), कह्लारं सन्ध्याविकाशि पद्मिनीपुष्पम्। (हे.-अ.हृ.सू. 3/35), कमल का पुष्प अथवा कन्द, flower or tuber of lotus

तर्क
tarka
तर्क, logic

तर्क्य
tarkya
यद्यपि स्नाय्वाद्यपि प्रत्यक्षं भवति, तथाऽपीह वक्ष्यमाणसंख्यायुक्तं सर्वं स्नाय्वादि न प्रत्यक्षेण सुकरग्रहमिति तर्क्यमित्युक्तम्। (चक्र.-च.शा. 7/14), स्नायु आदि अंगों का ज्ञान प्रत्यक्ष से सम्भव होने पर भी उनके जो भेदों को निर्दिष्ट किया गया है उनका प्रत्यक्ष करना सरल नहीं है, अतः उनको तर्क्य कहा गया है, inferable, though the structures like snayu are perceptible, yet their classifications mentioned are not very easy to apprehend, they are inferable

तर्पण
tarpaṇa
तर्पयतीतितर्पणम्। (चक्र.-च.सू. 7/21), जो शरीर को तृप्त (प्रसन्न) करता है वह तर्पण है, which satiates is tarpana

तर्ष
tarṣa
तद्यथा - स्रंसभ्रंसव्यासङ्गभेदहर्षतर्षकम्पवर्तचालतोदव्यथाचेष्टादीनि...... वातविकारमेवाध्यवस्येत्। (च.सू. 20/12), मुख की शुष्कता, पानी पीने पर भी प्यास का न बुझना, एक वातविकार, dryness of mouth

तल्प
talpa
तल्पे-शयने, कल्पिते। (अरु.-अ.हृ.सू. 3/36), शय्या, चारपाई, bed, cot

तस्कर
taskara
1.तस्कराश्चौराः। (ड.-सु.सू. 17/6), चोर, अज्ञ चिकित्सक के संदर्भ में, thief,

quack 2. तस्करः चोरकः। (ड.-सु.चि. 37/17), चोरक (वनस्पति), *Angelia glauca*

ताच्छील्य
tācchīlya
यत्केनचिदेव धर्मं सादृश्येन युक्तो भावस्ताच्छील्यमुच्यते। (हे.-अ.हृ.उ. 40/78), किसी भी विषय का समान धर्म से युक्त होना, सत्रह प्रकार के ताच्छील्यों में से एक, any object possessing similar properties

ताडन
tāḍana
संसृष्टलोहयोरेकलोहस्य परिनाशनम्। प्रध्मानवङ्कनालेन तत्ताडनमुदाहृतम्।। (रसे.चूडा. 4/36), एक साथ मिले हुए दो धातुओं को वंकनाल के द्वारा तीव्र धमन कर किसी एक धातु को उड़ा देना ताडन कहलाता है, one metal is destroyed from two mixed metals by strong heating through vankanala

ताडितान्
tāḍitān
ताडितान् अभिहतान्। (ड.-सु.उ. 27/6), पीटा हुआ, मार खाया हुआ, having beaten

तात्स्थय
tātsthaya
यदन्यस्यैवार्थस्य तत्स्थत्वादन्यस्यैव कल्प्यते। (हे.-अ.हृ.उ. 40/78), ताच्छील्यादि में एक, जिसका अर्थ दूसरा कुछ हो लेकिन उस स्थान पर रहने से अन्य अर्थ का ग्रहण हो, to take an opposite meaning

तादर्थ्य
tādarthya
यत्प्रयोजनार्थं प्रवर्तते यो भावस्तेनैव व्यपदिश्यते। (हे.-अ.हृ.उ. 40/78), जिस प्रयोजन के लिए जो भाव प्रवृत्त होता है, उसी से उसका व्यवहार किया जाना, ताच्छील्यादि में से एक, to process an object in a similar way it is initiated

तान्त
tānta
तान्तं रूक्षस्वरम्। (चक्र.-च.सू. 8/24), रूक्षस्वर, hoarse voice

तापन
tāpana
तापनं शरीरादि संतापनम्। (सु.सू. 41/3-3), शरीर आदि अंगों का संतप्त (गर्म) होना, body warmth

ताम्यति
tāmyati
मुहुर्मुहुर्मूर्च्छां गच्छति। (ड.-सु.सू. 33/15), बार-बार मूर्च्छा होना, loss of consciousness repeatedly

ताम्यमान
tāmyamāna
ताम्यमानोऽत्यर्थं तमः प्रविशन्। (ड.-सु.उ. 59/7), आंखों के आगे अंधेरा आ जाना, सन्निपातिक मूत्रकृच्छ्र का एक लक्षण, blurring of vision

ताम्रचूड
tāmracūḍa
ताम्रचूडरसे सिद्धा रेतोमार्गरुजापहा। समाषविदला वृष्या घृतक्षीरोपसाधिता। (च.सू. 2/32), कुक्कुट, मुर्गा, cock

तारकृष्टी
tārakṛṣṭī
रूप्यं वा वातरूप वा रसगन्धादिभिर्हतम्। समुत्थितं हि बहुशः सा कृष्टा हेमतारयोः।। (रसे.चूडा. 4/11), पारद और गंधक से निर्मित रजत भस्म को पुनः

रजत रूप में उत्थित करने को तारकृष्टि या रौप्यकृष्टि कहते हैं, to get back silver in its original form from rajat bhasm prepared by parada, gandhak is known as tarakrishti or raupyakristi

तार्ण
tārṇa
तार्णं तृणमयम्। (ड.-सु.सू. 26/19), तृणमय शल्य, blade of straw (a foreign body)

तालक
tālaka
देखें तुङ्गीनास। (सु.क. 8/15-16), एक प्रकार का सविष कीट, a type of poisonous insect

तालयन्त्र
tālayantra
तालमत्र शकलमाहुः, मत्स्यस्य मीनस्य, तालतुल्ये प्रतनुमुखे इत्यर्थः। (ड.-सु.सू. 7/12), मत्स्यगलतालकवत्। (अ.सं.सू. 34/7), मत्स्य के ताल के समान आकृति युक्त यन्त्र, scoop

तिक्तरस
tiktarasa
तिक्तो विशदयति वदनं विशोधयति कण्ठं प्रतिहन्ति रसनाम्। (अ.सं.सू. 18/4), जो मुख एवं कण्ठ का विशोधन करता है एवं जिह्वा की स्वादशक्ति को नष्ट करता है, वह तिक्तरस है, bitter taste

तितिक्षत
titikṣata
तितिक्षत इति तितिक्षत इव। (चक्र.-च.इ. 10/3), सहनशील की तरह अपने प्राण प्रिय होने के कारण मरण की प्रतीक्षा करने वाला, one who is waiting to die patiently

तितिक्षा
titikṣā
तितिक्षा क्षमा। (ड.-सु.शा. 1/8), क्षमा, pardon

तिनि
tini
तिनिः तिनिसः। (ड.-सु.चि. 16/43), तिनिश, *Oegeinia dalbargioides*

तिनिश
tiniśa
तिनिशः स्यन्दश्चक्री शताङ्गशकटो रथः रथिको भस्मगर्भश्च मेषी जलधरो दश। (रा.नि. 9/14), तिनिशः स्यन्दनः। (ड.-सु.क. 6/3), स्यन्द, तिरिच्छ, *Oeginia dalbarioides*

तिमि
timi
तिमिर्महत्तमो मत्स्यः। (ड.-सु.सू. 46/118), समुद्र में होने वाली बड़ी मछली, a big sea fish

तिमिङ्गिल
timiṅgila
तिमिङ्गिलस्तोऽपि महत्तमः। (ड.-सु.सू. 46/118), समुद्र में होने वाली बड़ी मछली, a bigger sea fish

तिर्यग्विद्धा
tiryagviddhā
तिर्यक् प्रणिहितशस्त्रा किंचिच्छेषा तिर्यग्विद्धा। (सु.शा. 8/19), शस्त्र के टेढ़े प्रहार से, टेढ़ी कटी हुई सिरा, किंचित् शेष, असम्यक् (दुष्ट) सिरा वेध का एक प्रकार, a type of improper phlebotomy caused by oblique incision

तिष्य
tiṣya
तिष्य पुष्यनक्षत्रम्। (चक्र.-च.वि. 8/9), पुष्य नक्षत्र, pushya constellation

तीक्ष्णक्षार
tīkṣṇakṣāra
दंत्यादिद्रव्यप्रतिवापेन सहितः पक्वः पाक्यसंज्ञो भवति तीक्ष्णश्चेत्यर्थः। (ड.-सु.सू. 11/13), क्षार में डुबोने पर एरण्ड नाल को सौ वाक्मात्रा से पूर्व जलाने वाला क्षार, अत्यन्त क्षमता वाला क्षार, alkali having strong potency, obtained by doing avapa and prativapa

तीक्ष्णगन्ध
tīkṣṇagandha
तीक्ष्णोगन्धश्चक्षुर्विरेचनकारकः यथा कृष्णजीरकादीनाम्। (चक्र.-च.सू. 11/37), आँख से आँसू निकालने वाला, तीक्ष्ण गन्ध कहा जाता है, यथा कृष्णजीरक आदि, the odour causing lacrimation, like black caraway seed

तीर्थ
tīrtha
तीर्थं गुरुः। (हे.-अ.हृ.सू. 1/28), गुरु, preceptor

तीव्ररूक्ष
tīvrarūkṣa
तीव्राश्च रूक्षाश्च तीव्ररूक्षाः। (चक्र.-च.सू. 6/6), जो तीव्र एवं रूक्ष दोनों हो, which is both tivra (sharp) and ruksha (dry)

तुङ्गीनास
tuṅgīnāsa
तुङ्गीनासो विचिलकस्तालको वाहकस्तथा। तैर्भवन्तीह दष्टानां वेगज्ञानानि सर्पवत्। (सु.क. 8/15-16), एक प्रकार का सन्निपातिक सविष प्राणनाशक कीट, a type of poisonous insect

तुण्डनाभ
tuṇḍanābha
तुण्डनाभः सर्षपिको वल्गुली शम्बुकस्तथा। तैर्भवन्तीह दष्टानां वेगज्ञानानि सर्पवत्। (सु. क. 8/15-18), एक प्रकार का सन्निपातिक सविष प्राणनाशक कीट, a type of poisonous insect

तुण्डिकेरी
tuṇḍikerī
1. क्षुपभेदः, तुण्डिकेरी वनकार्पासिका, तत्पुष्पाकृतीनि। (ड.-सु.नि. 2/10), तुण्डिकेरी बिम्बी। (गय.-सु.नि. 2/10), वनकपास के पुष्प के आकार सदृश, बिम्बी, resembling wild cotton flower 2. तालुगतरोगः, तुण्डिकेरी वनकार्पासिका, तत्फलानुकारी व्याधिरयम्। (ड.-सु.नि. 16/42), तालु में वनकपास के फल के आकार के समान वृद्धि जन्य रोग, tonsillar abscess

तुन्नसेवनी
tunnasevanī
तुन्नसेवनीमिति यथा वस्त्रं पाटितं तन्तुवायुकाः सन्दधति तद्वत तुन्नसेवनीं सीव्येत्। (ड.-सु.सू. 25/22), फटे हुए वस्त्र को धागे से सिलने के समान व्रण सीवन करना, a type of uninterrepted suturing

तुमुलस्वन
tumulasvana
तुमुलस्वनैः प्रचण्डगर्जितैः। (ड.-सु.सू. 6/32), तीव्र/प्रचण्ड गर्जना, loud sound of clouds

तुला
tulā
तुला पलशतम्। (शा.सं.प्र. 1/32), 100 पल को एक तुला कहते है, 100 palas make 1 tula

तुल्यशीला
tulyasīlā
तुल्यशीलां समानस्वभावाम्। (ड.-सु.चि. 24/130), सम स्वभाव वाली स्त्री, an even natured lady

तुषोदक
tuṣodaka
तुषोदकं सतुषैर्यवैः सन्धानविशेषात् काञ्जिकम्। (चक्र.-च.सू. 3/15), विशेष सन्धान पूर्वक जौं से बनाए गए खट्टे तरल पदार्थ काँजी को तुषोदक कहते हैं, the sour gruel made of whole barley by fermentation

तुहिनोदक
tuhinodaka
तुहिनोदकं हिमपानीयम्। (ड.-सु.उ. 47/55), बर्फीला पानी, ice cold water

तृणपञ्चमूल
tṛṇapañcamūla
कुशकाशनलदर्भकाण्डेक्षुका इति तृणसंज्ञकः। (सु.सू. 38/77), शरेक्षुदर्भकाशानां गालीनां मूलमेव च। (च.चि. 1/44), कुश, काश, नल, दर्भ, इक्षु इन पांचों के मूलों को तृणपञ्चमूल कहते हैं, शर, इक्षु, दर्भ, काश, एव गाली, ये द्रव्य तृणपञ्चमूल कहे जाते हैं, the combination of roots of kusha, kasha, nal, darbha, ikshu is known as trinapancamula

तृणलोप
tṛṇalopa
तृणलोपं तृणगुल्मम्। (हे.-अ.हृ.सू. 29/13), घास का झुण्ड, grass bush

तृतीयकज्वर
tṛtīyakajvara
तृतीयदिनभावितम्। (चक्र.-च.चि. 3/76), प्रति तीसरे दिवस आने वाला ज्वर, tertiary fever

तृप्ति
tṛpti
तृप्तमिवात्मानं सर्वदा मन्यते। (चक्र.-च.सू. 20/17), नानात्मज कफज विकार, उदर में बिना खाये ही तृप्त अनुभव करना, satiety

तृप्तिघ्न
tṛptighna
तृप्तिः श्लेष्मविकारो येन तृप्तिमिवात्मानं मन्यते, तदघ्नं तृप्तिघ्नम्। (चक्र.-च.सू. 4/8), तृप्ति नामक श्लेष्मविकार में व्यक्ति भोजन किए बिना ही स्वयं को तृप्त समझता है, तृप्ति नाशक चिकित्सा को तृप्तिघ्न कहते हैं, a disease of 'kapha' in which a person feels satisfied even without having food, the medicines which cure such feeling are called triptighna

तृषा
tṛṣa
पित्तप्रकोपो मूर्च्छा च शरीरसदनं तृषा। दाहः स्वराङ्गदौर्बल्यमतिस्विन्नस्य लक्षणम्। (च.सू. 14/14), अतिस्वेदित का एक लक्षण, प्यास, पिपासा, thirst (a complication of excessive sudation)

तृष्णा
tṛṣṇā
सततं यः पिबेद्वारि न तृप्तिमाधिच्छति, पुनः काङ्क्षति तोयं च तं तृष्णार्दितमादिशेत्। (सु.उ. 48/3), पीतं पीतं हि जलं शोषयतस्तावतो न याति शमम्। (च.चि. 22/7), बार-बार जल पीते रहने के बाद भी मुख का सूखना एवं पुनः जल की आकांक्षा होना, polydispsia, excessive thirst

तेज
teja
1.तेजः देहोष्मा शुक्रं वा। (चक्र.-च.चि. 15/3), तेजस्त्वग्गतं भ्राजिकाग्नि संज्ञं

पित्तम्। (ड.-सु.चि. 38/50), तेजः पित्तोष्मा। (ड.-सु.उ. 47/70), देह उष्मा, पित्त, उष्मा, भ्राजकपित्त, body heat, pitta heat, bhrajaka pitta 2. तेजः पराक्रमः। (ड.-सु.सू. 45/96), बहादुरता, valour

तेजस्त्व
tejastva
तेजस्विता। (र.र.स. 8/83), द्रुति बनने पर उसमें चमक का होना ही तेजस्विता कहलाता है, glittering

तेजस्विनी
tejasvinī
तेजस्विनी तेजवती तेजोह्वा तथा। (भा.प्र.पू. 1/69), तेजबल, toothache tree, *Zanthoxylum alatum*

तेजोह्वा
tejohvā
देखें. तेजस्विनी, वनस्पति-तेजस्विनी, तेजोवती। (सु.चि. 9/61), toothache tree *Zanthoxylum alatum*

तैल
taila
तिलादिस्निग्धवस्तूनां स्नेहस्तैलमुदाहृतम्। (भा.प्र.पू.तैलवर्ग 1), तैल। (च.सू. 13/13), वातश्लेष्मप्रशमनानां अग्र्यम्। (च.सू. 25/40), तिल से उद्भव होने से इसे तैल कहते हैं, वातकफ शमन करने वालों में श्रेष्ठ, oil

तोटक
toṭaka
चिपिटपिच्चिटककषायवासिकसर्षपकतोटकवर्चःकीट कौण्डिन्यकाः शकृन्मूत्रविषाः। (सु.क. 3/5), एक प्रकार का कीट, जिसमे मूत्र एवं पुरीष विषयुक्त होते हैं, a type of insect whose stool and urine are poisonous

तोद
toda
सूचीव्यधनमिव वेदना। (ड.-सु.उ. 6/12), सुई से चुभने के समान वेदना, pricking pain

तोदन
todana
कषायं मधुरं रूक्षं तोदनं कफवातजित्। (सु.सू. 46/167), एक प्रकार का फल शाक, a type of vegetable

त्रपुस
trapusa
त्रपुसादयः कर्कटीभेदाः। (ड.-सु.सू. 9/4), कर्कटी, 'खीरा', cucumber

त्रयस्रा
trayasrā
त्रयस्रास्त्रिकोणाः। (ड.-सु.चि. 2/5), त्रिकोणीय, तिकोना, (व्रण के आकार के संदर्भ में), tringular (in the context of shape of wound)

त्रस्त
trasta
त्रस्तान् उद्विग्नान्। (ड.-सु.उ. 27/6), उद्विग्न, बेचैन, डरा होना, anxious, stressed, scared

त्रायन्ति
trāyanti
पटोलमूलामरदारुदन्तीत्रायन्तिपिप्पल्यभयाविशालाः। (च.चि. 12/53), त्रायमाण, *Delphinium zalil*

त्रायन्तिका
trāyantikā
त्रायन्तिका मदयन्तिका। (ड.-सु.चि. 11/10), मेंहदी, हिना, henna

त्रायन्ती	trāyantī त्रायमाणा। (भा.प्र.पू. गुडूच्यादि 243), *Delphinium zalil*
त्रिकटु	trikaṭu पिप्पली मरिचं शुण्ठी त्रिभिस्त्र्यूषणमुच्यते।। (शा.सं.म. 6/92), पिप्पली, मरिच, सोंठ, इन तीन द्रव्यों को त्रिकटु कहते है, इन्हें 'त्र्यूषण' भी कहा जाता है, pippali, marica, & sunthi are collectively known as trikatu
त्रिकग्रह	trikagraha त्रिक प्रदेश में स्तम्भ, अस्सी वातविकारों में से एक। (च.सू. 20/11), sacral stiffness
त्रिजातक	trijātaka त्वगेलापत्रकैस्तुल्यैस्त्रिसुगन्धि त्रिजातकम्। (भा.प्र. कर्पूरादि 72), दालचीनी, छोटी इलाचयी और तेजपत्र, इन तीनों द्रव्यों को समान भाग में लेने से त्रिजातक या त्रिसुगन्धि कहा जाता है, tvaka, ela and patra are collectively known as trijataka or trisugandhi
त्रिफला	triphalā पथ्याबिभीतकधात्रीनां फलैः स्यात्त्रिफला समः। फलत्रिकं च त्रिफला सा वरा च प्रकीर्तिता। (भा.प्र.पू.हरीतक्यादिवर्ग 42), हरीतकी, बिभीतक एवं आमलकी, इन तीनों को समभाग में लेने से त्रिफला कहा जाता है, the combination of fruits of haritaki, vibhitaka and amalaki in equal quantity is known as triphala
त्रिमद	trimada मुस्तं चित्रकं विडङ्गञ्च त्रिमदः समुदाहृतः। (भै.र. 4/96), नागरमोथा, चित्रकमूल एवं विडंग, इन तीनों को त्रिमद कहते हैं, musta, chitrakamula and vidanga are collectively known as trimada
त्रिरह्न	trirahna दिन में तीन बार, thrice a day
त्रिवर्ग	trivarga धर्मार्थकामाः। (अरु.-अ.हृ.सू. 2/30), धर्म, अर्थ एवं काम, virtue, wealth and passion
त्रिविधकर्म	trividhakarma त्रिविधं कर्म - पूर्वकर्म, प्रधानकर्म, पश्चात्कर्मेति। (सु.सू. 5/3), शल्यकर्म सम्बन्धी चिकित्सा तीन भागों में विभक्त है, पूर्व कर्म, प्रधान कर्म और पश्चात् कर्म, preoperative, operative and post operative procedures
त्रिवृत	trivṛta त्रिभिःस्नेहैस्त्रिवृतः। (अरु.-अ.हृ.सू; 16/4), किन्हीं तीन स्नेहों को मिलाकर पीना त्रिवृत स्नेह है, use of mixture of any three snehas
त्रिवृतस्नेह	trivṛtasneha घृततैलवसाभिस्त्रिवृतः। (हे.-अ.हृ.सू. 16/4), घृत, तैल एवं वसा को संयुक्त रूप से त्रिवृत कहते हैं, combined administration of ghee, oil and fat

त्रिशरा	triśarā तिलतण्डुलमाषैश्च कृशरा त्रिशरोति सा। (वै.परि.प्र. 3/174) तिल, चावल एवं माष से बनी खिचड़ी को त्रिशरा कहते हैं, a gruel made up of tila, rice and masha
त्रिसूत्र	trisūtra त्रीणी हेत्वादीनि सूत्रयन्ते यस्मिन् येन वा तत् त्रिसूत्रम्। (चक्र.-च.सू. 1/24), हेतु, लिंग एवं औषधि इन तीनों के समन्वित रूप को त्रिसूत्र कहते हैं, the cause, the character and the medicament, these three are collectively refered to as three fold principle or trisutra
त्रिस्कन्ध	triskandha त्रयो हेत्वादयः स्कन्धरूपा यस्य स त्रिस्कन्धः; स्कन्धश्च स्थूलावयवः प्रविभागो वा। (चक्र.-च.सू. 1/25), अवयव या विभाग को स्कन्ध कहते हैं, हेतु, लिंग एवं औषध, ये तीनों जिसके स्कन्ध या अवयव है, उसे त्रिस्कन्ध कहते हैं, division or branch is called skandha, the science having its brnach divsions as three fold principles in called triskandha
त्रैष्टुभ	traiṣṭubha गायत्रस्त्रैष्टुभः पाङ्गक्तो जागतः शाक्करस्तथा। (सु.चि. 29/7), सोम का एक भेद, a type of soma (a divine medicine)
त्वक्सार	tvaksāra त्वचाधातु आधिक्य युक्त पुरुष। (च.वि. 8/103), predominance of dermal characteristics
त्वगवदरण	tvagavadaraṇa त्वगवदरणं बाह्यत्वङ्मात्रावदरणम्। (चक्र.-च.सू. 20/14), बाह्य त्वचा का फटना त्वगवदरण कहलाता है, supeficial skin tear
त्वग्दग्ध	tvagdagdha तत्र शब्दप्रादुर्भावो दुर्गन्धता त्वक्संकोचश्च त्वग्दग्धे। (सु.सू. 12/8), त्वचा को दहन करना और इसके लक्षण शब्द का सुनाई देना, दुर्गन्ध आना और त्वचा का सिकुड़ जाना आदि हैं, a type of therapeutic cauterization confining to skin only
त्सरु	tsaru त्सरुः असिमुष्टिः। (अरु.-अ.हृ.सू. 26/17), मुट्ठी, fist
थ	tha एक प्रकार का रोग, a kind of disease
थुत्कार	thutkāra थूँकने की आवाज, the sound made in spitting
थुर्व्र	thurvra क्षति पहुँचाना to hurt, to injure
थूथू	thūthū थूँकने समान आवाज, inuitative sound of spitting
थोडन	thoḍana आवरण, covering, wrapping up

दंश
daṃśa
1. कीटः। (च.इ. 2/21), कीट, insect 2. दन्तः। (का.सू. 20/5), दांत, tooth 3. दंशो वनमक्षिका। (ड.-सु.सू. 18/29), वनमक्षिका, a fly 4. दष्टस्थान, कीट के काटने की जगह place of bite 5. शिग्रु का पर्याय। (ध.नि. 4/39), synonym of shigru 6. दांत से काटना, biting 7. यन्त्र संदश, an instrument

दंशावदरण
daṃśāvadaraṇa
दंशस्थान स्फोटनम्। (च.चि. 23/168), काटे हुए स्थान का फट जाना, tearing of the bite site

दंष्ट्रा
daṃṣṭrā
तमोरुभयतः पार्श्वयोरपि वस्तौ, तयरपि दंष्ट्रे, शेषाः स्वरुढा हानव्या इति चोच्यन्ते; तथा अधस्तात्। (का.सं.सू. 20/4), उन दोनों (राजदन्त) के पार्श्व में दोनों ओर वस्त होते हैं और इनके दोनों ओर दंष्ट्र होते है, दाढ, canine teeth

दंष्ट्रि
daṃṣṭri
वराहः। (र.र.स. 12/69), सुअर, wild pig

दक
daka
दक उदकम्, पानी, water

दकोदर
dakodara
जलोदरम्। (च.सू. 19/4), जलोदर, ascites

दकोदरयन्त्र
dakodarayantra
दकोदरस्रावणार्थं नाडीयन्त्रम्। (सु.सू. 7/13), जलोदर से पानी निकालने वाला एक प्रकार का नाड़ीयंत्र, a type of nadiyantra used to take out fluid from ascites

दक्ष
dakṣa
1. नृप। (अ.हृ.सू. 18/16), राजा, king 2. देवता विशेष। (च.चि. 3/17), दक्ष प्रजापति। (सु.सू. 43/3), a diety 3. कुक्कुटः। (भा.पू.मांसवर्ग. 62), मुर्गा/मुर्गी, hen 4. चतुर। (सु.क. 1/10), शीघ्रकारी, intelligent, quick

दक्षाण्ड
dakṣāṇḍa
दक्षः गोष्ठकुक्कुटः। (चक्र.-च.चि. 11/25), मुर्गी का अण्डा, egg of hen

दक्षिण
dakṣiṇa
1. दक्षिण एक दिशा, south 2. अभिजाताः, कुलीना इति यावत्। (ड.-सु.क. 1/14), अच्छे परिवार का व्यक्ति, superior caste 3. दायां, right

दक्षिणात्यक
dakṣiṇātyaka
नारिकेल। (ध.नि. 5/74), नारियल, coconut fruit

दक्षिणायन
dakṣiṇāyana
दक्षिणां दिशां प्रति अयनं दक्षिणायनम्। (चक्र.-च.सू. 6/4), सूर्य के दक्षिण दिशा की ओर गमन को दक्षिणायन कहते हैं, southward movement of the sun

दक्षिणावर्ता
dakṣiṇāvartā
वृश्चिकाली नामक वनस्पति। (रा.परि. 9/7/1), मेषश्रृंगी, मेढ़ासिंगी, a plant

दग्ध
dagdha
1. इतरथादग्ध, प्रमाददग्ध। (सु.सू. 12/15), स्नेह एवं रूक्षदग्ध, प्लुष्ट, दुर्दग्ध, सम्यकदग्ध एवं अतिदग्ध भेद से चार प्रकार का होता है, burn & scald 2. अग्निकर्म, therapeutic cauterization

दग्धिका
dagdhikā
दग्धा वनस्पति। (रा.परि. 9/28), दग्ध, a plant

दण्ड
daṇḍa
1. लगुड। (ड.-सु.सू. 17/5), लोहे या लकड़ी का डंडा, stick 2. घटिका, 24 मिनट का समय, 24 minutes period

दण्डक
daṇḍaka
दण्डवत् स्तब्धगात्रस्य। (च.चि. 28/52), दण्ड के समान शरीर का जकड़ना stiffness of body

दण्डापतानक
daṇḍāpatānaka
स दण्डवत् स्तम्भयति सोऽन्नं कृच्छ्रान्निषेवते। (सु.नि. 1/53), पाणिपादशिरः पृष्ठश्रोणीः स्तम्भयति मारुत दण्डवत् स्तब्धगात्रस्य दण्डकः सोऽनुपक्रमः। (च.चि. 28/51), अपतानक में जब रोगी स्तम्भ होने से डण्डे के समान हो जाता है, उसे दण्डापतानक कहते है, वायु, हाथ, पैर, शिर, पीठ एवं श्रोणी का स्तम्भ करके शरीर को दण्डे की तरह स्तब्ध कर देती है, उसे दण्डक कहते हैं, यह असाध्य है और चक्रपाणि के अनुसार दण्डाक्षेप रोग है, when vata causes stiffness in hand, feet, head, back and spine, then body of a person becomes like stick, it is incurable disease, according to chakrapani it is dandaksepa

दण्डालसक
daṇḍālasaka
अतिमात्र प्रदुष्टाश्च दोषाः प्रदुष्टामबद्धमार्गास्तिर्यग्गच्छन्तः कदाचिदेव केवलमस्य शरीरं दण्डवत् स्तम्भयन्ति, ततस्तं दण्डालसकमसाध्यं ब्रुवते। (च.वि. 2/12), अत्यर्थदुष्टास्तु दोषा दुष्टामबद्धखाः यान्तस्तिर्यक्तनुं सर्वो दण्डवत्स्तम्भयन्ति चेत्, दण्डकालसकं नाम तं त्यजेदाशुकारिणम्। (अ.हृ.सू. 8/12), दण्डवद्यदि स्तम्भयन्ति प्रसारणाकुञ्चनरहितं कुर्वन्ति। (अरु.-अ.हृ.सू. 8/12), अलसक में अधिक बढ़े हुये दोष दुष्ट आम से मार्ग अवरुद्ध होने के कारण तिर्यक् गति से शरीर को दण्ड के समान स्तम्भित कर देते हैं, उसे दण्डालसक कहते हैं, यह असाध्य है, दण्ड के समान होने का अभिप्राय प्रसारण और आकुंचन रहित होना है, in alasaka, the dusta ama obstructs the channels of excessively vitiated dosha leading to their oblique movements causing stiffness all over the body, body becomes like stick, stick like means devoid of flexion, extension movements, this condition is known as dandalasaka, it is an incurable condition

दण्डाहत
daṇḍāhata
मथित (मथे हुए) दही का एक पर्याय दण्डाहत है। (ध.नि 6/174), churned yogurt

दण्डैरक
daṇḍairaka
दण्डैरका 'होग्गल' इति ख्याता। (चक्र.-च.चि. 26/51), दण्डैरका गुन्द्राख्यगुल्मः,

नलो वा। (चक्र.-च.क. 1/25), होग्गल, गुन्द्रानामक गुल्म अथवा नल, a plant known as hoggala, gundra or nala

दद्रु dadru
सकण्डूरागपिडकं दद्रुमण्डलमुद्गतम्। (च.चि. 7/23), कण्डु सहित, रक्तपिडका जो उभरे मण्डल से युक्त हो, उसे द्रद्रु कहते हैं, tinea corporis

दधि dadhi
गोरस वर्ग। (च.सू. 27/225-228), दधिवर्ग। (सु.सू. 45/65-83), दूध को जमाने पर निर्मित द्रव्य curd/yogurt

दधिकूर्चिका dadhikūrcikā
दध्ना सह पयः पक्वं सा भवेद् दधिकूर्चिका। (वै.प.प्र.), दूध को दही के साथ मिलाकर अग्नि पर पकाने से निर्मित कल्पना, a preparation obtained by boiling curd and milk togather

दधित्थ dadhittha
दधित्थः कपित्थः। (चक्र.-च.सू. 2/19), *Feronia elephantum*

दध्युत्तरक dadhyuttaraka
दध्नःसरः। (ड.-सु.उ. 12/40), दधिसर, दही का पानी supernatent fluid of curd or yogurt

दन्त danta
दन्तानामुलूखला यथाश्रिता दन्ताः। (चक्र.-च.शा. 7/6), द्वात्रिंशद्दन्ताः। (का.सू. 20/47), मनुष्यों में 32 दांत होते हैं, दांत दो प्रकार के होते हैं, सकृज्जात एवं द्विज, teeth (tooth)

दन्तजन्मिक dantajanmika
अथातो दन्तजन्मिकमध्यायं व्याख्यास्यामः। (का.सं.सू. 20/1), दांतों की उत्पत्ति का जिसमें वर्णन हो ऐसा अध्याय, pertaining to dentition

दन्तधावन dantadhāvana
खदिर पर्याय। (भा.प्र.पू. वटादि 30), खैर, *Acacia catechu*

दन्तनिषेचन dantaniṣecana
अथ खलु भगवन् देहिनां जातानां अभिवर्धमानानां कतिषु मासेषु दन्तन्निषिच्यन्ते, निषिक्ताश्च कियता कालेन मूर्तीभवन्ति, मूर्तिभूताश्च कदोद्भिद्यन्ते, कानि चैषां पूर्वरूपाणि, के चोपद्रवाः। (का.सं.सू. 20/3), भगवन्, प्राणियों में उत्पन्न होकर बढ़ते हुए कितने मासों में दांतों का निषेचन होता है (अर्थात् मसूड़ों के अंदर बैठते हैं), निषेचन के कितने समय बाद वे मूर्तरूप धारण करते हैं, मूर्तरूप होने के बाद प्रकट होते हैं, दांतों के निकलने के क्या पूर्वरूप होते हैं और दन्तोद्भेद के समय क्या क्या उपद्रव होते हैं, मसूड़ों में दंतकलिका की उत्पत्ति, formation of dental buds

दन्तपवन dantapavana
दन्तान् पुनातीति दन्तपवनं दन्तकाष्ठम्। (चक्र.-च.सू. 5/72), दांतों को जिससे साफ किया जाता है या जो दांतों को साफ करे, उसे दन्तपवन (दन्तकाष्ठ) कहा गया है, teeth cleaning stick, toothbrush

23—4 Min. of HRD/2016

दन्तपाली dantapālī
दन्तपाली समधुना चूर्णेन प्रतिसारयेत्। (अ.ह.उ. 2/35), दंतपाली (दांतों की पंक्ति) पर औषधचूर्ण का मधु सहित प्रतिसारण, row of teeth

दन्तबन्धन dantabandhana
देखें दन्तसंपत्। (का.सं.सू. 20/8), मसूड़े, gums

दन्तमूर्ति dantamūrti
देखें दन्तनिषेचन। (का.सं.सू. 20/3), मसूड़ों में दांतों का आकार ग्रहण करना, shaping of teeth within gums

दन्तवेष्टक dantaveṣṭaka
दन्तवेष्टको दन्तवेष्टनमांसम्। (ड.-सु.सू. 5/13), दन्त का मांसप्रदेश, मसूड़े, gums

दन्तसम्पत् dantasampat
पूर्णता समता घनता शुक्लता स्निग्धता श्लक्ष्णता निर्मलता निरामयता किञ्चिदुत्तरोन्नतता, दन्तबन्धनानां च समता रक्तता स्निग्धता बृहद्घनस्थिर मूलता चेति दन्तसंपदुच्यते। (का.सं. 20/8), दांतों की पूर्णता, समानता, कठोरता, सफेदी, स्निग्धता, चिकनापन, निर्मल होना, निरोग होना, कुछ उन्नत बड़े होना तथा दन्तबन्धन (मसूड़ो) का समान लाल, स्निग्ध तथा बड़े, घन एवं स्थिर मूल वाले होना, ये दन्तसंपत् (दांतों के गुण) कहलाते हैं, सर्वगुण संपन्न, सुंदर दांत, perfect, good quality teeth

दन्ताद dantāda
केशरोमनखादाश्च दन्तादाः किक्किशास्तथा। कुष्ठजाः सपरिसर्पा ज्ञेयाः शोणितः संभवाः। (सु.उ. 54/15), एक प्रकार का रक्तजक्रिमि जो कि कुष्ठादि को उत्पन्न करता है, a blood born worm causing skin disease

दन्तान् खादन dantān khādana
दन्तान् खादति परस्परं दन्तपीडनं करोति। (ड.-सु.नि. 3/10), दांतों को परस्पर भींचना या दबाना, वाताश्मरी लक्षण, grinding of teeth

दन्तान्तर dantāntara
दन्तयोर्मध्ये योऽवकाशः सः। दांतों के बीच का अन्तर, space between two tooth

दन्ताशय dantāśaya
दन्तस्थानम्। (अ.सं.उ. 2), मसूड़े के अन्दर वह स्थान जहाँ दन्तमूल स्थित रहते हैं, alveolus

दन्तिनी dantinī
दन्ती समान एक तीक्ष्ण विरेचक द्रव्य, danti

दन्तिमद dantimada
हस्तिमदः। (रा.नि. 6/20), हाथी का मद

दन्ती dantī
उदुम्बरपर्णी। (ड.-सु.चि. 2/89), निकुम्भ, मुकूलक तयोर्मूलानि। तीक्ष्ण विरेचन कराने वाली एक औषध, a variety of plant *Baliospermum montanum*

दन्तीबीज dantibīja
जयपाल। (ध.नि. 1/227), जमालगोटा, *lat- Croton tiglium,* fam. euphorbiaceae

दन्तुरत्वच danturtvaca
मातुलुङ्ग। (रा.नि. 11/27), मातुलुंग फल, variety of lemon

दन्तोद्भेद dantodbheda
देखें दन्तनिषेचन। (का.सं.सू. 20/3), दांतों का बाहर निकलना, eruption of teeth

दन्तोलूखल dantolūkhala
दन्तानामुलूखला यत्राश्रिता दन्ताः। (चक्र.-च.शा. 7/6), जबड़ों में दाँतों के लिए गड्ढे, alveolus

दन्त्य dantya
दन्तेभ्यो हितम्। दाँतो के लिए हितकर, beneficial to teeth

दन्त्यरिष्ट dantyariṣṭa
दन्ती आदि से बनाया गया अरिष्ट जो कि अर्श चिकित्सा मे वर्णित है। (च.चि. 14/144-147), an arishta prepared from danti, chitraka etc

दन्त्यादिगण dantyādigaṇa
दन्त्यादि गण लौह कल्पना में प्रयुक्त होना है। (र.र.स. 28/62), used for loha kalpana

दन्दशूका dandaśūkā
दन्दशूकाः पुनः पुनर्भक्षणशीला। (चक्र.-च.वि. 8/97), बार-बार खाने वाली, voracious, having habit of frequent eating

दम dama
दमनम्। (ध.नि. 3/66), दमन नाम की एक वनस्पति, a plant named damana

दमयन्ती damayantī
मल्लिका। (रा.नि. 10/225), मोगरा पुष्प, flower of mogara

दम्पति dampati
जायापती। (ड.-सु.चि. 24/92), पति एवं पत्नी को दम्पति कहते हैं, married couple

दम्भ dambha
दम्भः पुस्तकवैद्यभाण्डादिभिः स्वार्थोत्कर्षप्रतिपादनम्। (चक्र.-च.सू. 30/79), पुस्तक, वैद्य, भाण्डादि के द्वारा अपने स्वार्थ की उत्कर्षता का प्रतिपादन करना 'दम्भ' कहलाता है, pretention

दर dara
दरदरिका। (चक्र.-च.सू. 17/31), हृत्कम्प, हृदय में कम्पन होना या हृदय गति का बढना, palpitation

दरण daraṇa
दीर्यते आरयेव। (ड.-सु.उ. 43/6), वेदना विशेष, आरे से काटने के समान वेदना विशेष, cutting pain

दर्दुर dardura
1. रसको द्विविधः प्रोक्तो दर्दुरः कारवेल्लकः। सदलो दर्दुरः प्रोक्तो...... । (र.र.स. 2/142), खर्पर भेद, वह खर्पर जो पत्रयुक्त होता है, उसे दर्दुर कहते हैं, calamite 2. मण्डूक। (इन्दु-अ.सं.उ. 43), मेंढक का अन्य नाम दर्दुर होता है, frog 3. धान्यविशेष। (च.सू. 27/14), एक प्रकार का धान्य, a grain

दर्दुरी darduri
पुनर्नवामूल। (र.र.स. 12/82), सूचिकाभरणरस में वर्णित, इससे मण्डूकपर्णी का भी ग्रहण किया जाता है, पुनर्नवा मूल, a herb

दर्प darpa
कस्तूरिका। (अरु.-अ.हृ.सू. 3/11), कस्तूरी, musk

दर्पण darpaṇa
आदर्शः। (ड.-सु.उ. 60/19), मुखदर्शन हेतु प्रयुक्त दर्पण, mirror

दर्भ darbha
कुशः। (अरु.-अ.हृ.सू. 15/21), उलुयातृणम्। (चक्र.-च.सू. 4/12), तृणपंचमूल में सम्मिलित एक द्रव्य, डाभ, a grass *Eragrostis cynosuroides*

दर्भाह्वय darbhāhvya
मुञ्ज। (रा.नि. शाल्मल्यादि 84), मुंजतृण, मूंज,

दर्विका darvikā
चमसः। (र.र.स. 3/34), चम्मच, spoon

दर्वी darvī
1. दारुहस्तकः। (ड.-सु.सू. 7/14), कम्बिः। (ड.-सु.क. 4/23), दर्व्याकार शलाकायन्त्र, अर्श में क्षार पातन हेतु प्रयुक्त चम्मच। (सु.चि. 6/8), करछुल, चम्मच, spoon, ladle 2. दारुहरिद्रा पर्याय। (ध.नि. 1/58), हिं. - दारुहल्दी, *Berbaris aristata*

दर्व्याकृति darvyākṛti
दर्व्याकृतिनीति दर्वी दारुहस्तकः। (ड.-सु.सू. 7/14), चम्मच के आकार का, spoon shaped

दर्शन darśana
दर्शनमिति चक्षुः। (चक्र.-च.चि. 23/120), पञ्चबुद्धिन्द्रियाणि दर्शनं......। (च.शा. 7/7), देखना, visual sense, eye, vision

दल dala
1. मसूरदलेति मसूरस्य दलितस्य निस्तुषखण्डं दलमित्युच्यते। (ड.-सु.सू. 7/14), मसूर की छिलका निकाली हुई दाल, unhusked lentil 2. तमालपत्र का पर्याय। (ध.नि. 2/52), *Cinnamomum tamala*

दलाम्ल dalāmla
चुक्रम्। (रा.परि. 7/64), शाक, तिनपतिया, चुक्र, leafy vegetable

दव dava
1. दावानल। (सु.उ. 41/30), दावाग्नि, जंगल की आग, wild forest fire 2.

मुखोष्ठतालुषु दाहो दवः। (अ.सं.सू. 20/18), मुख, ओष्ठ एवं तालु में होने वाली जलन को दव कहते हैं, burning sensation in mouth, lips and palate

दवथु davathu
दवथुः धकधकिका इति लोके ख्याता। (चक्र.-च.सू. 20/14), चक्षुरादि इंद्रियों में दाह का होना, जिसे लोक में 'धकधकिका' कहा जाता है, burning sensation in sense organs

दवन davana
दवनं सन्तापः। (ड.-सु.उ. 45/9), सन्ताप, hotness

दशन daśana
1.दन्तः। (सु.चि. 22/29), प्रत्यङ्ग। (सु.सू. 35/12), दंत, teeth, tooth 2. भक्षण। (सु.नि. 15/3), दांत से काटना, biting

दशा daśā
सदशास्य वस्त्र प्रान्तः। कपड़े का अन्तिम भाग (छोर), end of cloth

दशाङ्ग daśāṅga
दश द्रव्यों का समूह, a preparation having ten drugs

दशाङ्गयोग daśāṅgayoga
दशाङ्गयोगमिति 'नागरं धान्यकं भार्गीमभयां सुरदारु च। वचां पर्पटकं मुस्तं भूतीकमथ कटफलम्। (ड.-सु.उ. 49/23), दस द्रव्यों का उपरोक्त योग जो कि कफज छर्दि में प्रयुक्त होता है, a decoction of 10 drugs useful in kaphaja chardi

दशाङ्घी daśaṇhhi
दशमूलम्। (र.र.स. 22/10), दशमूल, dashamula, root of ten herbs

दशाष्टक्रिया daśāṣṭakriyā
अष्टादश पारद संस्कारः। (र.र.स. 7/37), पारद के अठारह संस्कार, 18 processings of mercury

दष्ट daṣṭa
सर्पादि का काटना। (सु.सू. 42/10), snake bite

दष्टक daṣṭaka
सर्पदंशभेदः अयं सर्पदंश असाध्योवर्तते। (अ.सं. 3/41), सर्पदंश का एक प्रकार जो असाध्य होता है, a type of snake bite which is incurable

दष्टौष्ठ dastoustha
क्षत ओष्ठो यस्यः। (सु.शा. 10/51), होठों का काटना, biting of lips

दस्त dasta
वैद्य विशेषो अश्विनौ। (र.र.स. 27/143), विशिष्ट वैद्य, दोनों अश्विनी कुमार, celestial physician, both Ashvinikumar

दहन dahana
1. पाचनं दहनं च शस्त्रपदस्य। (ड.-सु.सू. 14/39), अग्नितप्त शस्त्र से दाहकर्म द्वारा रक्तस्राव को रोकना, रक्तस्राव को रोकने की चार विधियों में से एक, a procedure to achieve haemostasis by thermal cauterization 2. अग्नि आदि

कर्म। (सु.सू. 12), अग्निकर्म, cauterization 3. भल्लातक। (ध.नि 3/43), भिलावा, marking nut 4. चित्रक। (ध.नि. 2/80), चीता, chitraka 5. अग्नि। (ध.नि. 2/80), आग, fire

दहनविशेष dahanaviśeṣa
तत्र बलय-बिन्दु-विलेखा-प्रतिसारणानीति दहनविशेषः। (सु.सू. 12/11), दहन (अग्निकर्म) के विशिष्ट प्रकार-वलय, बिन्दु, रेखा और प्रतिसारण, specific types of cauterization

दहनागरु dahanāgaru
दाह उत्पन्न करने वाला अगरु, burning sensation causing agaru

दहनारति dahanārati
जलम्। (रा.नि. 14/318), अग्नि का शत्रु, water

दहनोपकरण dahanopakaraṇa
अग्न्यवचारणोपकरणानि। (ड.-सु.सू. 12/4), अग्निकर्म में काम आने वाले उपकरण, instruments used in thermal cauterization

दाक्षिण्य dākṣiṇya
परापेक्षिणी प्रकृतिः। (ड.-सु.सू. 45/207), दूसरों की सहायता करने वाली प्रकृति, helpful, kind

दाडिम dāḍima
अनार। (च.सू. 27/149-150), अनार, pomegranate

दाडिमादिरसक्रिया dāḍimādirasakriyā
दाडिमाद्यवलेहः। (सु.उ. 12/42), अनारादि द्रव्यों से निर्मित अवलेह, an avaleha prepared from pomegranate and other drugs

दाडिमाष्टक dāḍimāṣṭaka
दाडिम, चतुर्जात, यवानी आदि आठ द्रव्यों से निर्मित एक योग जो कि अतिसार में उपयोगी है। (शा.सं.म. 6/60), a powder mixture containing eight drugs such as dadima, chaturjata, yavani etc

दात्यूह dātyūha
दात्यूहः कालकण्टकः 'रायुक' इति लोके। (ड.-सु.सू. 46/67), रायुक, प्रतुद जाति का एक पक्षी, a pecker bird

दाधिकघृत dādhikaghṛta
गुल्म, प्लीह एवं शूल में उपयोगी एक घृत। (सु.उ. 42/29-30), a ghrita usefull in treatment of gulma, pliha and shula

दाधिकसर्पि dādhikasarpi
दाधिकघृत। (अ.सं.चि 16/6), dadhika ghrita

दान dāna
1. हस्तिमदः। (रा.परि. 6/20), रगड़ने से हाथी के गण्डस्थान का स्राव, हस्तिमद, ichor secreating from the temple of an elephant by rubbing 2. भेंट, donation, gift

दानवप्रिया dānavapriyā
ताम्बूल। (ध.परि. 3/2), पान, betel piper

दान्त dānta
1. शिक्षितः। (चक्र.-च.चि. 9/82), शिक्षित, जैसे पालतू सिंह, pet animal 2. क्षमनक। (ध.नि. 3/64), a plant named kshamanaka

दाम dāma
1. दाम संबाधेऽङ्गे इति संकटेऽङ्गे। (ड.-सु.सू. 18/18), व्रण बन्धन का एक प्रकार, सम्बाध अंग में प्रयोज्य, sling bandage 2. ग्रैवेयकादि पुष्पाभरणम्। (ड.-सु.सू. 19/25), ग्रीवादि में पुष्पमाला, garlend

दारक dāraka
पुत्रः, सुत, son

दारण dāraṇa
1. शरकर्णादिद्विधाकरणम्। (ड.-सु.सू. 7/17), दो भागों में चीरना या बांटना, dividing in two parts 2. विदारणं पक्वशोथस्य। (ड.-सु.सू. 37/10), पक्वशोथ का औषधि लेप से विदारण करना, bursting of an abscess by applying pastes of medicines

दारवी dāravī
दारवीं काष्ठमयीम्। (ड.-सु.चि. 20/43), लकड़ी से निर्मित, made from wood

दारी dārī
दारीमिति विपादिका। (ड.-सु.नि. 13/29), पाददारी, बिवाई, crack foot, rhagades

दारुण dāruṇa
1.दारुणं तु महाबलं ज्ञेय। (चक्र.-च.वि. 6/3; च.सू. 18/41; सु.चि. 7/3), बलवान, कठिन, तीक्ष्ण, severe, difficult, sharp 2. दारुण कृमि। (सु.उ. 54/12), दारुण कफज कृमि, one of the kaphaja krimis

दारुणक dāruṇaka
दारुणा कण्डुरा रूक्षा केशभूमिः प्रपाट्यते। कफवातप्रकोपेण विद्याद् दारुणकं तु तम्। (सु.नि. 13/35), (अ.सं.उ. 27), दारुणक कफ वात से कपाल में होने वाला एक क्षुद्र रोग है, इसमें केशभूमि रूक्ष, कठिन एवं कण्डुयुक्त होकर फटने लगती है, seborrhic dermatitis, a mild disease occuring in scalp due to kapha and vata, in this disease scalp skin becomes dry and hard with itching and cracking

दार्वीलेपन dārvīlepana
गुड़ या शर्करा का पाक करते समय कल्छुल से उसका चिपकना, sticking/adhering to laddle

दाह dāha
दाहः सर्वांगदहनमिव। (चक्र.-च.सू. 20/14), सन्तापः। (हे.-अ.हृ.सू. 11/7), अग्निनेव दुःखम्। (हे.-अ.हृ.नि. 6/32), अग्नि सदृश वेदना, संपूर्ण अंग में जलने की प्रतीति होना, दाह कहलाता है, burning sensation, generalised burning sensation

दिव्यचक्षु divyacakṣu
दिव्यमतीन्द्रियार्थदर्शि चक्षुः समाधिरूपं ज्ञानं येषां ते दिव्यचक्षुषः। (चक्र.-च.सू. 11/29), अतीन्द्रिय विषयों को भी देखने में समर्थ चक्षु यानि समाधि रूप ज्ञान जिसे है, उसे दिव्यचक्षु कहा गया है, supernatural visionary, a person who have supernatural perception

दिष्ट diṣṭa
दिष्टं यद्यस्यद्वेष्यम्। (चक्र.-च.सू. 11/37), जिससे द्वेष हो या जिसे व्यक्ति पसन्द न करता हो, उसे दिष्ट कहा जाता है, hostile, the object arousing a feeling of enmity or unfriendliness

दीपन dīpana
1.पचेन्नामं वह्निकृच्च दीपनम्। (शा.सं.प्र.ख. 4/1), जो अग्नि की वृद्धि करता हो एवं आम का पाचन न करता हो, उसे दीपन कहते हैं, जैसे मिशि, appetizer 2. धातु पाषाणमूलाद्यैः संयुक्ते घटमध्यगः। ग्रासार्थं त्रिदिनं स्वेदो दीपनं तन्मतं बुधैः। (रसे.चू. 4/90), धातु, पाषाण, खनिज, काष्ठौषधि आदि के साथ पारद को एक घड़े में दोलायन्त्र विधि अनुसार कांजी को भरकर ग्रासहेतु तीन दिन तक स्वेदन करने को दीपन संस्कार कहते हैं, to increase the appetite of mercury, a processing of mercury

दीर्घ dīrgha
आयताः। (ड.-सु.शा. 5/40), बड़ा, big

दुःख duḥkha
स्वभावतः प्रतिकूलवेदनीयं दुःखम्। (ड.-सु.शा. 1/17), कायवाङ्मानसी पीडा। (ड.-सु.सू. 1/23), प्रतिकूल वेदना, शरीर, वचन एवं मन की पीडा, discomfort, pain, suffering

दुःखप्रसविनी duḥkhaprasavinī
दुःखेन प्रसूते या सा। (च.चि. 16/46), कष्ट से प्रसव करने वाली, difficult labour

दुःखशय्या duḥkhaśayyā
दुःखोत्पादिका शय्या। (च.चि. 2/9), दुख देने वाली शय्या, discomforting bed

दुराधर्षा durādharṣā
कुटुम्बिनी पयस्या च क्षीरिणी जलकामुका। वत्र शल्या दुराधर्षा क्रूरकर्मा झिरिण्टिका।। (रा.नि.व. 5/78), कुटुम्बिनी का एक पर्याय, दुःसाहसी, अजेय, a synonym of kutumbini plant meaning dangerous, invincible

दुर्ग durga
दुर्गस्य व्याकरणं परं भवति। दुःखेन गम्यते बुध्यते इति भवति (च.प्र.), जो व्याकरण में पर (श्रेष्ठ) हो, वह दुर्ग कहलाता है, या जिसका व्याकरण में कठिनता से ज्ञान हो, वह दुर्ग कहा गया है, जिन शब्दों के अर्थ का ज्ञान कठिनता से हो, वह दुर्ग कहलाते हैं, difficult passages

दुर्गेष्वभ्युपपत्ता durgeṣva bhyupapatti
दुर्गेष्वभ्युपपत्ता दुर्गतिपतितानां रक्षिता। (चक्र.-च.सू. 8/18), संकट में फंसे व्यक्ति को बचाने वाला, a person who help in crisis

दुर्जयोऽन्ताय durjayoantāya
दुर्जयोऽन्तायेति दुर्जयो वा यथाक्रममुपक्रम्यमाणः, अन्ताय वा मिथ्योपक्रमाद्वेति मन्तव्यम्। (चक्र.-च.सू. 18/27), उचित चिकित्सा करने पर भी जिसका प्रशम न हो तथा मिथ्या चिकित्सा से जिसका मरण हो, which is incurable inspite of appropriate treatment, but improper treatment leads to death

दुर्दग्ध durdagdha
यत्रोत्तिष्ठन्ति स्फोटास्तीव्राश्चोषदाहरागपाकवेदनाश्चिराच्चोपशामयन्ति तद्दुर्दग्धम्। (सु.सू. 12/16), जिसमें दारुण फफोले पड़ जाएं, चूसने की सी पीड़ा हो, जलन, रंग लाल हो, पाक हो, और बहुत काल में जिसकी शांति हो, वह दुर्दग्ध है, moderate degree of burn caused by improper cauterization, burn with blister formations

दुर्मना durmanā
दुर्मना मनोबल विहीनः। (चक्र.-च.सू. 17/73), मानसिक शक्तिविहीन, weak minded

दुर्विद्धा durviddhā
दुर्विद्धा असम्यग्विद्धा सती। (अरु.-अ.हृ.सू. 27/34), असम्यक् प्रकार से विद्ध सिरा, improper phlebotomy

दुर्विरेच्य durvirecya
जिनको विरेचन कठिनता से होता है। (सु.चि. 33/20), those who purgate with difficulty

दुश्छर्दन duśchardana
जिनको बड़ी कठिनता से वमन होता है। (च.सि. 2/8), those who vomit with difficulty

दुष्कुला duşkulā
देखें भिन्नसेतवः, नीच कुल में उत्पन्न, those born in lower caste

दुष्कोष्ठ duşkoştha
क्रूरकोष्ठ। (च.सि. 6/37), क्रूरकोष्ठ, constipated bowel

दुष्टक्षीरा duṣṭakṣīrā
अक्षीराजननो येषामल्पक्षीरापि वा भवेत्। दुष्टक्षीरा प्रसूता या धात्री वा तस्य तादृशी।। (का.सू. 1/14), दूषित स्तन्य वाली प्रसूता या धात्री, a lady with unhealthy breast milk

दुष्प्रजाता duşprajātā
दुष्प्रजातामयाः सन्ति चतुःषष्टरिति स्थितिः। (का.खि. 11/7), जिसका सम्यक् प्रकार से प्रसव न हुआ हो, उपद्रव युक्त प्रसूता, a lady having undergone complicated labour

दूयन dūyana
दूयते उपतप्यते। (ड.-सु.उ. 3/29), पीड़ित करना, संतप्त करना, causation of pain associated with burning sensation

24—4 Min. of HRD/2016

दूषीविष dūṣīviṣa
कालान्तरप्रकोपिविषम्। (चक्र.-च.चि. 23/31), चिरकारिविषाः। (चक्र.-च.चि. 23/140), कुछ समय पश्चात दोष करने वाला विष, चिरकारी विष, slow poisoning, weak cumulative poison

दूष्य dūṣya
यद्दोषैर्दुष्टं भवति रसादिकं मलादिकं च तत्। (च.वि. 8/101), दूष्यास्तु शरीरावयवः। (चक्र.-च.सू. 20/3), धातु एवं मल जिनको कि दोष दूषित करते हैं, वे दूष्य हैं, शरीर के अवयवों को दूष्य कहा जाता है, dhatu and mala which get vitiated by dosha, part of the body

देश deśa
1. देशः पुनः स्थानं; स द्रव्याणामुत्पत्तिप्रचारौ देशसात्म्यं चाचष्टे। (च.वि. 1/21-5), द्रव्यों की उत्पत्ति का स्थान, habitat 2. आतुर। (च.वि. 8/92), शरीर, body

देहप्रकृति dehaprakṛti
1. देह प्रकृतिः देहस्वास्थ्यमिति यावत्। (चक्र.-च.सू. 7/40), शरीर का स्वस्थ बने रहना देहप्रकृति है, healthy state of body 2. शुक्रशोणित संयोगे यो भवेद् दोष उत्कटः प्रकृतिर्जायते। (सु.शा. 4/63), शुक्र एवं शोणित से उत्पन्न गर्भ में उस समय जिस दोष की प्रधानता रहती है, उस दोष के अनुसार उसकी प्रकृति होती है, in fetus, at the time of its formation by union of semen with ova, the predominance of dosha at that time determines constitution 3. प्रकृतीनां स्वभावेन, जायते तु गतायुषः। (सु.शा. 4/78), स्वभाव के द्वारा ही प्रकृतियां उत्पन्न होती है तथा जीवन पर्यन्त रहती हैं, prakriti denotes to nature which remains unchanged throughout the life

देहप्रकृतिलक्षण dehaprakṛtilakṣaṇa
देहश्च प्रकृतिश्च लक्षणं च देहप्रकृतिलक्षणम्। (चक्र.-च.सू. 30/25), देहस्य सहजलक्षणं देहप्रकृतिलक्षणम्। (चक्र.-च.सू. 30/25), देहलक्षण व प्रकृतिलक्षण को मिश्रित रूप से देहप्रकृतिलक्षण कहा गया है या देह और प्रकृति का लक्षण देहप्रकृति लक्षण कहा गया है, देह का सहज स्वाभाविक लक्षण देहप्रकृतिलक्षण होता है, यह सब सार प्रकृति आदि के लक्षणों द्वारा जानना चाहिए, the innate or inherent features of body

देहबल dehabala
देहस्य बलं देहबलम्। (चक्र.-च.सू. 6/5), देहस्य दुर्बलत्वे पक्ताऽपि दुर्बलोभवति, देहबलानुविधायित्वाद् वह्नेः। (चक्र.-च.सू. 6/33), शरीर का बल देहबल है, शरीर के दुर्बल होने से पाचकाग्नि भी दुर्बल हो जाती है, क्योंकि अग्नि बल शरीर बल पर निर्भर होता है, when body becomes weak, the digestive power also becomes weak because digestive power depends upon dehabala

देहव्यायाम dehavyāyāma
देहस्य व्यायामो देहव्यायामः। (चक्र.-च.सू. 7/31), शरीर का व्यायाम, physical exercise

देहौज dehouja
देहौजो देहसार: किंवा देहश्च ओजश्च देहौज:। (चक्र.-च.सू. 17/60), देहसार अथवा देह ओज, essence of body or oja of body

दैव daiva
1. दैवमदृष्टम्; न दिखने वाला, invisible 2. दैवशब्देन देवा उच्यन्ते, देवता, God

दोग्ध्री dogdhrī
उत्तम धात्री की परीक्षा का एक लक्षण। (च.शा. 8/52), धात्री ऐसी हो जिसमें प्रचुर स्तन्य विद्यमान हो, an efficiently lactating lady

दोलायन्त्र dolāyantra
द्रवद्रव्येण भाण्डस्य पूरितार्धोदकस्य च, मुखस्योभयतो द्वारद्वयं कृत्वा प्रयत्नत:। तयोस्तु निक्षिपेद् दण्डं तन्मध्ये रसपोटलीम्। बद्ध्वा तु स्वेदयेदेतद्दोलायन्त्रभि स्मृतम्।। (र.र.स. 9/4), एक हांडी में द्रवद्रव्य आधे भाग तक भरकर उस हांडी के किनारों में दो आमने-सामने छेद कर देते हैं, इन छेदों में एक सीधी लकड़ी या लोहशलाका डालते हैं, स्वेद्य द्रव्य को एक कपड़े की पोटली में बांधकर उस शलाका के बीच में टांग देते हैं, हांडी के नीचे आग जलाने से उस द्रव्य का स्वेदन हो जाता है यह दोला यन्त्र है, an instrument used for sudation of materials

दोष doṣa
दूषणस्वभावत्वाद् दोषा इति। (अ.सं.सू. 20/5), जो शरीर को दूषित करे वह दोष है, vitiating factor

दोषदूष्यसंसर्ग doṣadūṣyasaṃsarga
दोषस्य दूष्येण रक्तादिना संसर्गो दोषदूष्यसंसर्ग:। (चक्र.-च.सू. 19/4), दोष का रक्तादि दूष्य के साथ संयोग 'दोष दूष्य संसर्ग' है, conjugation of dosha with raktadi dhatu or dushya

दोषनिर्हरण doṣanirharaṇa
दोषों को शोधन के द्वारा शरीर से बाहर निकालना, elimination of dosha by shodhana

दोषप्रच्यावन doṣapracyāvana
दोषाणां प्रकर्षेण निर्हरणम्। (सु.चि. 1/27), विरेचनम्। (ड.-सु.सू. 39/11), दोष का अधिक प्रमाण में बाहर निकालना, excess removal of dosha

दोषप्रतिपक्ष doṣapratipakṣa
दोष विपरीतम्। (अ.सं.सू. 36), दोष के विपरीत, opposite to dosha

दोषप्रभाव doṣaprabhāva
दोषस्य कार्यविशेषकारित्वम्। (च.वि. 1/12), दोष का विशिष्ट कार्य, specific action of dosha

दोषप्रशमन doṣapraśamana
दोषस्य दोषयोर्दोषाणां वा प्रशमनं दोषप्रशमनम्। (चक्र.- च.सू. 1/67), एक, दो या तीनों दोषों का स्वस्थान में शमन, pacification of vitiated dosa

दोषबलप्रवृत्त doṣabalapravṛtta
दोषा वातादयो रजस्तमसी च, बलं शक्ति:, प्रवृत्ता: जाता:। (ड.-सु.सू. 24/5), दोष के बल से उत्पन्न होने वाले शारीरिक और मानसिक रोग, physical and mental diseases caused by dosha

दोषलिङ्ग doṣaliṅga
दोषाणां वातादीनां, लिङ्ग: क्षय वृद्धिसम्बन्धै:। (चक्र.-च.सू. 7/44), वातादि दोषों के क्षय वृद्धि लक्षण, kshaya and vriddhi symptoms of dosha

दोषवर्चविनिग्रह doṣavarcavinigraha
विनिग्रहो अप्रवृत्ति:। (मधु.-मा.नि. 2/59), दोष एवं मलों की अप्रवृत्ति, retention of dosa and excretas

दोषविकल्पवित् doṣavikalpavit
दोषविकल्पज्ञानाच्च लिङ्गज्ञानं, यावद्धि लिङ्गं तत् सर्वं दोषविकल्पसंबद्धम्। (चक्र.-च.सू. 26/27), दोष विकल्प ज्ञान से अभिप्राय रोग के लक्षणों का ज्ञान है, रोग के लक्षणों को जानने वाला दोषविकल्पविद कहलाता है, one who knows subtle analysis of doshas

दोषविग्रथित doṣavigrathita
दोषमिश्रितम्। (सु.चि. 34/6), दोषयुक्त, mixed with dosha

दोषविभ्रान्तचेतस doṣavibhrāntacetasa
दोषवृद्धया विभ्रांतं चेतो यस्मिन्, तस्मिन् दोषविभ्रान्तचेतसि उन्मादे। (चक्र.-च.क. 10/5), उन्माद रोग जिसमें वृद्ध दोष मन भ्रमित कर देते हैं, increrased dosha cause bhrama in mind to produce unmada

दोषवैषम्य doṣavaiṣamya
दोषाणां प्राकृतप्रमाणन्यूनत्वं प्रमाणधिक्यं वा चय प्रकोपप्रभृतिरोगावस्था रूपमनुसंधेयम्। (अ.सं.सू. 1/43), दोषाणां वातादीनां, वैषम्यं स्वप्रमाणादेकस्य द्वयोस्त्रयाणां वा वृद्धि: क्षयो वा। (अरु.-अ.हृ.सू. 1/20), विकृत दोष, एक, दो, या तीनों दोषों का अपने प्रमाण से अधिक या कम होना, decrease or increase of dosha from its normal quantitiy

दोषहेतु doṣahetu
दोषहेतवो यथा चयप्रकोपप्रशमनिमित्ता यत् ऋतुत्पन्ना मधुरादय:। (मा.नि. 1/5), ऋतुओं के अनुसार दोषों का संचय, प्रकोप और प्रशम होता है (मधुरादि रसों के प्राबल्य से), dosha vitating (seasonal) factors

दोषानुकर्षिणीमात्रा doṣānukarṣiṇīmātrā
दोषानुकर्षिणी मात्रा सर्वमार्गानुसारिणी। (च.सू. 13/34) स्नेह की (उत्तम) मात्रा, maximum dose of unction

दोषापकर्षण doṣāpakarṣaṇa
उपक्रम; दोषाणां संशोधनम्। (च.वि. 7/33), दोषों को शोधन कर्म से बाहर निकालना, removal of dosha by shodhana

दोषावसेचन doṣāvasecana
अपतर्पणभेद: शोधनम्। (च.वि. 3/43), अपतर्पण का एक भेद, शोधन, a type of apatarpana, shodhana

दौर्मनस्य dourmanasya
चित्तविचेष्टितम्। (ड.-सु.सू. 29/45), खिन्न मन, मन में विकार, deranged mood, mental uneasiness

दौहृद douhṛda
गर्भानुभावान्मातुश्चतुर्थादिमासेष्विन्द्रियार्थप्रार्थना 'दौहृदम्' इत्याचक्षते। (ड.-सु.सू. 24/5), गर्भिणी की इच्छा, गर्भिणी के हृदय के साथ साथ गर्भ का हृदय भी रहता है अत: उसकी इच्छा को दौहृद कहा जाता है, desires of pregnant lady

द्रव्य dravya
यत्राश्रिता: कर्मगुणा: कारणं समवायि यत् तद् द्रव्यम्। (च.सू. 1/51), द्रव्य वह है जिसमें गुण और कर्म समवाय सम्बन्ध होकर रहते हैं, dravya is an entity where karma and guna are present in samavayi condition, dravya and guna are inherently related to each other

द्रव्यगुणशास्त्र dravyaguṇaśāstra
द्रव्याणां गुणकर्माणि प्रयोगा विविधास्तया। सर्वशो यत्र वर्णयन्ते शास्त्र द्रव्यगुणं हि तत्।। जिस शास्त्र में द्रव्यों के गुण, कर्म एवं उन के प्रयोगों का वर्णन किया गया हो, उसे द्रव्यगुणशास्त्र कहते हैं, the science, which deals with the explanation of different flora, action & uses of drugs

द्रावण drāvaṇa
संतिष्ठेत् द्रवाकारम्। (र.र.स. 8/84), द्रवित करना, किसी भी पदार्थ को अग्नि अथवा द्रव माध्यम से द्रव रूप में परिवर्तित करना द्रावण कहलाता है, process of melting

द्रुतग्रास drutagrāsa
पारद में दिये हुये ग्रास का पूर्ण रूप से पचन होना, complete assimilation

द्रुतत्वम् drutatvam
सन्तिष्ठते द्रवाकारं सा द्रुति: परिकीर्तिता। (र.र.स. 8/84), विशेष रूप से पतला हो जाना, this is one of the characteristic of druti, that is liquidity

द्रोण droṇa
चतुर्भिराढकैर्द्रोण: कलशो नल्वणोर्मण:। उन्मानश्च घटो राशिर्द्रोण पर्याय संज्ञक:। (शा.सं.प्र. 1/28), चार आढक के तुल्य एक द्रोण होता है, इसके पर्याय कलश, नल्वण, अर्मण, उन्मान, घट, राशि आदि हैं, a measurement equal to four adhakas

द्रोणी droṇī
शूर्पाभ्यां च भवेद् द्रोणी वाहो गोणी च सा स्मृता। (शा.सं.प्र. 1/30), दो शूर्प की एक द्रोणी होती है, वाह एवं गोणी इसके पर्याय हैं, a measurement equal to two shurpa

द्वन्द्वन dvandvana
द्रव्योर्मेलनं ध्मानाद् द्वन्द्वनं परिकीर्तिततम्। (रसे.चू. 4/73), दो द्रव्यों को तीव्र धमन कर आपस में मिलाना द्वन्द्वन कहलाता है, conjugation, amalgamation

द्वन्द्वान dvandvāna
द्रव्ययोर्मर्दनाध्मानाद् द्वन्द्वानं परिकीर्तितम्। (र.र.स. 8/50), दो द्रव्यों (धातुओं) को एक साथ मिलाकर धमन द्वारा मूषा में गलाकर एकीकरण करना द्वन्द्वान कहलाता है, amalgamation, conjugation of (metals)

द्विजदन्त dvijadanta
इह खलु नृणां द्वात्रिंशद्दन्ता:, तत्रष्टौ सकृज्जाता: स्वरुढ दन्ता भवन्ति, अत: शेषा: द्विजा:। (का.सं.सू. 20/4), मनुष्यों में 32 दांत होते हैं, इनमें से आठ सकृज्जात (केवल एक बार उत्पन्न होने वाले) तथा उसी स्वरूप में ही बढ़ने वाले होते हैं, शेष 24 द्विज (द्विर्जायन्ते-दो बार उगने वाले) हैं, deciduous (milk) teeth

द्वेष dveṣa
अप्रीति:लक्षण:। (ड.-सु.शा. 1/17), परापकारेच्छा:। (हे.-अ.हृ.सू.), अनिच्छा, दूसरे का अपकार करने की इच्छा, hatred, aversion

धनञ्जय dhanañjaya
धनञ्जय: अर्जुन:। (चक्र.-च.चि. 4/75), अर्जुन वृक्ष, *Terminalia arjuna*

धनुस्तुल्य dhanustulya
धनुस्तुल्यं नभेद्यस्तु स धनुस्तम्भसंज्ञक:। (मा.नि. 22/33), धनुष का आकार ग्रहण करना, धनुष्टम्भ व्याधि का लक्षण, like an arch (a sign of tetanus)

धनेशायतन dhaneśāyatana
धनेशायतनस्येति हिमालयस्य। (चक्र.-च.सि. 3/3), धनेश (कुबेर) का घर अर्थात् हिमालय, Himalaya, the abode of Kuber, the lord of wealth

धनैषणा dhanaiṣaṇā
तद्यथा-प्राणै, धनैषणा, परलोकैषणेति। (च.सू. 11/3), धन की इच्छा, desire of money/wealth

धन्वन्तरि dhanvantari
धनु: शल्यशास्त्रं, तस्य अन्तं पारं इयर्ति गच्छतीति धन्वन्तरि:। (ड.-सु.सू. 1/3), धनु शल्य शास्त्र को कहते हैं, इसके अन्त को प्राप्त करने वाले को धन्वन्तरि कहते हैं, dhanu means surgery, one who has attained excellence in surgery is Dhanvantari

धन्वन्तरिभाग dhanvantaribhāga
अर्धसिद्धरसस्य तैल घृतयोर्लेहस्य भागोऽष्टम:। ससिद्धाखिललोहचूर्णवटकादीनां तथा सप्तम:। यो दीयते भिषग्वरायगादिभि धन्वन्तरिम्।। (रसे. चू. 4/2), सर्वाऽऽरोग्य सुखाप्तयो निगदितो भाग: स धन्वन्तरे:। (र.र.स. 8/2), सभी प्रकार के आरोग्य तथा सुख प्राप्ति के लिये वैद्य के द्वारा निर्मित सिद्ध औषधों में से रोगी घृत तथा तैल का आधा भाग, अवलेह का आठवां भाग, सिद्ध लौह चूर्ण, वटक का सातवां भाग वैद्य को देता है, यह धन्वन्तरि भाग कहलाता है, donation of a part/portion of prepared medicine back to physician

धन्वोत्थरस dhanvottharasa
धन्वोत्थरसो जाङ्गलदेशमांससमुद्भतो रस:। (अरु.-अ.हृ.सू. 16/36), जांगलदेश के प्राणियों का मांसरस, meat juice obtained from wild animal

धमनी dhamanī

ध्मानाद्धमन्यः स्रवणात् स्रोतांसि सरणात्सिराः। (च.सू. 30/12), ध्मानात् पूरणाद् बाह्येन रसादिनेत्यर्थः। (चक्र.-च.सू. 30/12), ध्मानाद् अनिलपूरणाद् धमन्यः। (ड.-सु.शा. 9/1), जो ध्मापित (पूरित) हो वह धमनी है, जो रसादि से पूरित होकर उनका वहन करती है, वायुपूर्णता से धमन के कारण, a pulsatile blood vessel, an artery

धमनीप्रतिचय dhamanīpraticaya

धमनीप्रतिचयो धमन्युपलेपः। (चक्र.-च.सू. 20/17), धमनी में उपलेप का होना अथवा कफवर्गीय द्रव्यों का धमनी के अन्तर्भाग में जमना, deposition of kapha in dhamani, atherosclerotic changes in artery

धरण dharaṇa

मध्यमनिष्पावा एकोनविंशतिर्धरणम्। (सु.चि. 31/7), मान का एक भेद, 19 मध्यम आकार के निष्पाव (सेम) के दानों के बराबर, a weighing unit equal to weight of 19 medium sized seeds of white bean

धरणी dharaṇī

शुष्का षष्ठी च यमिका धरणी मुखमण्डिका। माता शीतवती कण्डुः पूतनाऽथ निरुञ्चिका। रोदनी भूतमाता च लोकमाता महीति च। शरण्या पुण्यकीर्तिश्च नामानि तव विंशतिः। (का.चि. बालग्रहचिकित्साध्याय), रेवती ग्रह के बीस नामों में से एक, one of the twenty synonyms of Revati

धरणीधरसार dharaṇīdharasāra

धरणीधरसार इति उष्ट्रमुखवत्, तेन धरणीधराः पर्वताः, तेषां सारो लौहं तद्वत्सार इत्यर्थः। (चक्र.-च.चि. 1(1)/61), उष्ट्र के मुख की भाँति, यहाँ धरणीधर से पर्वत अर्थ लिया गया है, पर्वतसार अर्थात् लौह, व्यक्ति के शरीर का लोहे की भांति दृढ़ होना, solid body

धर्म dharma

धारणाद्धर्मः स्वाभाविको गुणश्च; सचात्मसमवेतः। (चक्र.-च.सू. 1/15), कायवाङ्मनोभिः सुचरितम्। (ड.-सु.शा. 1/18), जिसे धारण किया जाता है, या जो स्वाभाविक गुण होता है, उत्पत्ति से ही जो संयुक्त हो, उसे धर्म कहते हैं, शरीर, मन, एवं वाणी से अच्छा कर्म करना, virtue, righteousness, it is the innate or inherent quality of a substance which is inseparably associated with it

धर्मेतरपुरःसर dharmetarapurahsara

धर्मेतरपुरःसरौ धर्माधर्मपुरोगामिनौ। (ड.-सु.शा. 2/37), धर्म एवं अधर्म को जानने वाली (स्त्री), a pious lady

धव dhava

धव इन्द्रवृक्षः। (ड.-सु.चि. 34/17), कुटज, *Holarrhena antidysenterica*

धाता dhātā

धाता शरीरदिसंयोगधारणहेतुत्वात्। (ड.-सु.शा. 3/4), आत्मा का एक पर्याय, शरीर संयोग को धारण करने के कारण धाता कहलाता है, a synonym of soul, which holds the body

धातु dhātu

धारणात् धातवः। (अ.सं.सू. 20/5), धातुर्हिधारणपोषणयोगाद् भवति (चक्र.-च.सू. 30:7), शरीरधारणाद् धातव इत्युच्यन्ते। (सु.सू. 14/20), जो शरीर को धारण करता है, जो शरीर का धारण एवं पोषण करे उसे धातु कहते हैं, body sustaining factors, that sustains and nourishes the body, body tissues

धातुगति dhātugati

धातुगतिरिति रसादीनां पोष्यं धातुं प्रति गमनम्। (चक्र.-च.सू. 18/48), रसादि पोष्य धातुओं में पोषण पहुंचाना 'धातुगति' है, fluid electrolyte balance and transportation, nutrient transportation

धातुपिष्टि dhātupiṣṭi

खल्ले विमर्द्य गन्धेन दुग्धेन सह पारदम्। पेषणात्पिष्टतां याति सा पिष्टिति मताः।। (र.र.स. 8/8), समभाग पारद एवं धातु आदि को गोदुग्ध के साथ खरल मर्दन कर पिष्ट रूप में प्राप्त द्रव्य को धातुपिष्टि कहा जाता है, metallic paste preparation

धातुप्रदूषण dhātupradūṣaṇa

वातादीनां समत्वेन शरीरधारणात्मकानां तथा रसादीनां च दूषणम्। (चक्र.-च.सू. 1/67), वातादि दोषों द्वारा शरीरधारक धातुओं एवं दोषों की दुष्टि, vitiation of tissues by dosa

धातुव्यूह dhātuvyūha

धातुसंघातः। (चक्र.-च.सू. 27/3), रसादि धातुओं का समुच्चय या धातुओं का एक दूसरे से संयोजन, धातुसमूहन, maintaining internal milieu

धातुसत्व dhātusatva

कोष्ठया ध्मातस्य द्रावकौषधिभिः समम्। सारो यो निर्गतः साऽत्र सत्वमित्यभिधीयन्। (र.त. 2/32), धातु आदि को द्रावक गण की औषधियों के साथ मिलाकर भट्टी में रखकर तपाने से प्राप्त सार भाग उस धातु का सत्व कहलाता है, extract of metals

धात्री dhātrī

धात्री स्तनपायिनी पोषयित्रीत्यर्थः। (ड.-सु.उ. 27/6), शिशु को स्तनपान कराने वाली एवं पोषण करने वाली स्त्री, a lactating lady who also brings up the child (other than child's own mother)

धानक dhānaka

माषकस्यपर्यायो हेमोधानकश्च। (अ.सं.क. 8), परिमाण, मान भेद, माष, (एक माशा) का पर्याय धानक है, a synonym of weighing unit called masha i.e. 1 gram

धान dhāna

धाना भृष्टयवाः। (चक्र.-च.सू. 27/267), भूना हुआ यव अथवा जौ धान कहलाता है, roasted barley

धान्य dhānya

आहारद्रव्य, शूकधान्यं शिम्बीधान्यं शाल्यादिसर्षपान्तम्। (च.सू. 27/6), (सु.सू. 46/4-52), चावल, दाल आदि धान्य पदार्थ, grains, the cereals

धान्यमाष dhānyamāṣa
तद्द्वयं धान्यमाष इति तण्डुलद्वयं धान्यमाषो भवेत्। (चक्र.-च.क. 12/88), दो तण्डुल, एक धान्यमाष के बराबर होता है, a unit of measurement weighing 2 rice grains, 15 mg approximately

धान्ययूष dhānyayūṣa
धान्ययूषमिति धान्यप्रधानं यूषं यथोक्तमेव। (चक्र.-च.चि. 19/35), धान्य प्रधान यूष को धान्य यूष कहा गया है, rice gruel

धान्याभ्रक dhānyābhraka
चूर्णाभ्रं शालिसंयुक्तं वस्त्रबद्धं हि काञ्जिके, निर्यात मर्दनाद्वस्त्राद्धान्याभ्रमिति कथ्यते। (र.र.स. 2/21), अभ्रक चूर्ण को शालिधान्य के साथ मिलाकर तथा मोटे कपडे से बांधकर कांजी के साथ मर्दन करने से अभ्रक का बाहर निकला बारीक चूर्ण धान्याभ्रक कहलाता है, processed mica (in sour vinegar and cereals)

धान्याम्ल dhānyāmla
धान्याम्लं काञ्जिकम्। (सु.सू. 45/214), कांजी, a sour liquid recipe prepared by fermentation of cereals, sour vinegar

धान्वन dhānvana
सकषायं हिमं स्वादु धान्वनं कफवातजित्। (सु.सू. 46/170), मरु प्रदेश में होने वाला फल, a type of fruit which grows in desert or waterless areas

धान्वप्रातुदवैष्किर dhānvaprātudavaiṣkira
धान्वप्रातुदवैष्किरमिति वसामज्जविशेषणम्। (चक्र.-च.चि. 29/74), इससे वसा एवं मज्जा की विशेषता को बताया गया है अर्थात् जांगल, विष्किर, एवं प्रतुद पक्षियों की वसा व मज्जा, जितना प्राप्त हो सके, डालकर स्नेह सिद्ध करना चाहिए, a dietary article prepared by fats of gallinaceous and pecker birds

धान्वबैलरस dhānvabailarasa
धान्वबैलरसैरिति धन्वजबिलेशयरसैः। (चक्र.-च.चि. 18/110), जांगल एवं बिल में रहने वाले प्राणियों के मांसरस को पिप्पली आदि द्रव्यों से संस्कारित कर प्रयोग करना, a liquid diet prepared by processing the meat juice of wild animals and creatures living in burrows

धापयन्त dhāpayanta
धापयन्तीं पाययन्तीम्। (ड.-सु.चि. 24/92), गाय द्वारा बछड़े को दुग्ध पिलाना, to feed the calf with milk

धाम dhāma
शारीरं तेजः। (हे.-अ.हृ.सू. 7/76), शरीर का तेज, body lusture

धारण dhāraṇa
1. स्तम्भः। (अरु.-अ.हृ.सू. 7/52), स्तम्भैरागारमिव। (हे.-अ.हृ.सू. 7/52), जिस प्रकार घर में स्तम्भ धारण करते हैं, holding 2. वेगधारण। (च.सू. 7), मल मूत्रादि वेग धारण, suppression of natural urges 3. गृहीतस्योत्तरकालस्मरणं धारणम्। (चक्र.-च.सू. 29/7), गृहीत विषयों का बाद के काल में याद रहना धारण कहलाता है या ग्रहण किये गये विषयों का बाद में स्मरण करना धारण कहलाता है, retention

25—4 Min. of HRD/2016

धारि dhāri
धारयति शरीरं पूतितां गन्तुं न ददातीति धारि। (चक्र.-च.सू. 1/42), जो शरीर को सड़ने न दे, उसे धारि कहते हैं, यह आत्मा का पर्यायवाची है, which supports the body by preventing its decay, synonym of 'atma'

धार्तराष्ट्र dhārtarāṣṭra
धार्तराष्ट्रचकोराणां दक्षाणां शिखिनामपि। (च.सू. 27/85), पक्षी, हंस का एक भेद, a bird resembling swan, a type of a swan

धावन dhāvana
1. धावनं तु पार्श्वतो गमनम्। (चक्र.-च.इ. 3/4), पार्श्व में चलना, दौड़ना, running 2. धावने प्रक्षालने। (ड.-सु.चि. 22/31), प्रक्षालन (दन्त धावन), चलदन्त की चिकित्सा के संदर्भ में, washing

धीतीका dhītikā
धीतीका शुष्कगोमयादिकृतोऽग्न्याश्रयविशेषः। (चक्र.-च.सू. 14/61), धीतीका एक प्रकार की अंगीठी है, जिसमें सूखे गोबर के उपले जलाए जाते हैं, an oven where fire is produced by burning cowdung cakes

धीमान dhīmāna
अनुक्तदुरुक्तोहापोहलक्षणबुद्धियुक्तः। (ड.-सु.सू. 34/20), न कहे गए तथा असत्य कहे गए स्थलों को ऊहापोह की बुद्धि द्वारा निश्चित करने वाला, the person who has decisive knowledge pertaining to right or wrong

धुन्वन dhunvana
धुन्वन् विक्षिपन्। (ड.-सु.उ. 61/13), विक्षेप, convulsions

धूपिताम्बर dhūpitāmbara
धूपिताम्बरः अगुर्वादिधूपितवस्त्रः। अगुरु आदि से धूपित वस्त्र, fomented clothes

धूप्यते dhūpyate
धूममिवोद्वमति। (चक्र.-च.सू. 18/7-2), धुंए जैसी डकार का आना, belching with feeling as smoke

धूमक dhūmaka
धूमकः धूमोद्वमनमिव। (चक्र.-च.सू. 20/14), मुख से धुएं की तरह वमन होना, अथवा डकार में धुएं जैसी गंध का निकलना धूमक है, hot eructations

धूमदर्शी dhūmadarśī
शोकज्वरायासशिरोभितापैरभ्याहता यस्य नरस्य दृष्टिः। सधूमकान् पश्यति सर्वभावांस्तं धूमदर्शीति वदन्ति रोगम्।। (सु.उ. 7/39), शोक, ज्वर, परिश्रम एवं शिरोसंताप से जिस व्यक्ति की दृष्टि प्रभावित हो जाती है, वह सभी वस्तुओं को धुएं से ढंका देखता है, इसे धूमदर्शी कहते हैं, नेत्रगत साध्य दृष्टिरोग, smoky vision

धूमवर्ति dhūmavarti
यच्च नावनिकं तैलं याश्च प्राग्धूमवर्तयः। मात्राशितीये निर्दिष्टाः प्रयोज्यास्ता ज्वरेष्वपि।। (च.चि. 3/255), शिरोविरेचन हेतु प्रयुक्त धूमवर्तिका, धूमदण्डिका, a medicated smoke wick, a medicated cigar

धूमवेध

dhūmavedha

वह्नौ धूमायमानेऽन्तःप्रक्षिप्तरस धूमतः। स्वर्णाद्यापादनं लोहे धूमवेधः स उच्यते।। (रसे.चू. 4/110), (र.र.स. 8/94), अग्नि पर स्थित मूषा में कुछ पारद छोड़ने से जब उससे पारद का धुंआ दिखाई देने लगे, तब मूषा में किसी धातु को द्रवित करें और उसमें संस्कृत पारद को डालकर उस धुंये के संयोग से जब धातु को स्वर्ण रजतादि रूप का बनाया जाता है, तो उसे धूमवेध कहते हैं, contact of mercury fumes to a metal to change its lusture to golden colour

धूमसी

dhūmasī

माषाणां दालयस्तोयेस्थापितास्त्यक्तकञ्चुकाः। आतपे शोषिता यन्त्रे पिष्टास्ता धूमसी स्मृता।। (भा.प्र.नि. कृतान्न. 37), उड़द की दाल को प्रथम जल में भिगो दें, तत्पश्चात् उसके छिलके को निकालकर उसे धूप में डाल कर सूखा दें, सूखने के बाद चक्की में पीस कर आटा तैयार कर लें, इसी को धूआंस कहते हैं, flour of peeled black gram

धूमायन

dhūmāyana

धूमायनं धूमोद्वमनमिवाङ्गानाम्। (ड.-सु.सू. 22/11), धूमोपहतस्येव, 'धूमोद्व-ग्मिवाङ्गानम्' इत्येके। (ड.-सु.नि. 5/8), धुएं के समान वमन की प्रतीति, smoky belching

धूमिका

dhūmikā

धूमिका मधुहा चेति प्रसहा मृगपक्षिणः। (अ.हृ.सू. 6/50), धूमिका धूम्याटः। (हे.-अ.हृ.सू. 6/50), एक प्रतुद पक्षी, a type of pecker bird

धूमोद्गार

dhūmodgāra

यथामुक्तं भवेदामे धूमोद्गारौ विदाहिनि। सश्लेष्मणि गुरुत्वं तु रसशेषे तु हृद्द्रवः।। (का.सं.सू. उपकल्पनीय अध्याय), विदग्धाजीर्ण में धुएं के समान उद्गार (डकार) आना, smoky belching

धूमोपहत

dhūmopahata

श्वसिति क्षौति चात्यर्थमप्याधमति कासते। चक्षुशो परिदाहश्च रागश्चैवोपजयते। सधूमकं निश्वसिति घ्रेयमन्यन्न वेत्ति च। तथैव च रसान् सर्वान् श्रुतिश्चास्योपहन्यते। तृष्णादाहज्वरयुतः सीदत्यथ च मूर्च्छति। धूमोपहत इत्येषः। (सु.सू. 12/29-32), धुँए से पीड़ित मनुष्य को श्वास में कठिनाई होती है, वह छींकता हैं, आँखों में लाली और पीलापन होता है, अन्य गन्ध नहीं अनुभव करता, स्वाद का ज्ञान भी नष्ट हो जाता है, सुनाई नहीं देता, तृष्णा, दाह, ज्वर युक्त होकर मूर्च्छित हो जाता है, smoke asphyxiation, the person affected by smoke has difficulty in breathing, he hiccups, he has burning eyes, he looses sense of smell and taste, he does not listen, he becomes unconscions due to thirst, there is burning sensation and fever

धृति

dhṛti

धृतिः मनसोऽचाञ्चल्यम्। (चक्र.-च.सू. 18/51), मन का चंचल न होना, stability of mind

धेनुका

dhenukā

प्रदेशस्य बहुशोऽवघट्टनादारोहद्व्यथा मुहुर्मुहुः शोषितस्रावा धेनुका। (सु.शा. 8/19), सिरा प्रदेश के ऊपर कई बार प्रहार ताड़न करने से अनेक विद्ध व्रण होने के कारण जिस सिरा से बार-बार रक्त का स्राव होता है उसे धेनुका कहते हैं, an improper type of phlebotomy which is caused by multiple/successive incisons and characterised by bleeding off and on

धैर्य

dhairya

धैर्यमनुन्नतिश्चेतसः। (चक्र.-च.सू. 1/58), मन का स्थिर रहना धैर्य कहलाता है, विचलितता का अभाव धैर्य है, stability of the mind, patience

धौत

dhouta

भूभुजङ्गशकृत्तोयैः प्रक्षाल्यापहृतं रजः, कृष्णवर्ण हि तत्प्रोक्तं धौताख्यं रसवादिभिः। (रसे.चू. 4/72), (र.र.स. 8/45), केंचुओं की विष्ठा को जल में बार-बार धोने से जो कृष्णवर्ण का द्रव्य प्राप्त होता है, उसको रसवादी 'धौत' कहते हैं, a blackish powder obtained after repeated wash of faeces of earthworm

धौतगुड

dhoutaguḍa

धौतः स्वल्पमल इति मलावसेकेन धौतोऽल्पमलो भवति, तेनाल्पक्रिम्यादिर्भवतीति भावः। तत इति धौतगुडात्। (चक्र.-च.सू. 27/239), धौतगुड़ (थोडे मल वाला गुड़) अर्थात् गुड़ के मल को निकाल देने से धौत गुड़ अल्प मल वाला हो जाता है, धौतगुड़ अल्पमल वाला होने से इससे कृमि रोग आदि अल्प होते हैं, यह भाव प्रकट होता है, cleaned jaggery, jaggery devoid of dirt

धौम्य

dhoumya

काङ्कायनः कैकशेयो धौम्यो मारीचकाश्यपौ। (च.सू. 1/12), धौम्य ऋषि, ऋषि का नाम, a name of a sage, a saint

ध्मापन

dhmāpana

ध्मापनं तद्धि देहस्रोतोविशोधनमिति वचनाद् ध्मापनं शिरोविरेचनप्रयोजनकमेवेति दर्शयति। (चक्र.-च.सि. 9/89), नस्य का भेद, औषध चूर्ण का नासा में धमन, ध्मापन शिरोविरेचन के ही प्रयोजन को सिद्ध करता है, insufflation of medicine into the nasal cavity

ध्यानचक्षु

dhyānacakṣu

ध्यानं समाधिविशेषः, तदुपलब्धिसाधनत्वाच्चक्षुरिव ध्यानचक्षुः। (चक्र.-च.सू. 1/17), ध्यान समाधि की एक अवस्था विशेष है, इसमें चक्षुवत् उपलब्धि होने के कारण इसे ध्यानचक्षु कहते हैं, meditation is a state of samadhi, in this state, knowledge is acquired, though there is no direct involvement of senses, the knowledge acquired is called dhyanchakshu, as it is the initiative sense faculty

ध्वंशी

dhvaṁśī

ध्वंशी त्रसरेणुकं वदन्ति; अन्ये तु ध्वंशी धूलिमाहुः। (चक्र.-च.क. 12/87), ध्वंशी को त्रसरेणुक कहते हैं, अन्य आचार्य ध्वंशी से धूल के उड़ते हुए कण का ग्रहण करते हैं, mote, dust particle seen in sunbeam, a unit of measurement

ध्वंसक dhvaṃsaka
श्लेष्मप्रसेकः कण्ठास्यशोषः शब्दासहिष्णुता। तन्द्रानिद्रातियोगाश्च ज्ञेयं ध्वंसकलक्षणम्।। (च.चि. 24/201), श्लेष्म प्रसेक, गले एवं मुख का सूखना, शब्द की असहिष्णुता, अत्यधिक निद्रा एवं तन्द्रा का आना, ये सभी लक्षण ध्वसंक रोग में पाए जाते हैं, मद्यपान जनित विकार, a clinical condition manifests because of alcohol intake

नकुलान्ध nakulāndha
चित्राणि रूपाणि दिवा स पश्येत्, रात्रौ न पश्यति। (ड.-सु.उ. 7/40), त्रिदोषज नेत्ररोग, नकुल के समान दृष्टि, दिन में विभिन्न रूपों का दर्शन एवं रात्रि में देखने की असमर्थता, night blindness

नक्त nakta
निशिः। (अ.हृ.सू. 2/47), रात्रि, night

नक्तक naktaka
कर्पटावयवः। (चक्र.-च.सू. 14/11), जीर्ण या फटा हुआ वस्त्र, torn clothes

नक्तान्ध्य naktāndhya
कफविदग्धदृष्टि लक्षण, रात्रि अन्धता होना। (सु.उ. 7/38), night blindness

नक्र nakra
मत्स्य भेदः, घडियाल इति लोके। (ड.-सु.चि. 26/26), घडियाल, crocodile

नक्राण्ड nakrāṇḍa
नक्रस्याण्डम्। (च.चि. 2(2)/28), नक्र के अण्ड, यह वृष्य होते हैं, testes of crocodile

नखभेद nakhabheda
कुनखः। (गंगा.-च.सू. 20/11), नखभङ्ग, brittle nails

नखर nakhara
नखम्। (च.चि. 10/38) नख, एक उपांग, nail

नखाद nakhāda
शोणितज कृमि। (सु.उ. 54/15), रक्तज कृमि, a worm

नग naga
1. न गच्छति अवशीर्यते दृढमूलत्वादिति नगः। (ड.-सु.उ. 60/16), दृढमूल होने के कारण नष्ट न होने वाला वृक्ष, a tree 2. पर्वतः। (ड.-सु.क. 5/76), पर्वत, mountain

नग्नजीव nagnajiva
पुत्रोत्पत्ति हेतु प्रयुक्त एक औषधि। (अ.सं.शा. 1/61), a herb

नत nata
अवनतम्। नीचे की ओर झुका हुआ, bending

नद nada
सिन्धुशोणादिः। (ड.-सु.सू. 45/4), सिन्धु एवं ब्रह्मपुत्र आदि बड़ी नदियां, very large rivers

नन्द nanda
दिव्यसर्पः। (अ.सं.उ. 41), दिव्य सर्प, celestial snakes

नन्दन nandana
1. स्थावरविष, विषवृक्षोऽयम् अस्य फलं त्वक् सारो निर्यासश्च विषमयः। (सु.क. 2/5), स्थावर विषवृक्ष, इसके फल, त्वक्सार और निर्यास विषाक्त होते हैं, a poisonous tree whose fruit, bark and extract are poisonous 2. आह्लादकरम्, हर्षकरम्। (च.सू. 30/15), प्रसन्नता कारक, exhiliarating

नन्दी nandī
तुण्डेरिका। (अरु.-अ.हृ.सू. 6/92), वट

नन्द्यास्य nandyāsya
नन्दीमुखः आटीभेद। (अ.हृ.सू. 7/81), जलचर पक्षी, आटी पक्षी का एक भेद, an aquatic animal

नपुंसक napuṃsaka
तत्रशुक्रबाहुल्यात् पुमान्, आर्तवबाहुल्यात् स्त्री, साम्यादुभयोर्नपुंसकमिति। (सु.शा. 3/5), शुक्र और आर्तव की समान मात्रा के संयोग से होने वाला गर्भ, conceptus formed by equal quantity of shukra and artava which grows into a body neutral gender, a hermaphrodite

नभस्यप्रथम nabhasyaprathama
नभस्यस्यभाद्रस्य प्रथमः श्रावणः। (चक्र.-च.सू. 7/46), श्रावणमाह, month of shravana

नयनप्लव nayanaplava
नयनयोरश्रुपूर्णता। (ड.-सु.उ. 39/25), नेत्रों में अश्रु का भरना, tears

नलकास्थि nalakāsthi
शाखास्थि। (ड.-सु.नि. 15/16), नलकवदस्थि। (सु.शा. 5/20), नलक के आकार की अस्थि, हाथ पैर में पाई जाने वाली अस्थि, tubular/long bone

नलिन nalina
नलिनं श्वेतमष्टदलपद्मम्। (चक्र.-च.सू. 25/49), श्वेत रंग के अष्ट दल वाले कमल को नलिन कहा गया है, white lotus with 8 petals

नल्वण nalvaṇa
द्रोणः। (च.क. 12/95), मान का एक भेद, द्रोण का पर्यायवाची, a measurement of weight

नवजात navajāta
जन्म से चार सप्ताह की आयु का शिशु, newborn, neonate

नवनीतपिष्टि navanītapiṣṭi
अर्कांशतुल्याद्रसतोऽथ गन्धान्निष्कार्ध तुल्यात्त्रुटिशोऽभिखल्ले, अर्कातपे तीव्रतरे विमर्दयात् पिष्टी भवेत्सानवनीतरूप्ना।। (र.र.स. 8/7), शुद्धगन्धक अर्धनिष्क एवं शुद्ध पारद, गन्धक की अपेक्षा अर्कांश (12वां भाग) लेकर दोनों को खरल में डालकर तेज धूप में तब तक दृढ मर्दन करें जब तक कि इसकी नवनीत समान पिष्टि न बन जाये, यह नवनीतपिष्टि या रसपिष्टि कहलाती है, a butter like paste formed by triturating mercury and sulphur in sunlight

नवनीताभ्रक
navanītābhraka
धान्याभ्रक: नवनीताभ्रक। (आ.प्र. 178), नवनीताभ्रक, संस्कारित अभ्रक को कहते हैं, processed mica

नस्य
nasya
औषधमौषधसिद्धो वा स्नेहो नासिकाभ्यां दीयत इति नस्यम्। (सु.चि. 40/21), किसी औषध या औषधसिद्ध स्नेह को नासिकामार्ग से देने को नस्य कहते हैं, nasal insufflation

नागसम्भूतचपल
nāgasambhūtacapala
त्रिंशत्पलमितं भागं भानु दुग्धेन मर्दितं विमर्द्यं पुटयेत्तावद्यावत कर्षावशेषितं न तत्पटु सहस्रेण क्षयामायाति सर्वदा। चपलोऽयं समुद्दिष्टो वार्तिकै नागसम्भव:।। (रसेन्द्र चूडामणि 4/54-56), नागभस्म तीस पल लेकर मदार के दूध के साथ मर्दन कर पुट दें, इस प्रकार तब तक पुट दें जब तक वह कर्ष शेष रह जाय, वह हजारों पुट देने पर भी कभी नष्ट नहीं होता है, उसी को नागसम्भूत चपल कहते हैं, 30 palas of lead rubbed with arkadugdha within two earthen lids, subjected to heating treatment is called puta paka, arka dugdha bhavana and putapaka is repeated till it remains to one karsha quantity, which will not loose its weight even after 1000 put, then it is known nagasambhuta chapala

नागोदर
nāgodara
तमेव वाताभिपन्नमेव, पुन: पुनरनया वृत्या प्रविलीयमानमल्पीभवन्तं नागोदरमिति ब्रुवते। (ड.-सु.शा. 10/57), हाथी (नाग) के समान उदर, जिसमें गर्भ की वृद्धि, उदर की वृद्धि के परिप्रेक्ष्य में कम होती है, आधुनिक मतानुसार इसका कारण गर्भोदक की वृद्धि है, distended abdomen like that of an elephant, where the fetal growth is comparatively less than enlargement of abdomen, according to modern medicine this condition is due to increased amniotic fluid

नाडी
nāḍī
1. ताम्रादिरचितनलिकाम्। (ड.-सु.सू. 27/17), नलिका, नली, a tube 2. दन्तनाडी। (सु.चि. 22/26), दंत में होने वाला नाड़ीव्रण, dental sinus 3. नाडीव यद्वहति तेन मता तु नाडी; येन हेतुना नाडीवत् प्रणालीवत् वहति याति तेन हेतुना नाडी मतेत्यर्थ:। (ड.-सु.नि. 10/10), नाडीव्रण, a sinus

नाडीयन्त्र
nāḍīyantra
नाडीवन्मध्यच्छिद्राणि। (ड.-सु.सू. 7/13), नाड़ी के समान मध्य में खोखला स्थान युक्त यन्त्र, नलिकाकार यन्त्र, एक या दो ओर मुख, tubular instrumants, endoscopes

नानात्मज
nānātmaja
नानात्मज इति ये वातादिभिर्दोषान्तरासंपृक्तैर्जन्यन्ते। (चक्र.-च.सू. 20/10), नानात्मजा: सर्वे इति दोषान्तरासंपृक्तदोषजन्या उक्ता:। (चक्र.-च.सू. 20/24), नानात्मज=न+आत्मज अर्थात् जिसका स्वरूप आत्मज हो, अर्थात् एक दोष से उत्पन्न हो, स्वतंत्र रूप से एक दोष से उत्पन्न होने वाला, that manifests without combination of doshas

नाभि
nābhi
1. चक्रस्य मध्यभाग:। (सु.शा. 7/5), पहिये का मध्यभाग, centre of a circle 2. नाभि, umbilicus

नामकर्म
nāmakarma
नामकरण संस्कार। (च.शा. 8/50), शिशु के नामकरण के समय किये जाने वाले होमकर्म, naming ceremony

नाल
nāla
नाभिनाल:। (अ.सं.शा. 3), नाभिनाल, umbilical cord

नासा
nāsā
नासिका। (सु.शा. 5/4), nose

नासानाह
nāsānāha
नासाप्रतिनाह:। (सु.उ. 23/9), उदानवायु कफ से आवृत होकर नासाश्रित होकर प्रतीनाह उत्पन्न करती है, nasal obstruction

नासापरिशोष
nāsāpariśoṣa
नासागत रोग, नासागत कफ, वायु पित्त से अवशोषित होकर ऊर्ध्व एवं अध: श्वास में कष्ट उत्पन्न करता है। (सु.उ. 22/17), dry nose syndrome, rhinitis sicca

नास्तिक
nāstika
नास्ति पुनर्भवो नास्ति कर्मफलं नास्त्यात्मेत्यादिनास्तिना प्रचरतीति नास्तिक:। (चक्र.-च.सू. 11/6), तस्मान्नास्ति परलोक इति नास्तिकाभिप्राय:। (चक्र.-च.सू. 11/6), जो पुनर्जन्म, कर्मफल, आत्मा आदि की सत्ता को नहीं स्वीकार करते हैं, उन्हें 'नास्तिक' कहा जाता है, परलोक इत्यादि नहीं होते, ऐसा आग्रह रखने वाले 'नास्तिक' कहे जाते हैं, heterodox, one who does not belive in rebirth, results of action, the soul, one who does not belive in the world beyond this world

निगमन
nigamana
निगमनं हेतुसाधितसाध्यधर्मकथनं, यथा- तस्मादग्निमानिति। (चक्र.-च.सू. 30/18), हेतु, जो साधित साध्यधर्म का कथन हो, उसे निगमन कहा जाता है, या हेतु द्वारा सिद्ध धर्म का कथन अथवा पक्ष को साध्य युक्त जान लेना 'निगमन' कहलाता है, उदा. इस कारण यह अग्निमान है, reasonable exposition

निग्रह
nigraha
अप्रवृत्ति। (च.सू. 16/8), रुक जाना, stasis

निचित
nicita
निचित: संचितो वसन्तपूर्वकाले। (चक्र.-च.सू. 6/22), पूर्वकाल में संचित दोष को निचित कहते हैं जैसे बसन्त के पहले हेमन्त में कफ का संचय होना, earlier accumulated dosha, for example accumulation of kapha in hemanta

नित्यग
nityaga
नित्यं शरीरस्य क्षणिकत्वेन गच्छतीति नित्यग:। (चक्र.-च.सू. 1/42), जो प्रतिक्षण शीर्यमाण शरीर को निरन्तर बनाए रखता है, उसे नित्यग कहते हैं,

(इसका सन्दर्भ आत्मा से है), which preserves the body that undergoes decay at every moment

निदान
nidāna
निदानं कारणमित्युक्तम्। (च.नि. 1/7), निदानं कारणमिहोच्यते, तच्चेह व्याधिजनकं व्याधिबोधकं च सामान्येनोच्यते। (चक्र.-च.नि. 1/1-2), सेतिकर्त्तव्यताको रोगोत्पादकहेतुर्निदानम्। (मधु.-मा.नि.), रोग का कारण, निदान का अर्थ है व्याधि को उत्पन्न करने वाला, निदान का तात्पर्य व्याधिजनक हेतु के अतिरिक्त व्याधि का ज्ञान कराने वाले साधन जैसे पूर्वरूप, रूप, उपशय, एवं संप्राप्ति आदि से भी लिया गया है, कर्तव्य की अनेकताओं से युक्त अर्थात् दोष प्रकोपणादि अनेक कार्यों को करते हुये जो रोगों को उत्पन्न करता है, वह निदान है, etiological factor, causative factors, diagnostic features

निदानपरिवर्जन
nidānaparivarjana
निदानानां दोषकारकहेतूनां रोगकारकहेतूनां च सर्वतो वर्जनम्। (ड.-सु.उ. 1/25), जिन कारणों से दोषों की वृद्धि एवं रोगों की उत्पत्ति होती है, उनका परित्याग करना, avoidance of disease causing factors

निदानार्थकर
nidānārthakara
निदानस्यार्थः प्रयोजनं व्याधिजननं, तत् करोतीति निदानार्थकरः। (चक्र.-च.नि. 8/16), एक रोग जब दूसरे रोग को उत्पन्न करता है तो उसे निदानार्थकर रोग कहते हैं, disease as a causative factor

निद्रा
nidrā
यदा तु मनसि क्लान्ते कर्मात्मानः क्लमान्विता, विषयेभ्यो निवर्तन्ते तदा स्वपिति मानवः। (च.सू. 21/35), समस्त इन्द्रियाँ अपने अपने विषयों से निवृत्त हो जाती हैं, मन के थकने पर मानव सो जाता है, नींद आना, sleep

निद्रानाश
nidrānāśa
निद्रा न आना। (च.सू. 16/14), insomnia

निद्राल्पता
nidrālpatā
स्वल्पनिद्रत्वम्। (मा.नि.), निद्राहानि, disturbed or less sleep

निपात
nipāta
निपात इति रसनायोगे। (चक्र.-च.सू. 26/66), जिह्वा के साथ संयोग होना, contact with tongue

निभृत
nibhṛta
निभृतामिति विनीताम्। (चक्र.-च.शा. 8/52), विनयशील, विनम्र, quiet, humble

निमित्त
nimitta
1. कारण। (सु.चि. 34/3), हेतु, कारण, etiological factor 2. शकुन, चिह्न। (च.इ. 12/21), शकुन, omen

निमिष
nimiṣa
वातज, असाध्य नेत्ररोग। (सु.उ. 1/29), frequent blinking

निमेष
nimeṣa
निमीलनम्। (ड.-सु.शा. 1/17), लघु उच्चारण में लगा समय। (सु.सू. 6/5), नेत्र की पलकों का बन्द होना, blinking of eye

नियन्ता
niyantā
नियन्ता अनीप्सिते विषये प्रवर्तमानस्य मनसः। (चक्र.-च.सू. 12/8), नियन्ता नियमनकर्ता द्विष्टाद्रव्यादिति। (शिव.-च.सू. 12/8), अनिच्छित विषयों में मन की प्रवृत्ति को रोकने वाला नियन्ता कहा गया है, restrainer, that restrains the mind from wandering on unwanted subjects

नियामन
niyāmana
रोधनाल्लब्धवीर्यस्य चपलत्वनिवृत्तये। क्रियते पारदे स्वेदः प्रोक्तं नियमनं हि तत्।। (र.र.स. 8/69), रोधन संस्कार से प्राप्त वीर्य से पारद में उत्पन्न चंचलता को निवृत्त करने के लिये पारद का स्वेदन किया जाता है, इसे नियामन संस्कार कहते हैं, boiling of mercury to remove its excessive mobility

नियुद्ध
niyuddha
बाहुयुद्धम्। (ड.-सु.उ. 64/38), बाहुयुद्ध, wrestling

निरामज्वर
nirāmajvara
निरामश्चाप्यतः प्रोक्तो ज्वरः प्रायोष्टमोऽहनि। (मधु.-मा.नि. 2/65), सामान्यतः आठ दिन बाद ज्वर आमरहित होकर निराम हो जाता है, fever after 7 days

निराश्रय
nirāśraya
निराश्रयो मर्माद्यनाश्रितः। (ड.-सु.सू. 5/9), निराश्रय इति अङ्गुल्याऽवमर्दनेनोन्मूलिताशेषपूयाश्रयः। (हारा.-सु.सू. 5/9), मर्मादि का आश्रय न होना, आश्रित पूय आदि को अंगुलि से मर्दन करके न निकालने से शेष पूय आदि, area (anatomical site) free of marmas or vital sites, pus which is present, unexpelled by means of pressing with fingers

निरुत्थलौह
nirutthalauha
रौप्येण सह संयुक्तं ध्मात रौप्येण चेल्लगेत्। तदा निरुत्थमित्युक्तं लोहं तदपुनर्भवम्।। (र.र.स. 8/31), किसी धातु की भस्म को चांदी के पत्रों के साथ मूषा में रखकर धमन करने से उस भस्म का कुछ भी अंश यदि चांदी के साथ नहीं मिलता हो तो उसे निरुत्थ कहते हैं, calcined preparation that can not be revert back to its original form

निरूह
nirūha
शरीरारोहणाद्दोषनिर्हरणादचिन्त्यप्रभावतया यस्मिन्नूहासम्भवान्निरूहः। (अ.सं.सू. 28/6), शरीर रोहण, दोषनिर्हरण, अचिन्त्यप्रभाव करने वाली बस्ति निरूह बस्ति कहलाती है, evacuative decoction enema

निर्गन्ध मूर्च्छना
nirgandha mūrcchanā
निर्गन्धा च सगन्धा च मूर्च्छना द्विविधा मता। निर्गन्धा गन्धरहित सगन्धा गन्धायुता।। (र.त. 6/2), गन्धक रहित मूर्च्छना, a kind of murcchana without sulpher,

निर्घातन
nirghātana
निर्घातनं इतश्चेतश्च विचाल्य निर्हरणम्, इतश्चेतश्च घट्टनमित्येके। (ड.-सु.सू. 7/17), शल्यादि को चलाकर निकालना, घट्टन होना, mobilization

निर्घृणा
nirghṛṇā
